रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-03042023-244888
CG-DL-E-03042023-244888
xxxGIDExxx

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 1503] नई दिल्ली, शुक्रवार, मार्च 31, 2023/चैत्र 10, 1945
No. 1503] NEW DELHI, FRIDAY, MARCH 31, 2023/CHAITRA 10, 1945

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय

(वाणिज्य विभाग)

(विदेश व्यापार महानिदेशालय)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 31 मार्च, 2023

सं. 1/2023

का.आ. 1565(अ).—समय–समय पर यथा संशोधित विदेश व्यापार (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1992 (1992 की संख्या 22) की धारा 5 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्र सरकार एतत्द्वारा विदेश व्यापार नीति, 2023 को अधिसूचित करती है। यह विदेश व्यापार नीति दिनांक 1 अप्रैल, 2023 से लागू होगी।

इस अधिसूचना का प्रभावः विदेश व्यापार नीति, 2023 को एतत्द्वारा अधिसूचित किया जाता है।

[फा. सं. 01/75/171/00016/एएम-23/एफटीपी प्रकोष्ठ]

संतोष कुमार सारंगी, महानिदेशक विदेश व्यापार एवं
पदेन अपर सचिव

अध्याय–1

विधिक ढांचा और व्यापार सरलीकरण

क. विधिक ढांचा

1.00 विदेश व्यापार नीति का विधिक आधार

विदेश व्यापार नीति (एफटीपी) 2023 को यथा संशोधित विदेश व्यापार (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1992, (1992 की सं. 22) [एफटी (डीएण्डआर) अधिनियम] की धारा 5 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्र सरकार द्वारा अधिसूचित किया जाता है।

1.01 विदेश व्यापार नीति की अवधि

विदेश व्यापार नीति (एफटीपी) 2023 जिसमें माल और सेवाओं के निर्यात और आयात संबंधी प्रावधानों को शामिल किया गया है, दिनांक 1 अप्रैल, 2023 से लागू होगी तथा तब तक प्रचालन में जारी रहेगी, जब तक अन्यथा विनिर्दिष्ट या संशोधित न की जाए। दिनांक 31.03.2023 तक किए गए सभी निर्यात तथा आयात प्रासंगिक विदेश व्यापार नीति द्वारा तदनुसार शासित होंगे, जब तक अन्यथा विनिर्दिष्ट न किया जाए।

1.02 विदेश व्यापार नीति में संशोधन

केन्द्र सरकार समय–समय पर यथासंशोधित विदेश व्यापार (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1992 की धारा 3 और धारा 5 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जनहित में जारी अधिसूचना द्वारा विदेश व्यापार नीति में किसी भी प्रकार के संशोधन का अधिकार रखती है।

1.03 प्रक्रिया पुस्तक (एचबीपी) और परिशिष्ट एवं आयात निर्यात प्रपत्र (एएनएफ):

महानिदेशक, विदेश व्यापार (डीजीएफटी) विदेश व्यापार (विकास और विनियमन) अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए नियमों और आदेशों तथा विदेश व्यापार नीति के प्रावधानों में दिए गए प्रयोजनों के लिए, निर्यातक या आयातक या किसी लाइसेसिंग/क्षेत्रीय प्राधिकारी या अन्य किसी प्राधिकारी द्वारा अपनाई जाने वाली प्रक्रिया को निर्धारित करते हुए परिशिष्ट और आयात निर्यात प्रपत्र सहित प्रक्रिया पुस्तक अथवा उससे संबंधित संशोधन यदि कोई हो, को सार्वजनिक सूचना के द्वारा अधिसूचित कर सकते हैं।

1.04 सामान्य प्रावधान से अधिक महत्वपूर्ण विशिष्ट प्रावधान

जहाँ विशिष्ट प्रावधान का उल्लेख विदेश व्यापार नीति/प्रक्रिया पुस्तक (एचबीपी) में होगा, वहाँ यह सामान्य प्रावधान से अधिक महत्वपूर्ण होगा।

1.05 परिवर्ती व्यवस्था

(क) विदेश व्यापार नीति 2023 लागू होने से पहले जारी कोई भी लाइसेंस/प्राधिकार पत्र/प्रमाणपत्र/स्क्रिप/वित्तीय अथवा राजकोषीय लाभ प्रदान करने वाला साधन उस प्रयोजन और अवधि के लिए वैध बना रहेगा जिसके लिए इसे जारी किया गया था जब तक अन्यथा नियत न किया गया हो।

(ख) मद वार आयात/निर्यात नीति को आईटीसी (एचएस) की क्रमशः अनुसची I और अनुसूची II में वर्णित किया गया है। किसी विशेष मद का आयात/निर्यात किया जाना आयात/निर्यात करने की तिथि पर यथा लागू नीति द्वारा अधिशासित किया जाता है। आयात/निर्यात की तिथि को प्रक्रिया पुस्तक 2023 के पैरा 2.17 में परिभाषित किया गया है। लदान बिल और पोत–लदान बिल क्रमशः आयात और निर्यात की तिथि को निर्णीत करने वाले मुख्य दस्तावेज हैं। नीति के 'मुक्त' से प्रतिबंधित/निषिद्ध/राज्य व्यापार में परिवर्तित होने अथवा अन्यथा विनियमित किए जाने के मामले में ऐसे विनियमन/प्रतिबंध की तिथि से पहले ही किए गए आयात/निर्यात पर असर नहीं होगा। तथापि खुला समुद्री क्षेत्र बिक्री के माध्यम से आयात को इस सुविधा के अंतर्गत शामिल नहीं किया जाएगा। इसके अलावा ऐसे विनियमन/प्रतिबंध की तिथि को अथवा इसके पश्चात किया गया आयात/निर्यात ऐसे प्रतिबंध/विनियमन को लागू करने की तिथि से पूर्व अपरिवर्तनीय वाणिज्यिक साख पात्र (आईसीएलसी) के माध्यम से प्रतिबद्धता देने वाले आयातक/निर्यातक के लिए अनुमत होगा और आईसीएलसी में उपलब्ध बकाया मात्रा, मूल्य और समयावधि तक सीमित होगा। ऐसे आईसीएलसी के प्रचालनात्मक सूचीकरण हेतु आवेदक को ऐसे प्रतिबंध/विनियमन को लागू किए जाने के 15 दिनों के अंदर संबंधित क्षेत्राधिकार के क्षेत्रीय प्राधिकारी (आरए) के पास आईसीएलसी का पंजीकरण करना होगा जिसकी कम्पयूटरीकृत रसीद दी जाएगी। जब कभी सरकार किसी विशेष मद की नीति में परिवर्तन करती

है तो यह परिवर्तन उत्तरव्यापी प्रभाव (अधिसूचना की तिथि से) से लागू होगा जब तक कि अन्यथा व्यवस्था नहीं की गई हो।

ख. व्यापार सरलीकरण और व्यापार करने में सुगमता

1.06 राष्ट्रीय व्यापार सरलीकरण समिति (एनसीटीएफ)

भारत ने अप्रैल, 2016 में विश्व व्यापार संगठन के व्यापार सरलीकरण समझौते (टीएफए) का अनुसमर्थन किया है। टीएफए प्रावधानों के घरेलू समन्वयन और कार्यान्वयन को सुविधाजनक बनाने हेतु अन्तरमंत्रालयी निकाय अर्थात राष्ट्रीय व्यापार सरलीकरण समिति (एनसीटीएफ) का गठन किया गया है।

टीएफए निम्नलिखित चार स्तभों पर आधारित है:

i. पारदर्शिता: सटीक एवं संम्पूर्ण सूचना तक उन्नत अभिगम पर फोकस।

ii. प्रौद्योगिकी: व्यापार अवरोधों को दूर करने और कार्यक्षमता सुधारने हेतु डिजिटल और डिटेक्शन प्रौद्योगिकी का विकास और उपयोग।

iii. प्रक्रिया का सरलीकरण और जोखिम आधारित मूल्यांकन: बढ़े हुए पैमाने पर जोखिम आधारित प्रबंधन दृष्टिकोण अपनाकर, सरलीकृत, और सुमेलित प्रक्रियाएं।

iv. अवसंरचना संवर्धन: अवसंरचना में वृद्धि करना, विशेषकर पत्तनों की ओर जाने वाले सड़क और रेलवे अवरसंचना और पत्तनों के अंदर अवसंरचना, हवाई अड्डों, आईसीडी, स्थल सीमा शुल्क स्टेशन व्यापार में वृद्धि हेतु प्रमुख समर्थकर्ता है जो सभी हितधारकों को शामिल करता है।

निम्नलिखित लक्ष्यों को प्राप्त करना राष्ट्रीय व्यापार सरलीकरण कार्य योजना का उद्देश्य है:

- लेन–देन लागत और समय में कटौती के माध्यम से व्यापार करने में सुगमता रैंकिंग में सुधार
- कार्गो निकासी समय में कटौती
- कागजरहित विनियामक परिवेश
- पारदर्शी और पूर्वानुमेय कानूनी व्यवस्था
- बेहतर अवसंरचना के माध्यम से उन्नत निवश का माहौल

1.07 डीजीएफटी निर्यात/आयात हेतु सुविधा प्रदाता के रूप में

डीजीएफटी निर्यात और आयात के सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य करने हेतु प्रतिबद्ध है। सुशासन पर फोकस है जो दक्ष, पारदर्शी और जिम्मेदार डिलीवरी प्रणाली पर निर्भर करता है। अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार आसान बनाने के लिए विदेश व्यापार महानिदेशालय विभिन्न निर्यात संवर्धन परिषदों तथा व्यापार तथा उद्योग निकायों के साथ समय–समय पर परामर्श करता है।

1.08 निर्यात खेप हेतु मुक्त मार्ग

केन्द्रीय/राज्य सरकार के किसी अभिकरण द्वारा निर्यात हेतु वस्तुओं की खेप को किसी कारण से रोका/विलंबित नहीं किया जाएगा। किसी संदेह की स्थिति में संबंधित प्राधिकारी, निर्यातक से वचनबद्धता प्राप्त करके उस खेप को रिलीज कर सकता है।

1.09 निर्यात से संबंधित स्टॉक की जब्ती नहीं

किसी अभिकरण द्वारा कोई जब्ती नहीं की जाएगी ताकि विनिर्माण कार्यकलाप बाधित न हो और निर्धारित डिलीवरी को रोका न जाए। अपवादात्मक मामलों में संबंधित अभिकरण गंभीर अनियमितता के प्रथम दृष्टया साक्ष्य के आधार पर स्टाक को जब्त कर सकती है। तथापि, ऐसी जब्ती को अनियमिताओं के साबित न होने पर 7 दिनों के अंदर छोड़ दिया जाना चाहिए।

1.10 नाशवान कृषि उत्पादों का निर्यात

लेन–देन और हैन्डलिंग लागत को कम करने के लिए नाशवान कृषि उत्पाद के निर्यात को सुविधाजनक बनाने के लिए कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) के माध्यम से सिंगल विन्डोसिस्टम की सुविधा प्रदान की जा रही विस्तृत प्रक्रिया परिशिष्ट 1ग पर है।

1.11 निर्यात बंधु–नए निर्यात/आयात उद्यमियों के लिए हैन्ड होल्डिंग स्कीम

विदेश व्यापार महानिदेशालय परामर्श, प्रशिक्षण औरर आउटरीच कार्यक्रमों जिसमें वाइब्रेंट जिला–उत्पाद–बाजार संबंधित ज्ञान पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण हेतु 'उद्योग साझोदारों', 'ज्ञान साझेदारों' और अन्य हितधारकों के साथ निर्यात हब के रूप में जिला पहल शामिल है, के माध्यम से विदेश व्यापार की जटिलताओं के बारे में नए और संभावित निर्यातक को परामर्श देने के लिए निर्यात बंधु स्कीम कार्यान्वित कर रहा है।

1.12 डीजीएफटी ऑनलाइन ग्राहक पोर्टल

निर्यात आयात से संबंधित सूचना जिसमें उसके अधिनियम, नियम, नीति और प्रक्रिया आदि शामिल हैं वे ऑनलाइन डीजीएफटी पोर्टल https://dgft.gov.in/ पर उपलब्ध है।

1.13 ईआईईसी (इलेक्ट्रानिक.आयातक निर्यातक कोड) जारी करना

इस नीति के पैरा 2.05 में यथा वर्णित भारत से/में निर्यात/आयात के लिए आयातक निर्यातक कोड (आईईसी) अनिवार्य है। विदेश व्यापार महानिदेशालय इलेक्ट्रानिक फॉर्म में आयातक निर्यातक कोड (ई–आईईसी) जारी करता है। ई–आईईसी को जारी करने हेतु डीजीएफटी की वेबसाईट (https://dgft.gov.in/.) पर आवेदन किया जा सकता है।

1.14 ई–आरसीएमसी/आरसी संबंधित प्रक्रियाओं हेतु ऑनलाइन सुविधा

डीजीएफटी ने प्रक्रिया पुस्तक के अध्याय 2 के अनुसार पंजीकरण प्राधिकारियों द्वारा इलेक्ट्रानिक रूप में जारी किए गए पंजीकरण सह सदस्यता प्रमाण पत्र (आरसीएमसी)/पंजीकरण प्रमाण पत्र (आरसी) से संबंधित जारी करने, नवीनीकरण करने, संशोधन करने से संबंधित आवेदन और संबंधित प्रक्रियाओं हेतु समान डिजिटल प्लेटफार्म का सृजन किया है।

1.15 उद्गम के ई–प्रमाण पत्र (ई–सीओओ) हेतु ऑनलाइन सुविधा

डीजीएफटी ने नामित एजेंसियों द्वारा तरजीही और गैर तरजीही उद्गम प्रमाण पत्र (ई–सीओओ) जारी करने हेतु समान डिजिटल प्लेटफार्म का सृजन किया है। सीओओ प्रमाणपत्रों को बिना किसी भौतिक इंटरफेस (www.coo.dgft.gov.in) के ऑनलाइन परिवेश में जारी किया जाता है।

एक विशिष्ट संख्या अर्थात यूडीआईएन (विशिष्ट दस्तावेज पहचान संख्या) और क्यूआर कोड प्रयोक्ता एजेंसियों द्वारा वैधीकरण और प्रमाणीकरण हेतु प्रत्येक ई–सीओओ पर पृष्ठांकित है।

1.16 गुणवत्ता नियंत्रण और व्यापार विवादों (क्यूसीटीडी) को फाइल करने हेतु ऑनलाइन सुविधा

डीजीएफटी ने विदेश व्यापार नीति के अध्याय 8 के अनुसार गुणवत्ता नियंत्रण और व्यापार विवादों के मामलों की हैन्डलिंग हेतु समान डिजिटल प्लेटफार्म का सृजन किया है, जहां क्षेत्राधिकार प्राप्त विदेश में स्थित भारतीय मिशन (आईएमए) और डीजीएफटी के क्षेत्रीय प्राधिकारियों को ऑनलाइन परिवेश में भारतीय/विदेशी आयातक/निर्यातक द्वारा उठाए गए विवादों का सौहार्द्रपूर्ण हल निकालने की दिशा में कार्य करने के लिए आनबोर्ड किया गया है।

1.17 ईबीआरसी और ईडीपीएमएस के माध्यम से निर्यात आय का इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड

(क) ई–बीआरसी (इलेक्ट्रॉनिक बैंक वसूली प्रमाणपत्र) ने डीजीएफटी को सुरक्षित इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से सीधे बैंकों से निर्यात आय की वसूली के विवरण प्राप्त करने में सक्षम बनाया है। इसने हितधारकों के साथ बिना किसी वास्तविक संपक्र के विभिन्न निर्यात प्रोत्साहन योजनाओं के कार्यान्वयन की सुविधा प्रदान की है।

(ख) आरबीआई ने माल और सॉफ्टवेयर के निर्यात की निगरानी और एडी बैंकों को सिंगल प्लेटफॉर्म के माध्यम से विभिन्न रिटर्नों की रिपोर्ट करने की सुविधा के लिए निर्यात डेटा प्रोसेसिंग और निगरानी प्रणाली (ईडीपीएमएस) नामक एक व्यापक आईटी–आधारित प्रणाली भी विकसित की है। डीजीएफटी आईटी सिस्टम में उपलब्ध आरबीआई ईडीपीएमएस डेटा का उपयोग निर्यातकों द्वारा डीजीएफटी पोर्टल पर भी किया जा सकता है।

1.18 डीजीएफटी में आईटी पहल

डीजीएफटी ने व्यापार करने में सुगमता के सुधार को ध्यान में रखते हुए निर्यात संवर्धन स्कीमों के तहत लाभ उठाने हेतु कागजरहित, संपक्ररहित और पारदर्शी परिवेश को समर्थ बनाने हेतु कई आईटी पहलों को शुरू किया है। इन पहलों का विवरण प्रक्रिया पुस्तक के पैरा 1.04 में प्रदान किया गया है।

1.19 24X 7 हेल्पडेस्क सुविधा

एक विशिष्ट 24 7 हेल्पडेस्क सुविधा को डीजीएफटी पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदनों को भरने और विदेश व्यापार नीति से संबंधित अन्य मामलों में निर्यातकों को सहायता प्रदान करने हेतु शुरू किया गया है।

1.20 व्यापार आंकड़े और सांख्यिकी

नीति निर्माताओं, अनुसंधानकर्ताओं, निर्यातकों और आयातकों को उनकी व्यापार कार्यनीति तैयार करने हेतु सहायता प्रदान करने के लिए व्यापार आंकड़े और सांख्यिकी के बेहतर संग्रहण, संकलन और व्यापक प्रसार हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे है। व्यापारिक वस्तुओं के व्यापार के लिए व्यापार आँकड़े यहाँ उपलब्ध हैं –

i. वाणिज्य विभाग का पोर्टल https://commerce.gov.in और डेटा बैंक https:// tradestat. commerce. gov.in/ eidb/default.asp पर उपलब्ध है।

ii. डीजीसीआईएंडएस पोर्टल http://www.dgciskol.gov.in पर उपलब्ध है और

iii. निर्यात पोर्टल https://niryat.gov.in पर उपलब्ध है।

1.21 सीमा शुल्क स्टेशनों पर व्यापार सुविधा

व्यापार सुविधा हेतु सीबीआईसी द्वारा कई पहलों को शुरू किया गया है। इसमें से कुछ निम्नलिखित हैः

i. 20 समुद्री पत्तनों और 17 हवाई अड्डों में 24X7 सीमा शुल्क निकासी और व्यापार की जरूरतों के अनुसार आईसीडी में विस्तारित निकासी।

ii. सीमाशुल्क में एकल खिड़की

iii. ई–संचित– कागजरहित निकासी परिवेश को समर्थ बनाना

iv. फेसलेस ई–मूल्यांकन का अखिल भारतीय कार्यान्वयन

v. तुरंत सीमाशुल्क

vi. दस्तावेजी निकासी से कार्गो संचलन तक इलेक्ट्रॉनिक संदेश का कार्यान्वयन

vii. कागज रहित सीमा शुल्क पहल – ई–एलईओ एसबी, ई–गेटपास / ई–ओओसी आदि जैसे इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेज तैयार करना और जारी करना।

viii. संपक्र रहित सीमा शुल्क पहल जैसे तुरंत सुविधा केंद्र (टीकेएस)।

ix. आईसीई–डैश–भारतीय सीमा शुल्क ईओडीबी निगरानी डैशबोर्ड का विमोचन

x. आयात पर डायरेक्ट पोर्ट डिलीवरी (डीपीडी) और निर्यात पर डायरेक्ट पोर्ट एंट्री (डीपीई)

xi. अनुपालन सूचना पोर्टल (सीआईपी)

xii. शुल्क की रियायती दर पर या विनिर्दिष्ट अंतिम उपयोग के लिए कुछ निर्दिष्ट सामानों के आयात के लिए एंड टू एंड स्वचालित और सरलीकृत प्रक्रिया।

विस्तृत दिशानिर्देशों/प्रक्रियाओं हेतु https://www.cbic.gov.in/ और https://icegate.gov.in/ को देखे।

1.22 प्राधिकृत आर्थिक प्रचालक (एईओ) कार्यक्रम

(क) डब्लूसीओ के मानकों के एसएसफई फ्रेमवक्र (एफओएस) पर आधारित 'प्राधिकृत आर्थिक प्रचालक (एईओ) कार्यक्रम को निम्नलिखित लाभ प्राप्त करने हेतु अंतरराष्ट्रीय व्यापार में शामिल व्यवसाय को समर्थ करने के लिए भारतीय सीमाशुल्क विभाग द्वारा विकसित किया गया हैः

(i) निर्यात से आयात के बिंदु तक सुरक्षित आपूर्ति श्रृखंला;

(ii) सुरक्षा मानकों जब विदेशों के आयाताकों/निर्यातकों को आपूर्ति करने हेतु अनुबंध किए जाते हैं के साथ अनुपालन प्रदर्शित करने की क्षमता;

(iii) साझेदार देशों के साथ परस्पर मान्यता समझौते [एमआरए] में सीमा निकासी विशेषाधिकारों में वृद्धि;

(iv) सुरक्षा से संबंधित व्यवधानों के बाद कार्गो के मार्ग में कम–से–कम व्यवधान;

(v) प्रवास समय और संबंधित लागतों में कटौती; और

(vi) सीमाशुल्क सलाह/सहायता यदि व्यापार में उन देशों जिनके साथ भारत ने परस्पर मान्यता समझौते किए है के सीमाशुल्क विभाग के साथ अनपेक्षित मुद्दों का सामना करना पड़ता है।

(ख) एईओ कार्यक्रम अन्य सीमाशुल्क विभाग प्रशासनों द्वारा कार्यन्वित किया गया है जो कम किए हुए परीक्षण, शीघ्रतम निकासी और अन्य लाभों के संबंध में एईओ स्तर धारकों को तरजीही सीमाशुल्क व्यवहार प्रदान करता है। भारतीय सीमाशुल्क विभाग ने पारस्परिक आधार पर लाभों को प्राप्त करने के लिए व्यापार को समर्थ करने हेतु संबंधित एईओ कार्यक्रम को मान्यता प्रदान करने के लिए दक्षिण कोरिया, ताइवान और हांगकांग के साथ परस्पर मान्यता समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

(ग) विश्वास आधारित अनुपालन की दिशा में एक और कदम बढाने के रूप में भारतीय सीमाशुल्क विभाग ने नए/पुनर्निमित प्राधिकृत आर्थिक प्रचालक (एईओ) कार्यक्रम को शुरू किया है जिसमें उन इकाइयों जो आंतरिक मजबूत नियंत्रण प्रणाली और सीबीआईसी अनुपालन प्रदिर्शत करती है को अधिक से अधिक सुविधा और स्व–प्रमाणन सहित विस्तृत लाभ प्रदान किया गया है।

(घ) भारतीय सीमा शुल्क के एईओ कार्यक्रम के तहत, एमएसएमई भी शामिल हैं।

विस्तृत दिशानिर्देश/प्रक्रियाओं हेतु URL https://wwww.aeoindia/gov.in/ और https://www.cbic.gov.in/ देखें।

1.23 निर्यात उत्कृष्टता के भाहर (टीईई)

(क) उद्देश्यः निर्यात उत्पादन केन्द्रों का विकास एवं वृद्धि। कई शहर गतिशील औद्योगिक क्लस्टरों के रूप में उभरे हैं जो भारत के निर्यात में काफी अच्छा योगदान दे रहें हैं। इन औद्योगिक क्लस्टरों को उनकी क्षमता का पूरा उपयोग करने और मूल्य श्रृंखला को आगे बढ़ाने तथा नए बाजारों तक पहुँच बनाने के उद्देश्य से मान्यता प्रदान करना आवश्यक है।

(ख) निर्यात में वृद्धि की संभावना के आधार पर 750 करोड़ रुपये, अथवा इससे अधिक का माल उत्पादन करने वाले चुनिंदा शहरों को टीईई के रूप में अधिसूचित किया जा सकता है। तथापि, हथकरघा, हस्तकला, कृषि और मात्स्यिकी क्षेत्र में टीईई के लिए थ्रेस्होल्ड सीमा रेखा 150 करोड़ रूपए की होगी। ऐसे टीईई को निम्नलिखित सुविधाएँ प्रदान की जाएगी :

(i) एमएआई स्कीम के तहत प्राथमिकता आधार पर विपणन, क्षमता निर्माण और प्रौद्योगिकीय सेवाओं के लिए निर्यात संवर्धन परियोजनाओं के लिए इकाइयों के मान्यता प्राप्त संघों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।

(ii) इन क्षेत्रों में सामान्य सेवा प्रदाता ईपीसीजी स्कीम के तहत प्राधिकार पत्र के लिए पात्र होंगे।

(ग) अधिसूचित शहर (टीईई) परिशिष्ट 1ख में सूचीबद्ध हैं।

1.24 चयनित क्षेत्रों हेतु शुल्क मुक्त पात्रताएं

रोजगार के अवसर के विस्ताार को ध्यान में रखते हुए समुद्री उत्पाद और खेल के सामान और खिलौना क्षेत्रों पर कतिपय विशेष फोकस करने संबंधी पहल की जानी अपेक्षित है। प्रांसगिक सीमाशुल्क अधिसूचनाओं के अनुसार इन क्षेत्रों के लिए निम्नलिखित शुल्क मुक्त पात्रताएं (केवल मूल सीमा शुल्क से छूट प्राप्त है) प्रदान की जा रही है।

(क) समुद्री क्षेत्र – विनिर्दिष्ट विशेषीकृत निविष्टियों/रसायनों और सुगंधित तेलों हेतु शुल्क मुक्त आयात जो पूर्व वित्तीय वर्ष के दौरान सी–फूड निर्यात के एफओबी मूल्य के 1 प्रतिशत से अधिक नहीं हो।

(ख) खेल के सामान और खिलौने– विनिर्दिष्ट निविष्टियों का शुल्क मुक्त आयात जो पूर्व वित्तीय वर्ष के दौरान खेल के सामानों के निर्यात के एफओबी मूल्य के 3 प्रतिशत से अधिक नहीं हो।

विस्तृत विवरण के लिए, इस संबंध में संबंधित सीमाशुल्क अधिसूचनाओं को देखें।

1.25 स्तर धारक प्रमाणन

(क) कतिपय निर्यातक फर्मों को "स्तर धारक" के रूप में प्रमाणित करने के पीछे ऐसे निर्यातक फर्मों को व्यवसाय जगत के अग्रणी के रूप में मान्यता देना है जिन्होंने अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार में उत्कृष्टता हासिल की है और देश के विदेश व्यापार में सफलतापूर्वक योगदान दिया है। स्तर–धारकों से अपेक्षा की जाती है कि वे न केवल भारत के निर्यातों में योगदान दें अपितु नए उद्यमकर्त्ताओं को मार्गदर्शन और सहयोग प्रदान करें।

(ख) आयात–निर्यात कोड (आईईसी) संख्या वाले माल, सेवाओं और प्रौद्योगिकी के सभी निर्यातक निर्यात निष्पादन के आधार पर आवेदन की तारीख को एक स्तर–धारक के रूप में पहचान प्राप्त करने के पात्र होंगे। एक आवेदक को विदेश व्यापार नीति के पैराग्राफ 1.26 में दर्शाए अनुसार मौजूदा और गत तीन वित्तीय वर्षों के थ्रेस्होल्ड निर्यात निष्पादन हासिल करने पर स्तर धारक रूप में वर्गीकृत किया जाएगा। तथापि रत्न एवम् आभूषण क्षेत्र के लिए वर्तमान और पिछले दो वित्तीय वर्षों के दौरान निर्यात निष्पादन प्राप्त कर लेने की आवश्यकता होगी। निर्यात निष्पादन की गणना मुक्त रूप से परिवर्तनीय विदेशी मुद्रा या विदेश व्यापार नीति के पैरा 2.53 के अनुसार भारतीय रुपए में निर्यात आय के एफओबी मूल्य के आधार पर की जाएगी।

(ग) मान्य निर्यात के लिए, भारतीय रुपयों में निर्यातों के एफओआर मूल्य को, प्रत्येक वित्तीय वर्ष की पहली अप्रैल को यथा लागू, सीबीआईसी द्वारा अधिसूचित विनिमय दर पर अमेरिकी डॉलर में परिवर्तित किया जाएगा।

(घ) स्तर प्रदान करने के लिए पूर्ववर्ती सभी तीन वित्तीय वषों में (उस वर्ष से कम से कम पिछले दो वित्तीय वर्षों के लिए रत्न और आभूषण क्षेत्र के लिए) निर्यात निष्पादन आवश्यक होगा।

1.26 स्तर धारक श्रेणियां

स्तर श्रेणी	निर्यात निष्पादन थ्रेस्होल्ड अमेरिकी डॉलर मिलियन में
वन स्टार एक्सपोर्ट हाउस	3
टू स्टार एक्सपोर्ट हाउस	15
थ्री स्टार एक्सपोर्ट हाउस	50
फोर स्टार एक्सपोर्ट हाउस	200
फाइव स्टार एक्सपोर्ट हाउस	800

1.27 दोहरी तरजीह प्रदान करना

(क) दोहरी तरजीह केवल वन स्टार एक्सपोर्ट हाउस स्तर श्रेणी प्रदान करने के लिए उपलब्ध होगी। दोहरी तरजीह के ऐसे लाभ अन्य श्रेणियों नामतः टू स्टार एक्सपोर्ट हाउस, थ्री स्टार एक्सपोर्ट हाउस, फोर स्टार एक्सपोर्ट हाउस और फाइव स्टार एक्सपोर्ट हाउस की स्तर पहचान प्रदान करने के लिए लागू नहीं होंगे। निम्नलिखित श्रेणियों के तहत आईईसी धारकों द्वारा निर्यात को स्तर प्रदान करने के लिए निर्यात निष्पादन की गणना करने के लिए दोहरी तरजीह प्रदान की जाएगीः–

(i) सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विकास (एमएसएमईडी) अधिनियम, 2006 में यथापरिभाषित सूक्ष्म और लघु उद्यम।

(ii) आईएसओ/बीआईएस प्रमाणन युक्त विनिर्माण इकाइयाँ।

(iii) सिक्किम सहित उत्तर–पूर्वी राज्यों और जम्मू, कश्मीर और लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र में स्थित इकाइयाँ

(iv) आईटीसी (एचएस) के अध्याय 7 और 8 के तहत आने वाले फलों और सब्जियों का निर्यात

(ख) उपरोक्त श्रेणियों में से किसी एक प्रदत्त व्यापारिक शिपमेंट/सेवा केवल एक बार दोहरा लाभ प्राप्त कर सकती है।

1.28 स्तर प्रदान करने के लिए अन्य भार्तें

(क) एक आईईसी धारक का निर्यात निष्पादन अन्य आईईसी धारक को स्थानांतरित करना अनुमत नहीं किया जाएगा। इसलिए, अस्वीकरण पर आधारित निर्यात निष्पादन की गणना अनुमत नहीं की जाएगी।

(ख) पुनः निर्यात के आधार पर किए गए निर्यातों की गणना पहचान के लिए नहीं की जाएगी।

(ग) स्कोमैट मदों सहित प्राधिकार–पत्र के तहत मदों का निर्यात, निर्यात निष्पादन की गणना के लिए शामिल किया जाएगा।

1.29 स्तर–धारकों के विशेषाधिकार

एक स्तर–धारक निम्नानुसार विशेषाधिकारों का पात्र होगाः–

(क) आयात और निर्यात दोनों के लिए प्राधिकार–पत्र और सीमाशुल्क निकासी को स्व–घोषणा के आधार पर प्रदान किया जा सकता है।

(ख) मानदण्ड समिति द्वारा निविष्ट उत्पादन मानदण्डों को प्राथमिकता के आधार पर 60 दिनों के अंदर निर्धारित किया जा सकता है; निविष्टि उत्पादन मानदंड के संबंध में विशेष स्कीम विनिर्दिष्ट स्तर धारक के लिए डीजीएफटी द्वारा समय–समय पर अधिसूचित की जाएगी।

(ग) विदेश व्यापार नीति के तहत स्कीमों के लिए बैंक गारंटी प्रस्तुत करने से छूट प्राप्त होगी जब तक कि इन्हें विदेश व्यापार नीति अथवा प्रक्रिया–पुस्तक में अन्यथा अन्यत्र विनिर्दिष्ट न किया गया हो।

(घ) बैंकों के माध्यम से दस्तावेजों पर आवश्यक विचार–विमर्श में छूट हालांकि विप्रेषण/प्राप्तियां बैंकिंग चैनलों के माध्यम से प्राप्त की जाएगी।

(ड.) टू स्टार और उसके ऊपर के एक्सपोर्ट हाउस को राजस्व विभाग के दिशानिर्देशों के अनुसार निर्यात वेयरहाउस की स्थापना करने की अनुमति होगी।

(च) स्तर धारक संबंधित ऐजेंसियों द्वारा उनकी खेप के निपटान के लिए तरजीही व्यवहार और प्राथमिकता के हकदार होंगे।

(छ) विनिर्माता जो स्तर धारक भी है (थ्री स्टार/फोर स्टार/फाइव स्टार) वो अपने तरजीही व्यवहार हेतु विभिन्न तरजीही व्यापार समझौतों (पीटीए), मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए), व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते (सीईसीए) और व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) के तहत अर्हक होने की दृष्टि से भारत से उदगमित अपने विनिर्मित माल (उनके आईईएम/आईएल/एलओआई के अनुसार) को स्वयं सत्यापित करने में सक्षम होंगे। तदोपरांत स्कीम शेष स्तर धारकों को भी प्रदान की जा सकती है। विनिर्माता निर्यातक जो स्तर धारक भी है वे प्रक्रिया पुस्तक के पैरा 2.93 (ड.) के अनुसार भारत से उदगमित अपनी वस्तुओं को स्वयं सत्यापित करने के पात्र होंगे।

(ज) स्तर धारक निर्यात योग्य मदों (रत्न और आभूषण, सोने की मदें और बहुमूल्य धातुओं को छोड़कर) का निर्यात सवंर्धन के लिए निःशुल्क आधार पर मुक्त रूप से निर्यात करने के हकदार होगें बशर्ते एक करोड़ रुपये की वार्षिक सीमा या पूर्ववर्ती तीन लाइसेसिंग वर्षों के दौरान औसत वार्षिक निर्यात प्राप्तियों के 2 प्रतिशत जो भी कम हो। फार्मास्यूटिकल कम्पनियों द्वारा फार्मा उत्पादों के निर्यात के लिए वार्षिक सीमा पूर्ववर्ती तीन लाइसेसिंग वर्षों के दौरान औसत वार्षिक निर्यात प्राप्तियों का 2 प्रतिशत होगी। फार्मास्यूटिकल उत्पादों, वेकसीन और जीवन रक्षक दवाइयों को अर्न्तराष्ट्रीय ऐजेन्सियों के स्वास्थ्य कार्यक्रमों जैसे यूएस, डब्ल्यूएचओ–पीएएचओ और सरकारी स्वास्थ्य कार्यक्रमों को आपूर्ति करने के मामले में वार्षिक सीमा पूर्ववर्ती तीन लाइसेसिंग वर्षों में औसत वार्षिक निर्यात प्रप्तियों का 8 प्रतिशत तक होगी। ऐसी निःशुल्क आपूर्तियां डयूटी ड्राबैक या किसी अन्य निर्यात संवर्धन स्कीम के अन्तर्गत निर्यात प्रोत्साहन प्राप्त करने की हकदार नहीं होगी।

1.30 कौशल विकास और मार्गदर्शन दायित्व

(क) उपलब्ध कुशलता अवसरों को बढ़ाकर व्यापार इकोसिस्टम में सुधार लाने हेतु, स्तर धारकों को अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में मार्गदर्शन और प्रशिक्षण प्रदान करने में "साझेदार" बनाया जा रहा है। स्तर धारक अतंराष्ट्रीय व्यापार में कौशल स्तरोन्नयन/प्रशिक्षण प्रदान करेंगे जिसका ब्यौरा नीचे दिया गया हैः

स्तर	प्रति वर्ष प्रशिक्षुओं की संख्या
टू स्टार एक्सपोर्ट हाउस	5
थ्री स्टार एक्सपोर्ट हाउस	10
फोर स्टार एक्सपोर्ट हाउस	20
फाइव स्टार एक्सपोर्ट हाउस	50

(ख) न्यूनतम 6 सप्ताहों की अवधि का एक माडल प्रशिक्षण कार्यक्रम मार्गदर्शन के लिए पब्लिक डोमेन में रखा जाएगा।

(ग) विस्तृत पात्रता अपेक्षाएं, चयन मानदंड, प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आदि स्तर धारक के स्वविवेक पर होंगे।

1.31 एमएसएमई व्यापार संबंधी शिकायतों के लिए अंतर–मंत्रालयी समिति

एमएसएमई व्यापार संबंधी शिकायतों जिनका नीतिगत प्रभाव है, की जांच करने के लिए एक अंतर–मंत्रालयी समिति का गठन किया जाएगा। यह 'संपूर्ण सरकारी दृष्टिकोण' के साथ निर्णय लेने में तेजी लाएगा।

1.32 नागरिक चार्टर

डीजीएफटी का एक नागरिक चार्टर है, जिसमें ग्राहकों को विभिन्न सेवाएं प्रदान करने के लिए समय सारिणी दी गई है। आवेदन के निपटान की समय–सीमा प्रक्रिया पुस्तक के अध्याय 11 में दी गई है।

अध्याय–2

आयात एवं निर्यात से संबंधित सामान्य प्रावधान

2.00 उद्देश्य

माल एवं सेवाओं के आयात एवं निर्यात को अभिशासित करने वाले सामान्य प्रावधानों की व्याख्या इस अध्याय में दी गई है।

2.01 वस्तुओं के आयात/निर्यात से सम्बन्धित नीति

(क) वस्तुओं का निर्यात एवं आयात मुक्त होंगे सिवाए उन मामलों में जब उन्हें 'प्रतिबंध' 'रोक' अथवा 'राज्य' व्यापार उद्यमों (एसटीई) के जरिए अनन्य व्यापार' के माध्यम से विनियमित किया जाए जैसा कि निर्यात एवं आयात का भारतीय व्यापार वर्गीकरण (सुमेलित तंत्र) [आईटीसी (एचएस)] में निर्धारित किया गया है। 'प्रतिबंधित' 'रोक लगाई गई' और 'एसटीई' मदों की सूची रेगुलेटरी अपडेट्स के तहत http://dgft.gov.in पर देखी जा सकती है।

(ख) इसके अतिरिक्त, कुछ ऐसी मदें हैं जो आयात/निर्यात हेतु 'मुक्त' हैं परन्तु अन्य अधिनियमों अथवा वर्तमान में लागू विधि में नियत शर्तों के अधीन हैं।

2.02 निर्यात एवं आयात का भारतीय व्यापार वर्गीकरण (सुमेलित प्रणाली) [आईटीसी (एचएस)]

(क) आईटीसी (एचएस) निर्यात/आयात हेतु सभी पण्य/माल के लिए कोडों का संकलन है। माल को उसके समूह अथवा उप–समूह के आधार पर 2/4/6/8 अंकों में वर्गीकृत किया जाता है।

(ख) आईटीसी (एचएस) को विश्व सीमा शुल्क संगठन (http://www.wcoomd.org) द्वारा देख–रेख किए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय सुमेलित तंत्र माल नाम–पद्धति के साथ 6 अंकीय स्तर पर संरेखित किया गया है। तथापि, भारत सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 की पहली अनुसूची के तहत अधिसूचित 8–डिजीट स्तर पर माल की राष्ट्रीय सुमिलित प्रणाली को बनाए रखता है जिसे http://dgft.gov.in और https://www.cbic.gov.in पर 'विनियामक अद्यतन' के तहत देखा जा सकता है।

(ग) सभी माल के लिए आयात/निर्यात नीतियाँ आईटीसी (एचएस) के अनुसार प्रत्येक मद के सामने दर्शाई गई हैं। आईटीसी (एचएस) की अनुसूची–1 में आयात नीति व्यवस्था निर्धारित की गई है जबकि आईटीसी (एचएस) की अनुसूची–2 में निर्यात नीति व्यवस्था का ब्यौरा दिया गया है।

(घ) सिवाए उस मामले के जहां यह स्पष्ट रूप के निर्दिष्ट हो, आईटीसी (एचएस) की अनुसूची–1, आयात नीति नए माल के लिए है न कि पुराने माल के लिए। पुराने माल के लिए आयात नीति व्यवस्था इस विदेश व्यापार नीति के पैरा 2.31 में दी गई है।

2.03 स्वदेशी कानूनों के साथ आयात का अनुपालन

(क) स्वदेशी उत्पादित माल पर लागू स्वदेशी कानून/ नियम /आदेश /विनियम/ तकनीकी विनिर्देशन/पर्यावरण/सुरक्षा और स्वास्थ्य मानदण्ड यथा आवश्यक परिवर्तन सहित आयात पर लागू होंगे, यदि इन्हें विशिष्ट रूप से छूट नहीं दी गई है।

(ख) तथापि, निर्यात उत्पादों के विनिर्माण में उपयोग/खपत किए जाने वाले माल पर डीजीएफटी द्वारा घरेलू मानकों/गुणवत्ता विनिर्देशनों से छूट दी जा सकती है।

2.04 प्रक्रियाओं को निर्दिष्ट करने का प्राधिकार

डीजीएफटी विदेश व्यापार नीति (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, नियमों और इसके तहत किए गए आदेशों और विदेश व्यापार नीति के प्रावधानों के कार्यान्वयन के प्रयोजनों के लिए किसी निर्यातक या आयातक या किसी लाइसेंसिंग/क्षेत्रीय प्राधिकारी (आरए) या किसी अन्य प्राधिकारी द्वारा पालन की जाने वाली प्रक्रियाओं को निर्दिष्ट कर सकता है। ऐसी प्रक्रियाओं या संशोधनों, यदि कोई हो, को सार्वजनिक सूचना के माध्यम से प्रकाशित किया जाएगा।

20.5 आयातक निर्यातक कोड (आईईसी)

आईईसी एक 10–वर्ण की अक्षरांकीय संख्या है जो इकाई (फर्म/कंपनी/एलएलपी आदि) को आबंटित किया जाता है और किसी भी निर्यात/आयात गतिविधियों को करने के लिए अनिवार्य है। एक इकाई की विशिष्ट पहचान को बनाए रखने के लिए, जीएसटी की शुरूआत/कार्यान्वयन के परिणामस्वरूप, आईईसी स्थायी खाता संख्या (पैन) के समान होगा और ऑनलाइन आवेदन के आधार पर डीजीएफटी द्वारा अलग से जारी किया जाएगा।

(क) आईईसी प्राप्त किए बिना किसी भी व्यक्ति द्वारा कोई निर्यात या आयात नहीं किया जाएगा जब तक कि विशेष रूप से छूट न दी गई हो। सेवाओं या प्रौद्योगिकी के निर्यात के लिए, विदेश व्यापार नीति के तहत लाभ प्राप्त करने के लिए सेवाएं प्रदान करने की तिथि पर आईईसी आवश्यक होगा

(ख) छूट प्राप्त श्रेणियां और तदनूरूपी स्थायी आईईसी संख्या प्रक्रिया पुस्तक के पैरा 2.07 में दी गई है।

(ग) आईईसी के लिए आवेदन प्रक्रिया और आईईसी में अद्यतनीकरण पूरी तरह से ऑनलाइन है और प्रक्रिया पुस्तक में दी गई विस्तृत प्रक्रिया के अनुसार आवेदक द्वारा आईईसी जेनरेट की जा सकती है।

(घ) एक आईईसी धारक को यह सुनिश्चित करना होता है कि उसके आईईसी में विवरण हर साल अप्रैल–जून की अवधि के दौरान इलेक्ट्रॉनिक रूप से अद्यतित किया जाता है। ऐसे मामलो मे जहां आईईसी विवरण में कोई बदलाव नहीं है, इसकी भी ऑनलाइन पुष्टि करने की आवश्यकता है।

(ड.) एक आईईसी को निष्क्रिय कर दिया जाएगा, यदि इसे निर्धारित समय के भीतर अद्यतित नहीं किया जाता है। इस प्रकार निष्क्रिय किए गए आईईसी को इसके सफल अद्यतन किए जाने पर सक्रिय किया जा सकता है। हालांकि यह एफटीपी के किसी अन्य प्रावधान के उल्लंघन के लिए की गई किसी अन्य कार्रवाई पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना होगा।

(च) एक आईईसी को जांच के लिए फ्लैग भी किया जा सकता है। आईईसी धारक (धारकों) को यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि सिस्टम द्वारा फ्लैग किसी भी जोखिम को समय पर हल किया जाए; असफल होने पर आईईसी निष्क्रिय कर दिया जाएगा।

2.06 भारत से/में माल के निर्यात/आयात के लिए अनिवार्य दस्तावेज

(क) भारत से माल के निर्यात हेतु अपेक्षित अनिवार्य दस्तावेजः

1. लदान का बिल/हवाई मार्ग का बिल/लॉरी रसीद/रेलवे रसीद/डाक रसीद
2. वाणिज्यिक बीजक सह पैकिंग सूची*
3. पोत लदान बिल/निर्यात बिल/निर्यात का डाक बिल

(ख) भारत में माल के आयात हेतु अपेक्षित अनिवार्य दस्तावेज।

1. लदान का बिल/हवाई मार्ग का बिल/लॉरी रसीद/रेलवे रसीद/डाक रसीद सीएन–22 या सीएन–23 फॉर्म में जैसा भी मामला हो,
2. वाणिज्यिक बीजक सह पैकिंग सूची**
3. प्रविष्टि बिल

[टिप्पणीः *(i) सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 के तहत जारी सीबीआईसी परिपत्र के अनुसार

**(ii) पृथक वाणिज्यिक बीजक और पैकिंग सूची भी स्वीकार किए जाएंगे।]

(ग) विशिष्ट माल अथवा माल की श्रेणी, के जो किसी प्रतिबंध/नीतिगत शर्तों अथवा अनापत्ति प्रमाणपत्र अथवा किसी संविधि के तहत उत्पाद विशिष्ट अनुपालनों के अधीन हों, के निर्यात अथवा आयात के लिए संबंधित प्राधिकारी निर्यात अथवा आयात के प्रयोजनों के अतिरिक्त दस्तावेज अधिसूचित कर सकता है।

(घ) निर्यात अथवा आयात के विशिष्ट मामलों में संबंधित विनियामक प्राधिकारी, इलेक्ट्रॉनिक रूप में अथवा लिखित में, अतिरिक्त दस्तावेज अथवा जानकारी, विधिक अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए जो आवश्यक हों, की मांग कर सकता है।

2.07 प्रतिबंध के सिद्धांत

विदेश व्यापार महानिदेशालय द्वारा अधिसचूना के माध्यम से 'निषेध' या 'प्रतिबंध' लगाया जा सकता है।

(क) गंभीर रूप से कमी होने को रोकने या इसे पूरा करने के लिए खाद्य पदार्थों या अन्य आवश्यक उत्पादों के निर्यात पर ,

(ख) अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में वस्तुओं के वर्गीकरण, श्रेणीकरण या विपणन के लिए मानकों या विनियमों को लागू करने के लिए आवश्यक आयात और निर्यात,

(ग) घरेलू उत्पाद का उत्पादन रोकने या कतिपय अन्य उद्देश्यों के लिए सरकारी उपायों को लागू करने हेतु किसी भी रुप में मत्स्य उत्पाद का आयात,

(घ) देश की बाह्य वित्तीय स्थिति को सुरक्षित रखने और भंडार के स्तर को सुनिश्चित करने हेतु आयात,

(ड.) किसी विशेष उद्योग की स्थापना को बढावा देने के लिए आयात,

(च) घरेलू उत्पादकों को गंभीर क्षति होने से रोकने के लिए या ऐसी क्षति का सामना करने वाले उत्पादकों को राहत देने के लिए आयात में अचानक वृद्धि रोकना,

(छ) सार्वजनिक नैतिकता की सुरक्षा या सार्वजनिक व्यवस्था का अनुरक्षण

(ज) मानव, जानवर अथवा पादप जीवन अथवा स्वास्थ्य का संरक्षणः

(झ) सोना या चांदी के आयात या निर्यात से संबंधित,

(ञ) पेटेंट, ट्रेडमाक्र और कापीराइट के संरक्षण और कपटपूर्ण व्यवहारों की रोकथाम से संबंधित कानूनों सहित कानूनों एवं विनियमों का अनुपालन कराने हेतु आवश्यक,

(ट) कैदी श्रमिकों के उत्पादों से संबंधित,

(ठ) कलात्मक, ऐतिहासिक अथवा पुरातत्व महत्व की राष्ट्रीय धरोहरों के संरक्षण के लिए,

(ड) क्षयशील प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए,

(ढ) घरेलू प्रसंस्करण उद्योग हेतु आवश्यक मात्रा को सुनिश्चित करने हेतु,

(ण) सामान्य या स्थानीय कम आपूर्ति में उत्पादों के अधिग्रहण या वितरण के लिए आवश्यक,

(त) देश के आवश्यक सुरक्षा हितों की सुरक्षा करने हेतु

(i) विखंडनीय सामग्री या सामग्री जिनसे वे व्युत्पन्न प्राप्त हुए हैं, से संबंधित, अथवा

(ii) हथियार, गोला–बारुद और युद्ध सामग्री की तस्करी की रोकथाम से संबंधित।

(iii) अंतर्राष्ट्रीय सम्बंधों में युद्ध या अन्य आयात के समय लिया गया।

(थ) अंतर्राष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा के अनुरक्षण हेतु संयुक्त राष्ट्र चार्टर के तहत देश के दायित्वों के अनुसरण में

2.08 प्रतिबंधित माल/सेवाओं का निर्यात/आयात

कोई भी माल/सेवा जिसका निर्यात अथवा आयात प्रतिबंधित है, का इस संबंध में जारी किए गए प्राधिकार पत्र/अनुमति के अनुसार या अधिसूचना/सार्वजनिक सूचना में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार ही निर्यात अथवा आयात किया जा सकेगा।

2.09 वास्तविक प्रयोक्ता भार्तः

वास्तविक प्रयोक्ता शर्तः जिन वस्तुओं के आयात पर प्रतिबंध नहीं है, उनका आयात किसी भी व्यक्ति द्वारा किया जा सकता है। तथापि, यदि इनके आयात के लिए प्राधिकार पत्र की जरुरत हो, तो केवल वास्तविक प्रयोक्ता ही ऐसे माल का आयात कर सकता है जब तक कि महानिदेशक, विदेश व्यापार द्वारा वास्तविक शर्त विशेष रूप से हटा न दी गई हों।

2.10 प्राधिकार पत्र की शर्तें

प्रत्येक प्राधिकार पत्र में अन्य बातों के साथ–साथ ऐसी अन्य शर्तों जो विनिर्दिष्ट की जाए, के अलावा निम्नलिखित में से सभी या कुछ नियम एवं शर्तें (पैरा जिसके तहत प्राधिकार पत्र जारी किया गया है, के अनुसार यथा लागू) शामिल होंगीः

(क) माल का विवरण, मात्रा एवं मूल्य,

(ख) वास्तविक प्रयोक्ता शर्त, (अध्याय 11 में यथा परिभाषित)

(ग) निर्यात दायित्व,

(घ) प्राप्त किया जाने वाला न्यूनतम मूल्य संवर्धन,

(ड.) न्यूनतम निर्यात/आयात मूल्य

(च) बैंक गारंटी/विधिक वचन/सीमाशुल्क प्राधिकारी/क्षेत्रीय प्राधिकारी के पास बॉण्ड (जैसा कि एफटीपी के पैरा 2.35 में दिया गया है)।

(छ) प्रक्रिया पुस्तक में यथा विनिर्दिष्ट आयात/निर्यात की वैधता की अवधि।

2.11 आवेदन शुल्क

(क) आईईसी/प्राधिकार पत्र/लाइसेंस/स्क्रिप/पंजीकरण के लिए आवेदन के साथ आवेदन शुल्क संलग्न होना चाहिए जैसा कि परिशिष्टों और आयात निर्यात प्रपत्र के परिशिष्ट 2ट में दर्शाया गया है। फीस का भुगतान इलेक्ट्रानिक फंड ट्रांसफर (ईएफटी) तंत्र या क्रेडिट/डेबिट कार्डों के द्वारा आनलाइन किया जाना चाहिए यदि अन्यथा कोई अन्य प्रावधान न हो।

(ख) आवेदन शुल्क आवेदन की प्रोसेसिंग के लिए ही शुल्क है, और कुछ नहीं। इसलिए परिशिष्ट 2ट में दी गई परिस्थितियों और तरीकों को छोडकर, एक बार प्राप्त शुल्क को वापस नहीं लौटाया जाएगा।

2.12 प्राधिकार पत्र के मद्दे सीमा शुल्क विभाग से माल की निकासी

अग्रिम में पहले ही आयतित/भेजा गया/आया हुआ माल परन्तु जिसकी निकासी सीमा शुल्क विभाग द्वारा नहीं की गई है, की निकासी बाद में निर्गमित प्राधिकार पत्र के मद्दे भी की जा सकती है। तथापि, ऐसे माल अग्रिम में पहले से ही आयातित/भेजा गया/आया हुआ, वेयरहाऊसिंग के लिए लदान बिल के मद्दे पहले वेयरहाऊस किए जाएं और फिर बाद में जारी एक प्राधिकार–पत्र के मद्दे घरेलू खपत के लिए मंजूरी दी जाए। हालांकि यह सुविधा "प्रतिबंधित" मदों या एसटीई के माध्यम से व्यापार की जानी वाली मदों के लिए उपलब्ध नहीं होगी, जब तक कि डीजीएफटी द्वारा विशेष रूप से अनुमति नहीं दी जाती है।

2.13 प्राधिकार पत्र की प्राप्ति अधिकार नहीं है

कोई भी व्यक्ति अधिकार से प्राधिकार पत्र का दावा नहीं कर सकता है तथा महानिदेशक, विदेश व्यापार या क्षेत्रीय प्राधिकारी को विदेश व्यापार (विकास एंव विनियमन) अधिनियम के प्रावधानों, उसके अंतर्गत बने नियमों और विदेश व्यापार नीति के अनुसार प्राधिकार पत्र देने या नवीकरण करने से इंकार करने का अधिकार होगा।

2.14 दंडात्मक कार्रवाई और निषिद्ध कम्पनी सूची (डीईएल) में किसी कम्पनी को रखना

(क) यदि कोई प्राधिकार पत्र धारक प्राधिकार पत्र की किसी शर्त का उल्लंघन करता है अथवा निर्यात दायित्व को पूरा करने में असफल रहता है अथवा राजस्व विभाग और/अथवा डीजीएफटी द्वारा जारी डिमांड नोटिस में विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर अपेक्षित राशि जमा करने में असफल रहता है, तो वह विदेश व्यापार (विकास एवं विनियमन)

अधिनियम, उसके तहत बनाए गए नियमों और आदेशों, विदेश व्यापार नीति तथा उस समय लागू किसी भी कानून के अनुसार कार्रवाई हेतु उत्तरदायी होगा।

(ख) नैतिक मानकों का स्तर उठाने के उद्देश्य से और व्यापार करने की सुविधा हेतु डीजीएफटी ने विभिन्न स्कीमों के तहत स्व–प्रमाणन की प्रणाली स्थापित की है। ऐसे मामलों में आवेदकों की स्व–प्रमाणन में जानकारी/विवरण भरते समय पर्याप्त ध्यान और सावधानी बरतनी है। बाद में किसी जानकारी/विवरण के असत्य/गलत पाए जाने पर किसी अन्य अधिनियम/आदेश के तहत दंडात्मक कार्रवाई के अलावा एफटीडीआर अधिनियम, 1992 और तत्संबंधी नियमों के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

(ग) किसी फर्म को संबंधित क्षेत्रीय प्राधिकारी द्वारा विदेश व्यापार (विनियमन) नियमावली, 1993 के नियमन 7 के प्रावधानों के तहत निषिद्ध कम्पनी सूची (डीईएल) के अंतर्गत रखा जा सकता है। लिखित में कारणों को दर्ज करते हुए ऐसा आदेश जारी करने पर किसी फर्म को वित्तीय अथवा राजकोषीय लाभ प्रदान करने वाले किसी लाइसेंस, प्रमाणपत्र, स्क्रिप अथवा किसी लिखत प्रदान किए जाने अथवा नवीकरण से इन्कार किया जा सकता है। यदि किसी फर्म को डीईएल के तहत रख दिया जाता है तो सभी नए लाइसेंस, स्क्रिप, प्रमाणपत्र, लिखत आदि को मुद्रण/निर्गम/नवीकरण से रोक दिया जाएगा।

(घ) संबंधित क्षेत्रीय प्राधिकारी द्वारा लिखित में कारणों को दर्ज करते हुए डीईएल आदेशों को स्थगित किया जा सकता है। डीईएल आदेश को एक बार में 60 दिनों से अधिक की अवधि के लिए स्थगित नहीं किया जा सकता।

(ड.) यदि फर्म निर्यात दायित्व पूरा कर लेती है/दंड राशि का भुगतान कर देती है/क्षेत्रीय प्राधिकारी द्वारा जारी डिमांड नोटिस (एस) की आवश्यकता की पूर्ति कर देती है/क्षेत्रीय प्राधिकारी द्वारा मांगे गए अपेक्षित दस्तावेज जमा कर दिया जाता है तो संबंधित क्षेत्रीय प्राधिकारी द्वारा लिखित में कारणों को दर्ज करते हुए, डीईएल से फर्म के नाम को हटाया जा सकता है।

2.15 राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण (एनसीएलटी) के समक्ष अधिनिर्णयन कार्यवाही के तहत फर्म/कंपनी

राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण (एनसीएलटी) के समक्ष अधिनिर्णयन कार्यवाही के तहत आने वाली कोई भी फर्म/कंपनी एफटीपी के तहत किसी भी स्कीम के तहत किसी भी बकाया निर्यात दायित्वों/देनदारियों के बारे में संबंधित क्षेत्रीय प्राधिकारियों (आरए) और एनसीएलटी को सूचित करेगी।विदेश व्यापार (विकास एवं विनियमन) अधिनियम के तहत लगाए गए किसी भी जुर्माने या किसी अन्य देय राशि को उक्त फर्म/कंपनी के खिलाफ सरकार को बकाया राशि के भाग के रूप में गिना जाएगा।

व्यापार पर प्रतिबंध (देश, संगठन, समूह, व्यक्ति आदि और विशिष्ट उत्पाद):

2.16 इराक से/को 'हथियारों और संबंधित सामान' के आयात और निर्यात पर निषेध

'हथियारों और संबंधित सामान' के लिए नीति जो कि आईटीसी (एचएस) के अध्याय 93 में दी गई है, के बावजूद इराक से/को हथियारों और संबंधित सामान का आयात/निर्यात 'निषिद्ध' है। तथापि, इराक सरकार को हथियार और संबंधित सामग्री के निर्यात की अनुमति रक्षा उत्पादन विभाग से 'अनापत्ति प्रमाणपत्र' प्राप्त करने पर प्रदान की जाएगी।

2.17 इराक और लेवंट में इस्लामिक स्टेट (आईएसआईएल, दईश के रूप में भी ज्ञात), अल नुसरा फ्रंट (एएनएफ) और अल कायदा से जुड़े व्यक्ति, समूह, उपक्रम तथा फर्म के साथ व्यापार पर निषेध

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की संकल्प सं0 2199 (2015) के अनुपालन में, इराक और लेवंट में इस्लामिक स्टेट (आईएसआईएल), अल नुसरा फ्रंट (एएनएफ) और अल कायदा से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जुडे अन्य व्यक्ति, समूह, उपक्रम तथा फर्म के साथ सांस्कृतिक (प्राचीन कालीन वस्तुओं सहित), वैज्ञानिक और धार्मिक महत्व की वस्तुओं के अलावा तेल तथा परिशोधित तेल उत्पाद, माडयूलर रिफाइनरी और संबंधित सामग्रियों का व्यापार निषिद्ध है।

2.18 कोरिया लोक जनतांत्रिक गणराज्य से/को प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष आयात और निर्यात पर निषेध

कोरिया लोक जनतांत्रिक गणराज्य (डीपीआरके) से/को, मदों का प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष निर्यात और आयात चाहे कोरिया जनतांत्रिक गणराज्य में उत्पादित हो या न हो, का विवरण इस अध्याय के परिशिष्ट–1 में दिया गया है।

2.19 ईरान से/को प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष आयात/निर्यात

(क) ईरान को निम्नलिखित दस्तावेजों में उल्लिखित किसी मद सामग्री, उपकरण, माल और प्रौद्योगिकी का प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष निर्यात या उससे आयात संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद संकल्प 2231(2015) के अनुलग्नक–ख में उल्लिखित प्रावधानों के अधीन अनुमत होगाः

(i) आईएनएफसीआईआरसी/254/आरईवी 14 /पार्ट–1 में और आईएनएफसीआईआरसी/ 254/आरईवी 11/ पार्ट–2 (आईएईए दस्तावेज) में सूचीबद्ध मदें जैसा कि यूएनएससी और आईएईए द्वारा समय–समय पर अद्यतित किया गया हो।

(ii) एस/2015/546 (संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद दस्तावेज) में सूचीबद्ध मदें जैसा कि सुरक्षा परिषद द्वारा समय–समय पर अद्यतित किया गया है।

(ख) उपर्युक्त संदर्भित संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सभी संकल्प/दस्तावेज और आईएईए दस्तावेज संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की वेबसाइट (www.un.org/securitycounicil/) और आईएईए की वेबसाइट (www.iaea.org) पर उपलब्ध है।

2.20 सोमालिया से चारकोल के आयात पर रोक

सोमालिया से चारकोल का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष आयात निषिद्ध है, चाहे ऐसे चारकोल की उत्पत्ति सोमालिया (संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद संकल्प 2036 (2012)) में हुई हो या नहीं हुई हो। चारकोल के आयातक सीमा-शुल्क कार्यालय को यह घोषणा पत्र प्रस्तुत करेंगे कि खेप की उत्पति सोमालिया में नहीं हुई है।

राज्य व्यापार उद्यमों के माध्यम से आयात/निर्यात

2.21 राज्य व्यापार उद्यम (एसटीई)

(क) राज्य व्यापार उद्यम (एसटीई) विपणन बोर्डों सहित सरकारी और गैर.सरकारी उद्यम हैं जो निर्यात और/या आयात संबंधी माल का व्यापार करते हैं। कोई माल, जिसके आयात अथवा निर्यात के लिए राज्य व्यापार उद्यमों (एसटीई) को विशेषाधिकार दिया गया हो अथवा जिनके माध्यम से विशेष रूप से विनियमित किया गया हो, राज्य व्यापार उद्यम (उद्यमों) द्वारा आई टी सी (एच एस) में यथा–विनिर्दिष्ट शर्तों के अनुसार उस माल का आयात या निर्यात किया जा सकता है। विदेश व्यापार महानिदेशालय द्वारा अधिसूचित राज्य व्यापार उद्यमों की सूची परिशिष्ट–2ञ में है।

(ख) ऐसा राज्य व्यापार उद्यम केवल वाणिज्यिक दृष्टिकोण के अनुसार जिसमें कीमत, गुणवत्ता, उपलब्धता, विपणनता, परिवहन तथा क्रय–विक्रय की अन्य शर्तें शामिल हैं, ऐसी कोई अन्य खरीद या विक्रय कर सकता है जिसमें आयात और निर्यात शामिल हैं, ये उद्यम किसी भेदभाव के बिना कार्य करेंगे और ऐसी खरीद और विक्रय में भाग लेने हेतु सक्षम होने के लिए प्रचलित व्यापार प्रथा के अनुसार प्राप्त सुविधाओं वाले देशों के उद्यमों के साथ ताल–मेल बिठाएंगे।

(ग) तथापि, विदेश व्यापार महानिदेशालय एसटीई के जरिए अनन्य व्यापार हेतु अधिसूचित किसी माल के आयात या निर्यात के लिए किसी अन्य व्यक्ति को प्राधिकार पत्र प्रदान कर सकता है।

विशिष्ट देशों के साथ व्यापार :

2.22 पड़ोसी देशों के साथ व्यापार

विदेश व्यापार महानिदेशालय आवश्यकता पडने पर ऐसे अनुदेश जारी कर सकता है अथवा ऐसी स्कीम बना सकता है जो पडोसी देशों के साथ व्यापार को बढावा देने और विनियमित करने और आर्थिक संबंध मजबूत करने के लिए अपेक्षित हों।

2.23 पारगमन की सुविधा

भारत से/या भारत के पडोसी देशों को माल भेजने या वहां से लाने की सुविधा भारत के रणनीतिक और आर्थिक हितों के साथ–साथ भारत और इन देशों के बीच द्विपक्षीय संधियों के अनुसार सक्षम और विनियमित होगी। ऐसी व्यवस्था अन्तर्राष्ट्रीय समझौतों/संधियों/करारों के अनुसार विदेश व्यापार महानिदेशालय द्वारा विनिर्दिष्ट शर्तों और प्रतिबंधों के अधीन होगी।

2.24 ऋण की पुनः अदायगी करार के तहत रूस के साथ व्यापार

ऋण की पुनः अदायगी करार के तहत रूस के साथ व्यापार के मामले में, विदेश व्यापार महानिदेशालय आवश्यकता अनुसार ऐसे अनुदेश जारी कर सकता है अथवा स्कीमें बना सकता है जो अपेक्षित हों तथा विदेश व्यापार नीति में निहित प्रावधान, जो इन अनुदेशों अथवा स्कीमों के अनुरूप नहीं है, लागू नहीं होगा।

माल की विशिष्ट श्रेणियों का आयात

2.25 नमूनों का आयात

रक्षा/सुरक्षा मदों, बीज, मधुमक्खियों और नई औषधियों को छोडकर आईटीसी (एचएस) में ''प्रतिबंधित'' मदों के वास्तविक तकनीकी और व्यापार नमूनों के आयात के लिए किसी प्राधिकार पत्र की आवश्यकता नहीं होगी। नमूनों का आयात आगे प्रक्रिया पुस्तक के पैरा 2.62 द्वारा अभिशासित होगा।

2.26 उपहारों का आयात

ई–कॉमर्स पोर्टल से खरीदे गए माल सहित डाक या कूरियर से माल के आयात, जहां उपहार के रूप में सीमा शुल्क निकासी मांगी जाती है, पर जीवन रक्षक औषधियों/दवा और राखी (लेकिन राखी से संबंधित उपहार नहीं) को छोडकर प्रतिबंध है:

व्याख्या:

1. राखी (परन्तु राखी से संबंधित उपहार नहीं) सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 25 (6) के तहत शामिल किया जाएगा जिसमें कहा गया है ''.....यदि लगाए जाने वाले शुल्क की राशि 100/– रूपए के बराबर या कम है तो कोई शुल्क एकत्र नहीं किया जाएगा।''

2. पूर्ण प्रयोज्य शुल्क के भुगतान के साथ उपहार के रूप में माल का आयात अनुमत है।

2.27 यात्री असबाब के माध्यम से आयात

(क) वास्तविक घरेलू वस्तुओं और निजी प्रयोग की वस्तुओं को यात्री के निजी सामान की सीमा के अनुसार, वित मंत्रालय द्वारा अधिसूचित असबाब नियमों की शर्तों के अनुसार आयात किया जा सकता है।

(ख) ऐसी मदों के नमूने जो अन्यथा विदेश व्यापार नीति के अधीन मुक्त रूप से आयात योग्य हैं, का भी सीमा शुल्क विभाग की अधिसूचना के अनुसार असबाब नियमों के अध्यधीन प्राधिकार पत्र के बिना यात्री असबाब के रूप में आयात किया जा सकता है।

(ग) विदेश से आने वाले निर्यातकों को भी, एफटीपी में यथानिर्धारित अथवा इस संबंध में सीमा शुल्क विभाग की प्रासंगिक अधिसूचना (अधिसूचनाएं) के अनुसार मूल्य सीमा के अध्यधीन प्राधिकार पत्र के बिना, अपने यात्री असबाब के रूप में निर्यात के लिए आवश्यक ड्राइंग, पैटर्न, लेबल्स, प्राइस टैग्स, बटन्स, बैल्टस, ट्रिमिंग और एम्बेलिशमेंटस का आयात करने की अनुमति है।

(घ) मदों के नमूने या प्रोटोटाईप सहित किन्ही मद (मदों) जिनकी आयात नीति ''प्रतिबंधित'' या ''निषिद्ध'' है, अथवा एसटीई के माध्यम से ये आते हैं, को यात्री असबाब के भाग के रूप में अनुमति नहीं है सिवाए डीजीएफटी द्वारा जारी वैध प्राधिकार–पत्र/अनुमति के साथ।

2.28 विदेश में मरम्मत की गई वस्तुओं का पुनः आयात

आईटीसी (एचएस) के तहत प्रतिबंधित मदों को छोडकर, पूंजीगत माल, उपकरण, संघटक, पुर्जे और अनुषंगी, चाहे आयातित हो या स्वदेशी, जिन्हें मरम्मत, परीक्षण, टैक्नोलॉजी में गुणवत्ता सुधार अथवा उन्नयन अथवा मानकीकरण के लिए विदेश भेजा जा सकता है, और किसी प्राधिकार पत्र के बिना पुनः आयात किया जा सकता है।

2.29 विदेश में स्थित परियोजनाओं में प्रयुक्त सामान का आयात/पुनः आयात

विदेश में परियोजनाएं पूरी हो जाने के बाद परियोजना ठेकेदार पूंजीगत माल सहित प्रयुक्त माल का बिना किसी प्राधिकार पत्र के आयात कर सकता है, बशर्ते कि इनका कम से कम एक वर्ष तक इस्तेमाल किया गया हो।

2.30 प्रोटोटाइप्स का आयात

नए/पुराने प्रोटोटाइप/पुराने नमूनों का आयात वास्तविक प्रयोक्ता के लिए (औद्योगिक), जो ऐसी मद के उत्पादन में लगा है अथवा जिसके पास मद में अनुसंधान के लिए औद्योगिक लाइसेंस/आशय पत्र है जिसके लिए उत्पाद विकास या शोध के लिए प्रोटोटाईप की मांग की जाती है, जैसा भी मामला हो, सीमा शुल्क प्राधिकारियों की संतुष्टि पर इस आशय का एक स्वघोषणा प्रस्तुत करने पर अनुमत है।

पुराने माल के लिए आयात नीति

2.31 पुरानी वस्तुएं

क्रम सं.	पुराने माल की श्रेणियां	आयात नीति	शर्तें, यदि कोई हो
I	**पुराने पूंजीगत माल**		
I(क)	i. डेस्क्टॉप कम्प्यूटर ii. पर्सनल कम्प्यूटर/लैपटॉप के पुनः नवीकृत पार्ट्ज नवीनीकृत/रिकंडीशन्ड स्पेयर्स iii. एयर कंडिशनर्स iv. डीजल जनरेटिंग सेट	प्रतिबंधित	प्राधिकार पत्र के तहत आयात की अनुमति
I(ख)	समय–समय पर यथा संशोधित इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी माल (अनिवार्य पंजीकरण की आवश्यकता) आदेश, 2012 के तहत अधिसूचित सभी इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी माल	प्रतिबंधित	(i) समय–समय पर यथा संशोधित इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी माल (अनिवार्य पंजीकरण की आवश्यकता) आदेश, 2012 के तहत निर्धारित शर्तों के अध्यधीन प्राधिकार पत्र के तहत आयात योग्य (ii) समय–समय पर यथा संशोधित सीआरओ, 2012 के अनुसार अपंजीकृत/गैर–अनुपालक अधिसूचित उत्पादों का आयात "निषिद्ध" है।
I(ग)	पूंजीगत माल के नवीकृत/दुरुस्त पुर्जे	मुक्त	सनदी अभियन्ता के इस आशय का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने की शर्त के अधीन कि ऐसे पुर्जों का मूल पुर्जे के न्यूनतम 80 प्रतिशत का शेष जीवनकाल है।
I(घ)	अन्य सभी पुराने पूंजीगत माल (उपर्युक्त (क), (ख) और (ग) को छोडकर)	मुक्त	
II	पूंजीगत माल को छोडकर पुराने माल	प्रतिबंधित	प्राधिकार पत्र के तहत आयात की अनुमति।
III	मरम्मत/नवीकरण/दुरूस्त करने या री–इंजीनियरिंग के प्रयोजन से आयातित पुराने माल	मुक्त	इस शर्त के अध्यधीन कि आयातित मदों की मरम्मत/नवीकरण के दौरान उत्पन्न अपशिष्ट का उपचार घरेलू कानून/नियमों/आदेशों/विनियमों/तकनीकी विनिर्देशनों/पर्यावरणीय /सुरक्षा और स्वास्थ्य मानकों के अनुसार हो और आयातित मद का सीमा शुल्क विभाग की अधिसूचना के अनुसार वापस पुनः निर्यात किया जाए।

धात्विक अपशिष्ट और स्क्रैप की आयात नीति :

2.32 धात्विक छीजन और स्क्रैप की आयात

(क) किसी प्रकार के धात्विक छीजन, स्क्रैप का आयात इस शर्त के अधीन होगा कि उसमें खतरनाक, जहरीला छीजन, रेडियोएक्टिव दूषित वेस्ट/स्क्रैप जिसमें रेडियोएक्टिव सामान, किसी प्रकार के हथियार, गोला बारूद, माइन्स, गोलियों के खोल जिंदा या प्रयुक्त हुआ बारूद या किसी भी प्रकार की अन्य विस्फोटक सामग्री चाहे वह प्रयोग की गई हो या नहीं, शामिल नहीं होगा जैसा कि प्रक्रिया पुस्तक के पैरा 2.51 में उल्लेख है।

(ख) धात्विक छीजन और स्क्रैप जिसका मुक्त रूप से आयात किया जा सकता है, और टुकडे रूप में, बिना टुकडे और सम्पीडित तथा ढीले रूप में आयात की प्रक्रिया, प्रक्रिया पुस्तक के पैरा 2.51 में निर्धारित किए गए है।

2.33 एसईजेड से स्क्रैप/अपशिष्ट को हटाना

एसईजेड यूनिट/डेवलपर/को–डेवलपर को देय सीमा शुल्क का भुगतान कर किसी प्राधिकार पत्र के बिना विनिर्माण अथवा प्रसंस्करण कार्यकलाप के दौरान सृजित किसी भी प्रकार के धात्विक अपशिष्ट और स्क्रैप सहित किसी भी अपशिष्ट या स्क्रैप को डीटीए में निपटान करने हेतु अनुमत किया जा सकता है।

आयात से संबंधित अन्य प्रावधान

2.34 पट्टा वित्त पोषण के अधीन आयात

पट्टा वित्त पोषण के अधीन पूंजीगत वस्तुओं के आयात हेतु विदेश व्यापार महानिदेशालय की विशिष्ट अनुमति आवश्यक नहीं है।

2.35 विधिक वचनवद्धता (एलयूटी)/बैंक गारंटी (बीजी) का निश्पादन

(क) जहां कहीं शुल्क मुक्त आयात की अनुमति है या जहां कहीं अन्यथा विनिर्दिष्ट किया गया है, वहां आयातक को वस्तुओं की निकासी से पूर्व सीमा शुल्क प्राधिकारी के पास निर्धारित तरीके से विधिक वचनबद्धता/बैंक गारंटी/बंधपत्र का निष्पादन करना होगा।

(ख) स्वदेशी प्राप्ति के मामले में, प्राधिकार पत्र धारक को प्रक्रिया पुस्तक के अध्याय–2 में यथानिर्दिष्ट स्वदेशी आपूर्तिकर्ताओं/नामजद अधिकरण से माल प्राप्त करने से पूर्व संबंधित क्षेत्रीय प्राधिकारी के पास बैंक गारंटी/विधिक वचनबद्धता/बंधपत्र प्रस्तुत करना होगा।

2.36 आयात के लिए निजी/सार्वजनिक बांडेड गोदाम

(क) सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 के तहत जारी नियमों, विनिमयों और अधिसूचनाओं के अनुसार घरेलू प्रशुल्क क्षेत्र (डीटीए) में निजी/सार्वजनिक बांडेड गोदाम बनाए जा सकते हैं। कोई भी व्यक्ति निषिद्ध मदों, हथियारों और गोला बारूद, खतरनाक अपशिष्टों और रसायनों को छोडकर किसी भी वस्तु का आयात कर सकता है तथा उन्हें ऐसे बांडेड गोदामों में रख सकता है।

(ख) विदेश व्यापार नीति के प्रावधानों के अनुसार और जहां कहीं जरूरी हो, प्राधिकार पत्र के मद्दे, घरेलू खपत के लिए ऐसी वस्तुओं की निकासी की जा सकती है। ऐसे माल पर, ऐसी वस्तुओं की निकासी के समय यथा लागू सीमाशुल्क का भुगतान करना होगा।

(ग) सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 के प्रावधानों के अनुसार गोदाम में रखे गए माल की निकासी की जाएगी।

2.37 खाल, चमड़ा और अर्द्ध-तैयार माल के लिए विशेष प्रावधान

घरेलू प्रशुल्क क्षेत्र बिक्री के उद्देश्य से सार्वजनिक/निजी बॉन्डेड वेयरआऊस में खाल, चमडा और अर्ध–तैयार चमडे का आयात किया जा सकता है और निर्यात शुल्क की लागू दर के भुगतान पर ऐसे बौन्डेड वेयरहाऊस से उनकी बेची नहीं गई वस्तुओं को फिर से निर्यात किया जा सकता है।

2.38 महासागर में बिक्री

भारत में आयात हेतु खुले समुद्र में वस्तुओं की बिक्री विदेश व्यापार नीति अथवा उस समय प्रभावी किसी अन्य नियम के तहत की जा सकती है।

2.39 वाणिज्यिक व्यापार

भारतीय पत्तनों पर रूके बिना एक विदेशी राष्ट्र से दूसरे विदेशी राष्ट्र तक माल की शिपमेंट से संबंधित वाणिज्यिक व्यापार जिसमें भारत का कोई मध्यवर्ती हो, सीआईटीईएस और स्कोमेट सूची में वस्तुओं/वस्तुओं को छोडकर आरबीआई दिशानिर्देशों के अनुपालन के अधीन है।

निर्यात :

2.40 मुक्त निर्यात

जब तक ये निर्यात आईटीसी (एचएस) या विदेश व्यापार नीति के किसी अन्य प्रावधान या तत्समय लागू किसी अन्य कानून द्वारा विनियमित न होते हों तो सभी वस्तुओं का निर्यात बिना किसी प्रतिबंध के किया जा सकता है। तथापि, महानिदेशक विदेश व्यापार सार्वजनिक सूचना के जरिए उन शर्तों को निर्धारित कर सकते हैं जिनके अनुसार आईटीसी (एचएस) में शामिल न की गई किसी वस्तु का प्राधिकार पत्र के बिना निर्यात किया जा सकता है।

2.41 सहायक विनिर्माताओं हेतु लाभ

सहायक विनिर्माता को प्राप्त होने वाले किसी लाभ (विदेश व्यापार नीति के पैरा 11.59 में यथा परिभाषित) को प्राप्त करने के लिए सहायक विनिर्माता तथा व्यापारी निर्यातक दोनों के नामों का संबंधित निर्यात दस्तावेजों विशेषतः कर बीजक/पोत लदान बिल/निर्यात बिल/एयरवे बिल पर उल्लेख किया जाना चाहिए।

2.42 तीसरा पक्ष निर्यात

अध्याय 11 में यथा परिभाषित तीसरे पक्ष द्वारा निर्यात (मान्य निर्यात को छोडकर) की अनुमति विदेश व्यापार नीति के तहत होगी। ऐसे मामलों में निर्यात दस्तावेजों जैसे पोत लदान बिलों पर विनिर्माण निर्यातक/विनिर्माता तथा तृतीय पक्ष निर्यातक/निर्यातकों दोनों के नामों का उल्लेख किया जाएगा। ई–बैंक प्राप्ति प्रमाण पत्र (ई–बीआरसी), निर्यात आदेश और बीजक तृतीय पक्ष निर्यातक के नाम में होने चाहिए।

विशिष्ट श्रेणियों का निर्यात

2.43 नमूनों का निर्यात

(क) मुक्त रूप से निर्यात योग्य मदों के वास्तविक व्यापार और तकनीकी नमूनों का निर्यात बिना किसी सीमा के अनुमत होगा।

(ख) नमूने और निःशुल्क माल के निर्यात की प्रक्रिया, प्रक्रिया पुस्तक के पैरा 2.63 में दिए गए प्रावधानों द्वारा अभिशासित होगी

2.44 उपहारों का निर्यात

किसी एक लाइसेंसिंग वर्ष में, खाद्य मदों सहित, 5,00,000/– रूपये तक के मूल्य की वस्तुओं का निर्यात उपहार स्वरूप किया जा सकेगा। तथापि, आईटीसी (एचएस) में निर्यात के लिए प्रतिबंधित सूची की मदों को उपहार के तौर पर बिना प्राधिकार पत्र के निर्यात नहीं किया जा सकता।

2.45 यात्री असबाब का निर्यात

(क) वास्तविक निजी सामान को या तो यात्रियों के साथ ही अथवा यदि साथ न ले जाना हो तो भारत से यात्री के प्रस्थान के पहले या बाद में एक वर्ष के अन्दर निर्यात किया जा सकता है। तथापि, आईटीसी (एचएस) में प्रतिबंधित मदों के लिए प्राधिकार पत्र लेना जरूरी होगा। तथापि, सरकारी तैनाती पर विदेश जाने वाले भारत सरकार के अधिकारियों को अपने नितान्त व्यक्तिगत उपयोग के लिए अपना व्यक्तिगत असबाब, खाद्य सामग्री (मुक्त, प्रतिबंधित या निषिद्ध) अपने साथ ले जाने की अनुमति होगी। पैरा के प्रावधान सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 के तहत जारी असबाब नियमावली के अध्यधीन होंगे।

(ख) उन मदों के नमूने जो विदेश व्यापार नीति के तहत अन्यथा निर्यात योग्य हैं, बिना प्राधिकार पत्र के यात्री असबाब के रूप में भी निर्यात किये जा सकते हैं।

2.46 निर्यात हेतु आयात

I

(क) विदेश व्यापार नीति के अनुसार आयातित माल, बिना किसी प्राधिकार पत्र के उसी या काफी हद तक उसी रूप में निर्यात किया जा सकता है, बशर्ते कि आयात या निर्यात की जाने वाली वस्तु आईटीसी (एचएस) की अनुसूचियों में आयात या निर्यात के लिए प्रतिबंधित नहीं है।

(ख) पूंजीगत माल (नए और पुराने दोनों) सहित माल को निर्यात के लिए आयात किया जा सकता है बशर्ते कि:

(i) आयातक सीमाशुल्क बांड के तहत माल की निकासी करता है,

(ii) माल मुक्त रूप से निर्यात योग्य हैं, अर्थात, "प्रतिबंधित" या "निषिद्ध" या राज्य व्यापार उद्यमों के माध्यम से विशिष्ट व्यापार या आईटीसी (एचएस) निर्यात नीति के अनुसूची–2 के तहत अपेक्षित किसी भी शर्त या आवश्यकता के अधीन नहीं है।

(iii) निर्यात मुक्त रूप से परिवर्तनीय मुद्रा या विदेश व्यापार नीति के पैरा 2.52 (घ) (ii) के अनुसार है।

(ग) उपर्युक्त (ख) में माल में आयात (निषिद्ध मदों को छोडकर) हेतु 'प्रतिबंधित' माल शामिल होगा।

(घ) पूंजीगत माल, जो मुक्त रूप से आयात योग्य और मुक्त रूप से निर्यात योग्य है, सीमाशुल्क प्राधिकारी के साथ एलयूटी/बीजी के निष्पादन पर निर्यात के लिए आयात किया जा सकता है।

(ड.) उपरोक्त के बावजूद, माल जो मुक्त रूप से आयात योग्य है उनका निर्यात की निषिद्ध या स्कोमेट सूची में दिए गए मदों को छोडकर उसी या काफी हद तक उसी रूप में पुनः निर्यात किया जा सकता है, भले ही निम्नलिखित शर्तों के अधीन ऐसा माल निर्यात के लिए "प्रतिबंधित सूची" के अंतर्गत हों,

(i) माल का भारत से उद्गम नहीं है,

(ii) आयातित माल को सीमाशुल्क विभाग की देख रेख में बॉन्डेड वेयरहाऊस में रखा जाएगा,

(iii) निर्यात की जाने वाली वस्तुओं को घरेलू उपभोग के लिए कभी मंजूरी नहीं दी गई हैं,

(iv) माल का निर्यात सीमाशुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 69 के अधीन होगा।

II

(क) मुक्त रूप से परिवर्तनीय मुद्रा में भुगतान के तहत आयात किए गए माल को केवल मुक्त रूप से परिवर्तनीय मुद्रा में भुगतान के तहत निर्यात के लिए अनुमति दी जाएगी, जब तक कि डीजीएफटी द्वारा अन्यथा अधिसूचित नही किया जाता है। पैरा 2.52 (घ) (i) के तहत आयातित माल पैरा 2.52 (घ) (ii) के अनुसार केवल भुगतान के तहत निर्यात हेतु अनुमत होगा, जब तक कि डीजीएफटी द्वारा अन्यथा अधिसूचित न हो।

(ख) अधिसूचित देशों (वर्ममान में केवल ईरान) को ऐसे माल के निर्यात की अनुमति भारतीय रुपये में भुगतान हेतु दी जाएगी, जो न्यूनतम 15 प्रतिशत मूल्यवर्धन के अधीन होगी।

(ग) हालांकि, खाद्य, दवा और चिकित्सा उपकरणों का पुनः निर्यात अर्थात आईटीसी (एचएस) अध्याय 2 से 4, 7 से 11, 15 से 21, 23, 30 के तहत शामिल मदें और आईटीसी (एचएस) के अध्याय–90 के शीर्षक 9018, 9019, 9020, 9021 और 9022 के तहत मदें ईरान को निर्यात हेतु न्यूनतम मूल्यवर्धन आवश्कता के अधीन नहीं होगा। हांलाकि, ईरान को इन मदों का निर्यात एफटीपी और आईटीसी (एचएस) की अन्य सभी शर्तों के अधीन होगा, जो लागू हो। आईटीसी (एचएस) 0407 और 0408 के तहत शामिल किए पक्षियों के अंडे और आईटीसी (एचएस) 1006 के तहत शामिल किए गए चावल उपरोक्त II(क) के अनुसार इस व्यवस्था के अंतर्गत शामिल नहीं हैं।

(घ) इस व्यवस्था के तहत निर्यात जैसा कि उपर्युक्त I(ङ.) और II(क), (ख) और (ग) पर है किसी भी निर्यात प्रोत्साहन के लिए पात्र नहीं होंगे।

2.47 प्रतिस्थापन माल का निर्यात

निर्यात करते समय यदि कोई माल या उसके हिस्से दोषपूर्ण/टूटे–फूटे अथवा अन्यथा प्रयोग के अयोग्य पाये गए तो उनका आयात प्रतिस्थापन के लिए सीमा शुल्क विभाग की अधिसूचना के अनुसार निर्यातक द्वारा निःशुल्क किया जाएगा और इस प्रकार के माल की सीमा शुल्क प्राधिकारियों द्वारा निर्यात हेतु अनुमति दी जा सकेगी, बशर्ते कि प्रतिस्थापन माल आईटीसी (एचएस) में निर्यात हेतु प्रतिबंधित या स्कोमेट मदों के तौर पर उल्लिखित न हो। यदि निर्यात का मद 'प्रतिबंधित' या स्कोमेट सूची के अधीन है तो निर्यातक को प्रतिस्थापन हेतु निर्यात लाइसेंस की आवश्यकता होगी।

2.48 मरम्मत किए गए माल का पुनः निर्यात

आईटीसी (एचएस) के तहत प्रतिबंधित मदों को छोडकर निर्यात करते समय कोई माल या उसके हिस्से दोषपूर्ण, टूटे–फूटे अथवा अन्यथा प्रयोग के अयोग्य पाये गए तो मरम्मत के लिए उनका आयात किया जा सकता है और बाद में पुनः निर्यात किया जा सकता है। ऐसे सामान की प्राधिकार पत्र के बिना और सीमा शुल्क अधिसूचना के अनुसार निकासी की अनुमति होगी। उस सीमा तक निर्यातक लौटाए गए माल पर प्राप्त लाभ/प्रोत्साहन लौटाएगा। यदि मद आयात के लिए 'प्रतिबंधित' है तो निर्यातक को आयात लाइसेंस की आवश्यकता होगी। तथापि, कंपनियों/फर्मों तथा मूल उपस्कर विनिर्माताओं द्वारा ऐसे खराब हिस्सों/पुर्जों का पुनः निर्यात करना अनिवार्य नहीं होगा यदि इन्हें विशेष रूप से मूल कारण का पता लगाने, परीक्षण और मूल्यांकन करने के उद्देश्य से आयात किया गया है।

2.49 अतिरिक्त पुर्जों का निर्यात

संयंत्र, उपकरण, मशीनरी, ऑटोमोबाइल्स के वारंटी पुर्जो (चाहे स्वदेशी अथवा आयातित) या कोई अन्य माल, [आईटीसी (एचएस) के तहत प्रतिबंधित मदों को छोडकर] को मुख्य उपकरण के साथ या बाद में निर्यात किया जा सकता है, लेकिन आरबीआई के अनुमोदन के अधीन ऐसे माल की वारंटी अवधि संविदा के भीतर हो।

2.50 दोषपूर्ण और उपयोग के लिए अनुपयुक्त पाए गए आयातित माल का पुनः निर्यात

सीमाशुल्क निकासी के बाद दोषपूर्ण पाए गए आयातित माल अथवा विनिर्देशों या आवश्यकताओं के अनुसार नहीं पाए जाने पर सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 के अनुसार पुनः निर्यात किया जा सकता है।

2.51 निर्यात के लिए निजी बाण्डेड गोदाम

(क) राजस्व विभाग द्वारा जारी अधिसूचनाओं की शर्तों के अनुसार विशेषतया निर्यात के लिए डीटीए में निजी बाण्डेड गोदाम की स्थापना की जा सकती है।

(ख) ऐसे गोदाम सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 65 के अनुसार विनिर्माण और अन्य कार्यों के लिए घरेलू निर्माताओं से माल खरीदने के पात्र होंगे।

आयात/निर्यात हेतु भुगतान और प्राप्ति

2.52 निर्यात संविदाओं का कोटिकरण

(क) सभी निर्यात संविदाओं और बीजकों को मुक्त रूप से परिवर्तनीय मुद्रा अथवा भारतीय रूपये के मूल्य वर्ग में रखा जाएगा किन्तु निर्यात प्राप्तियां मुक्त रूप से परिवर्तनीय मुद्रा में वसूल की जाएगी।

(ख) तथापि, विशेष निर्यातों के मद्दे निर्यात प्राप्तियां रूपयों में भी वसूल की जा सकती है, बशर्ते कि यह एशियाई समाशोधन संघ (एसीयू) के सदस्य देश या नेपाल या भूटान को छोडकर किसी भी देश में स्थित अप्रवासी बैंक के मुक्त रूप से परिवर्तनीय वोस्ट्रो खाते के जरिए हों। इसके अतिरिक्त वोस्ट्रो खाते के जरिए रूपये का भुगतान क्रेता द्वारा उसके अप्रवासी बैंक खाते में मुक्त विदेशी मुद्रा में भुगतान के मद्दे हो। इस सौदे के कारण खरीददार को अपने अप्रवासी बैंक को (बैंक सेवा प्रभार को घटाने के बाद) मुक्त विदेशी मुद्रा में किए गए भुगतान को विदेश व्यापार नीति के निर्यात संवर्धन स्कीमों के तहत निर्यात वसूली के रूप में गिना जाएगा।

(ग) संविदाओं (जिनके लिए भुगतान एशियन क्लीयरिंग यूनियन (एसीयू) के जरिए प्राप्त किए जाएंगे) को एसीयू डॉलर के मूल्य वर्ग में रखा जाएगा। तथापि, एसीयू के प्रतिभागी आरबीआई की अधिसूचनाओं के अनुसार एसीयू डॉलार या एसीयू में अपनी लेन–देन निष्पादित कर सकते हैं। केन्द्र सरकार उपयुक्त मामलों में इस पैराग्राफ के प्रावधानों से छूट दे सकती है। एक्जिम बैंक/भारत सरकार लाइन ऑफ क्रेडिट के मद्दे निर्यात ठेकों और बीजकों का भारतीय रूपयों में नामकरण किया जा सकता है।

(घ) निर्यात और आयात का बीजक, भुगतान और निपटान भी आरबीआई ए.पी. (डीआईआर सीरीज) परिपत्र सं. 10 दिनांक 11 जुलाई, 2022 के तहत अनुपालन के अधीन भारतीय रुपये में स्वीकार्य है। तदनुसार विदेशी मुद्रा प्रबंधन (जमा) विनियमन, 2016 के विनियमन 7(1) के तहत भारत में प्राधिकृत व्यापारी बैंकों द्वारा खोले गए विशेष रुपया वोस्ट्रो खातों के माध्यम से भारतीय रुपये में व्यापार लेन–देन का निपटान निम्नलिखित प्रक्रियाओं के अनुसार होगाः

(i) इस तंत्र के माध्यम से आयात करने वाले भारतीय आयातकों को भारतीय रुपये में भुगतान करना होगा, जिसे विदेशी विक्रेता/आपूर्तिकर्ता से माल या सेवाओं की आपूर्ति के लिए बीजक के तहत भागीदार देश के संपक्र बैंक के विशेष वोस्ट्रो खाते में जमा किया जाएगा।

(ii) इस तंत्र के माध्यम से वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात करने वाले भारतीय निर्यातकों को भागीदार देश के संपक्र बैंक के नामित विशेष वोस्ट्रो खातें में शेष राशि से भारतीय रुपये में निर्यात आय का भुगतान किया जाएगा।

2.53 भारतीय रुपये में निर्यात प्राप्तियों के लिए एफटीपी स्कीमों की अनुप्रयोज्यता

(i) ईरान को निर्यात के बदले भारतीय रुपये में प्राप्त निर्यात आय को विदेश व्यापार नीति के तहत निर्यात लाभ/प्रोत्साहन/निर्यात दायित्वों की पूर्ति के लिए अनुमति दी गई है, जो कि मुक्त रूप से परिवर्तनीय मुद्रा में प्राप्त निर्यात आय विदेश व्यापार नीति के पैरा 2.19 का अनुपालन के अधीन है।

(ii) पैरा 2.52 (घ) (ii) के अनुसार भारतीय रुपये में प्राप्त निर्यात आय को विदेश व्यापार नीति के तहत निर्यात लाभ/प्रोत्साहन/निर्यात दायित्वों को पूरा करने की अनुमति है।

2.54 निर्यात आय की वसूली नहीं होना

(क) यदि कोई निर्यातक भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्दिष्ट समय के भीतर निर्यात आय वसूल नहीं कर पाता है तो ऐसी स्थिति में, उस समय लागू किसी कानून के अन्तर्गत किसी दायित्व या दण्ड पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, उसे ऐसे निर्यातों के लिए उठाए गए सभी लाभों/प्रोत्साहनों को वापस करना होगा और उसके विरुद्ध विदेश व्यापार (विकास और विनियमन) अधिनियम, नियमों और उसके अंतर्गत जारी किए गए आदेशों और विदेश व्यापार नीति के प्रावधानों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

(ख) यदि निर्यातक अपने नियंत्रण से बाहर (अप्रत्याशित घटना) की वजह से निर्यात आय प्राप्त करने में असमर्थ होता है तो वह प्रक्रिया पुस्तक के पैरा 2.72 में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार प्राप्त न हुई राशि को बट्टे–खाते में डालने हेतु भारतीय रिजर्व बैंक से सम्पक्र कर सकता है।

(ग) बीमा कवर के माध्यम से प्राप्त भुगतान प्रक्रिया पुस्तक के पैरा 2.71 में दी गई प्रक्रिया के अनुसार एफटीपी के तहत लाभ का पात्र होगा।

2.55 निर्यात क्रेडिट एजेंसियां (ईसीए)

(i) निर्यात क्रेडिट एजेंसियां (ईसीए) निर्यात को सहायता प्रदान करने के लिए सरकार की नीति संबंधी साधन है। ईसीए बीमा, गारंटी और प्रत्यक्ष ऋण के द्वारा निर्यात को सहायता प्रदान करती है। निर्यात क्रेडिट एजेंसियां (ईसीए) जैसे भारतीय निर्यात क्रेडिट गारंटी निगम लि. (ईसीजीसी) निर्यात को और निर्यात क्रेडिट ऋण को क्रेडिट बीमा सहायता प्रदान करती है। निर्यातकों को ईसीजीसी द्वारा दिए गए कवर की देखरेख करती है, क्रेता के दिवालिएपन या चूक के कारण अथवा राजनीतिक जोखिम के कारण भुगतान असफल होने से उत्पन्न हानि के प्रति सुरक्षा प्रदान करती है। निर्यातक ऐसे कवर के द्वारा मौजूदा बाजारों की रक्षा के अलावा अपने बाजारों का विविधीकरण करते हैं। ईसीजीसी परियोजना निर्यात सहित मध्यम एवं दीर्घावधि (एमएलटी) निर्यात को भी सहायता देता है। एक्जिम बैंक एमएलटी निर्यात के ऋण के व्यवसाय में और सरकार की क्रेडिट लाइन को आगे बढाने के लिए दूसरी ईसीए है।

(ii) ईसीजीसी क्रेता के दिवालिएपन या चूक के कारण निर्यात व्यापार में निर्यातकों की हानि की क्षतिपूर्ति करता है। इसके अलावा पोत लदान कर दिए जाने के बाद युद्ध, अचानक आयात प्रतिबंध, कानून या आज्ञप्ति के प्रख्यापन जैसे राजनीतिक जोखिम के कारण हानि को भी कवर किया जाता है। पोत लदान कर दिए जाने के बाद पाटन–रोधी के कुछ उपाय या गैर–प्रशुल्क अवरोध राजनीतिक जोखिम के अधीन आएंगे। ऐसे मामले में ईसीजीसी द्वारा निर्यातकों के हित की रक्षा की जाती है।

निर्यात संवर्धन परिषदें :

2.56 आरसीएमसी जारी करने के लिए निर्यात संवर्धन परिशदों (ईपीसी) को पंजीकरण प्राधिकरण के रूप में कार्य करने के लिए चिन्हित करना।

(क) निर्यात संवर्धन परिषदें (ईपीसी) निर्यातकों के संगठन हैं जिनकी स्थापना भारतीय निर्यातों का संवर्धन और विकास करने के लिए की गई है। प्रत्येक परिषद एएएनएफ के परिशिष्ट 2न के अनुसार उत्पादों/परियोजनाओं/सेवाओं के एक विशिष्ट समूह के संवर्धन के लिए उत्तरदायी है।

(ख) ईपीसी अपने सदस्यों को पंजीकरण–सह–सदस्यता प्रमाण–पत्र (आरसीएमसी) जारी करने के लिए पंजीकरण प्राधिकरण के रूप में कार्य करने के लिए पात्र है। ईपीसी के लिए अपने सदस्यों को आरसीएमसी जारी करने के लिए पंजीकरण प्राधिकरण के रूप में चिन्हित करने के मानदंड प्रक्रिया–पुस्तक के पैरा 2.78 में दिए गए हैं।

2.57 पंजीकरण–सह–सदस्यता प्रमाण पत्र (आरसीएमसी)

(क) कोई भी व्यक्ति आयात/निर्यात (आईटीसी (एचएस) में' प्रतिबंधित' मदों के रूप में सूचीबद्ध मदों को छोडकर) हेतु प्राधिकार पत्र के लिए आवेदन कर रहा है या एफटीपी के तहत किसी अन्य लाभ या छूट के लिए आवेदन कर रहा है, उसे प्रक्रिया पुस्तक में विनिर्दिष्ट प्रक्रियाओं के अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रदान की गई आरसीएमसी जब तक कि विशेष रूप से एफटीपी के तहत छूट नहीं दी जाती है प्रदान करनी होगी।

(ख) मसाला बोर्ड द्वारा जारी मसाला निर्यातक के रूप में पंजीकरण प्रमाण पत्र (सीआरईएस) और कायर बोर्ड द्वारा जारी कायर एवं कायर उत्पादों के निर्यातक के रूप में पंजीकरण प्रमाण–पत्र को इस नीति के तहत पंजीकरण–सह–सदस्यता प्रमाण–पत्र (आरसीएमसी) के रूप में माना जाएगा।

2.58 नीतिगत व्याख्या

(क) नीतिगत व्याख्या, अथवा प्रक्रिया–पुस्तक के प्रावधान, परिशिष्टों और आयात निर्यात प्रपत्रों अथवा आईटीसी (एचएस) के आयात/निर्यात के लिए किसी मद के वर्गीकरण से संबंधित सभी मामलों पर विदेश व्यापार महानिदेशालय का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा।

(ख) विदेश व्यापार महानिदेशालय की सहायता करने और सलाह देने के लिए एक नीति व्याख्या समिति (पीआईसी) का गठन किया जा सकता है। पीआईसी की रचना निम्नानुसार होगी–

(i) महानिदेशक, विदेश व्यापारः अध्यक्ष
(ii) मुख्यालय के सभी अपर महानिदेशक विदेश व्यापारः सदस्य
(iii) नीतिगत मामलों को 'देखने वाले' मुख्यालय में कार्यरत सभी संयुक्त महानिदेशक, विदेश व्यापारः सदस्य
(iv) संयुक्त महानिदेशक, विदेश व्यापार (पीआरसी/पीआईसी): सदस्य–सचिव
(v) अध्यक्ष द्वारा सह–योजित संबंधित मंत्रालय/विभाग का कोई अन्य व्यक्ति/प्रतिनिधि

2.59 नीति/प्रक्रिया से छूट

विदेश व्यापार महानिदेशालय जनहित में ऐसे आदेश जारी कर सकता है अथवा ऐसी छूट, रियायत, उपाय प्रदान कर सकता है जो कि वह विदेश व्यापार नीति के किसी प्रावधान अथवा किसी प्रक्रिया से किसी व्यक्ति अथवा व्यक्तियों के वर्ग, अथवा श्रेणी पर, व्यापार पर विपरीत प्रभाव और वास्तविक कठिनाइयों के आधार पर उपयुक्त समझता है। ऐसी छूट प्रदान करते समय, विदेश व्यापार महानिदेशालय समिति से विचार–विमर्श करने के पश्चात् ऐसी शर्तें लगाा सकता है जो वह उपयुक्त मानता हो।

क्रम सं.	विवरण	समिति
(क)	सभी स्कीमों के तहत स्कीमों के तहत उत्पाद मानदण्डों का निर्धारण/संशोधन	मानदण्ड समितियां
(ख)	पूंजीगत माल (सीजी) और ईपीसीजी स्कीम के तहत लाभों का संबंध	ईपीसीजी समितियां
(ग)	अन्य सभी मामले	नीतिगत छूट समिति (पीआरसी)

2.60 शिकायत निवारण के लिए विदेश व्यापार महानिदेशालय द्वारा व्यक्तिगत सुनवाई

(क) सरकार व्यापार और उद्योग जगत से शिकायतों के तीव्र और शीघ्र समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। विदेश व्यापार नीति के पैराग्राफ 2.59 में व्यापार पर वास्तविक कठिनाईयों और विपरीत प्रभाव के आधार पर नीति और प्रक्रिया में छूट प्रदान करने का प्रावधान है। यदि कोई आयातक/निर्यातक नीतिगत छूट संबंधी समिति (पीआरसी) द्वारा लिए गए किसी निर्णय या विदेश व्यापार महानिदेशालय में किसी प्राधिकारी द्वारा किसी निर्णय/आदेश से असंतुष्ट है तो, परिशिष्ट 2ट के अनुसार निर्धारित आवेदन शुल्क के साथ व्यक्तिगत सुनवाई (पीएच) हेतु महानिदेशक के समक्ष विशिष्ट अनुरोध करना होगा। विदेश व्यापार महानिदेशालय संबंधित मानदण्ड समिति, ईपीसीजी समिति अथवा नीतिगत छूट समिति (पीआरसी) से विचार– विमर्श करने के पश्चात् छूट पर विचार कर सकता है और व्यक्तिगत सुनवाई के अनुसरण में सूचित निर्णय अन्तिम और बाध्यकारी होगा।

(ख) व्यक्तिगत सुनवाई का अवसर समय–समय पर यथासंशोधित विदेश व्यापार (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1992 के संबंधित प्रावधानों के तहत अधिनिर्णय कार्रवाई चाहे वह पहली अवस्था में हो अथवा अपीलीय अवस्था सहित किसी कार्यवाही में लिए गए निर्णय/आदेश पर लागू नहीं होगा।

2.61 निर्यात दायित्व चूक का नियमितीकरण और निपटान आयोग के माध्यम से सीमाशुल्क और ब्याज का निपटान

एफटीपी के तहत चूक करने वाली फर्मों को उनके नियंत्रण से परे कारणों से सहायता प्रदान करने की दृष्टि से साथ–ही–साथ अनुत्पादक इकाईयों के विलय, अधिग्रहण और पुनर्वास की सुविधा के लिए, यह निर्णय लिया गया है कि राजस्व विभाग में निपटान आयोग को ऐसे मामलों का भी निर्णय लेने के लिए दिनांक 01.04.2005 से अधिकार दिया जाए। हालांकि, ऐसे मामलों में जहां मामला एनसीएलटी के दायरे में हैं, एफटीपी का पैरा 2.15 लागू होगा।

उद्गम होने वाले माल का स्व–प्रमाणन

2.62 उद्गम के प्रमाणपत्र के स्वप्रमाणन के लिए अनुमोदित निर्यातक स्कीम

(i) फिलहाल विविध तरजीही व्यापार समझौतों (पीटीए), मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए), समग्र आर्थिक सहयोग समझौतों (सीईसीए) और समग्र आर्थिक सहभागिता समझौतों (सीईपीए) के तहत उद्गम के प्रमाणपत्र परिशिष्टों और आयात निर्यात प्रपत्रों के परिशिष्ट 2ख के अनुसार नामित एजेंसियों के द्वारा जारी किए जाते हैं। सौदा लागत को कम करने के उद्देश्य से स्वप्रमाणन की एक वैकल्पिक प्रणाली शुरु की जा रही है।

(ii) विनिर्माता जो कि स्तर धारक भी हैं अनुमोदित निर्यातक स्कीम के भी पात्र होंगे। अनुमोदित निर्यातक अपने विनिर्मित माल को प्रचलित विविध पीटीए/एफटीए/सीईसीए/सीईपीए के तहत तरजीही समझौते को पास करने के उद्देश्य से भारत में बनाया हुआ दर्शाने के लिए स्वप्रमाणित करने के हकदार होंगे। स्वप्रमाणन केवल उसी माल के लिए अनुमत होगा जोकि विनिर्माताओं को जारी औद्योगिक उद्यम संबंधी ज्ञापन (आईईएम)/औद्योगिक लाइसेंस (आईएल)/आशय–पत्र (एलओआई) के अनुसार हो।

(iii) परिशिष्ट और आयात–निर्यात प्रपत्रों के परिशिष्ट 2च के साथ पठित प्रक्रिया–पुस्तक के पैरा 2.94 के विवरणों के अनुसार डीजीएफटी द्वारा अपेक्षित अवसंरचना, क्षमता और प्रशिक्षित मानव शक्ति की उपलब्धता के आधार पर स्व–प्रमाणन के लिए प्राधिकृत निर्यातकों के रूप में स्तरधारकों की पहचान की जाएगी।

(iv) दण्ड प्रावधानों के साथ स्कीम का विवरण परिशिष्ट और आयात–निर्यात प्रपत्रों के परिशिष्ट 2च में दिया गया है और केवल तभी लागू होगा जब भारत स्कीम को अपने सहभागी/सहभागियों के साथ एक विशिष्ट समझौते के रूप में शामिल करता है और इसे डीजीएफटी द्वारा उपयुक्त रूप से अधिसूचित किया जाता है। इसके अलावा जिन संस्थाओं को इस तरह के स्व–प्रमाणन को एफटीए/पीटीए के तहत द्विपक्षीय रूप से विस्तारित किया जाएगा, यह एफटीए के प्रावधानों और शर्तों के अधीन होंगे।

2.63 यूरोपीय संघ सामान्यीकृत अधिमानता प्रणाली (ईयू–जीएससी) के लिए माल के उद्गम का प्रमाणपत्र

निर्यातक पंजीकृत निर्यातक प्रणाली (आरईएक्स) के तहत यूरोपीय संघ (ईयू) की यूरोपीय संघ सामान्यीकृत अधिमानता प्रणाली (ईयू–जीएसपी) के लिए माल के उद्गम पर प्रमाणन हेतु स्व–प्रमाणन स्कीम के अनुसार स्वप्रमाणित कर सकते हैं जैसा कि प्रक्रिया पुस्तक के पैरा 2.89 [क] (ग) में दिया गया है।

परिशिष्ट– I (पैरा 2.18)

2.18 कोरिया लोक जनतांत्रिक गणराज्य (डीपीआरके) से/को प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष आयात और निर्यात पर निशेध

"निर्यात पर निषेध :

(क) कोरिया लोक जनतांत्रिक गणराज्य (डीपीआरके) को निम्नलिखित मदों का प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष आपूर्ति, बिक्री, हस्तांतरण या निर्यात निषिद्ध है :–

(i) परम्परागत हथियार संबंधी संयुक्त राष्ट्र रजिस्टर में यथा परिभाषित कोई बैटल टैंक, आर्मर्ड कम्बैट वाहन, बडी क्षमता की आर्टिलरी प्रणाली, कम्बैट एयरक्राफट, अटैक हैलिकॉप्टर, युद्धपोत, मिसाइल प्रणाली या कलपूर्जे सहित संबंधित सामग्री,

(ii) छोटे हथियार और हल्के हथियार और उससे संबंधित सामग्री सहित सभी हथियार और संबंधित सामग्री,

(iii) संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) और अन्तर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के दस्तावेजों में यथा उल्लिखित सभी मदें, सामग्री, उपकरण, माल और प्रौद्योगिकी,

1. एस/2006/853*,
2. एस/2006/853/कोर.1,
3. एस/2009/364 का भाग ख,
4. संकल्प 2094 (2013) का अनुलग्नक – III
5. एस /2016/1069,
6. आईएनएफसीआईआरसी /254/रेव. 12/ भाग –1 का अनुलग्नक–क (आईएईए दस्तावेज),
7. आईएनएफसीआईआरसी /254/रेव. 9/ भाग –2 का अनुलग्नक (आईएईए दस्तावेज),
8. एस/2014/253,
9. एस/2016/308,
10. संकल्प 2321 (2016) का अनुलग्नक – III, और
11. केन्द्र सरकार द्वारा यथा निर्धारित कोई मदें, सामग्री, उपकरण, माल और प्रौद्योगिकी जिनसे कोरिया लोक जनतांत्रिक गणराज्य के परमाणु – संबंधी, बैलिस्टिक मिसाइल संबंधी या अन्य व्यापक नर संहार संबंधी हथियारों के कार्यक्रमों में योगदान हो सकता है,

(iv) संकल्प 2094 (2013) के अनुलग्नक–IV, संकल्प 2270 (2016) के अनुलग्नक–IV और संकल्प 2321 (2016) के अनुलग्नक–IV में विनिर्दिष्ट मदों सहित किन्तु इन्हीं मदों तक सीमित नहीं, आईटीसी (एचएस) निर्यात नीति, 2018 की अनुसूची

2 के अध्याय 22 औ 24 के तहत विलासिता संबंधी माल जिसमें अनडिनाचर्ड एथिल अल्कोहल [एचएस कोड 2207 और 2208] और सिगार, चेस्ट, सिगारिलोस और सिगरेट, तंबाकू या तंबाकू के विकल्प [एचएस कोड 2402] शामिल है।

(v) खाद्य पदार्थ या दवाई को छोडकर केन्द्र सरकार द्वारा यथा निर्धारित मदें जो कोरिया लोक जनतांत्रिक गणराज्य के सशस्त्र बलों की प्रचालनात्मक क्षमताओं के विकास में योगदान दे सकती हैं। यह उपाय संकल्प 2270 (2016) के पैराग्रफ 8(क) और (ख) में निर्धारित छूट के अधीन है।

आयात पर निषेधः

(ख) उपर्युक्त उप–पैराग्राफ (क)(i), (क)(ii), (क)(iii), (क)(iv), की मदों का कोरिया लोक जनतांत्रिक गणराज्य से अप्रत्यक्ष अथवा प्रत्यक्ष प्रापण या आयात, चाहे कोरिया लोक जनतांत्रिक गणराज्य में उत्पादित हो या न हो, निषिद्ध है।

क्षेत्रीय निषेधः (निर्यात)

(ग) कोरिया लोक जनतांत्रिक गणराज्य को निम्नलिखित मदों की प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष आपूर्ति, बिक्री, हस्तांतरण या निर्यात निषिद्ध हैः

(i) मामला–दर–मामला आधार पर समिति द्वारा अग्रिम में यथा अनुमोदित मामले को छोडकर नए हेलीकोप्टर और वेसल्स,

(ii) वायुयान गैसोलीन, नाप्था प्रकार का जेट ईंधन, केरोसिन प्रकार का जेट ईंधन और केरोसिन –प्रकार के राकेट ईंधन सहित वायुयान ईंधन। यह उपाय संकल्प 2270 (2016) के पैराग्राफ 31 एवं संकल्प 2321(2016) के पैराग्राफ 20 के प्रावधानों के अधीन है,

(iii) संघनन और प्राकृतिक गैस द्रव्य,

(iv) परिष्कृत पेट्रोलियम उत्पाद। यह उपाय संकल्प 2397 (2017) के पैराग्राफ 5 में निर्धारित सीमाओं, छूट ओर प्रकियाओं के अधीन है,

(v) कच्चा तेल। यह उपाय संकल्प 2397(2017) के पैराग्राफ 4 में निर्धारित, छूट और प्रक्रियाओं के अधीन है,

(vi) सभी औद्योगिक मशीनरी [आईटीसी (एचएस) का अध्याय 84 एंव 85] परिवहन वाहन [आईटीसी (एचएस) के अध्याय 86 से 89] और लोहा, इस्पात और अन्य धातु [आईटीसी (एचएस) के अध्याय 72 से 83] यह उपाय संकल्प 2397(2017) के पैरा 7 में निर्धारित छूट के अधीन है।

क्षेत्रीय निषेध (आयात)

(घ) कोरिया लोक जनतांत्रिक गणराज्य से निम्नलिखित मदों का प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष प्रापण या आयात निषिद्ध हैः

(i) कोयला, लोहा और लौह अयस्क। यह उपाय संकल्प 2371 (2017) के पैराग्राफ 8 में निर्धारित छूट और प्रक्रियाओं के अधीन है,

(ii) सोना, टाइटेनियम अयस्क, वेनेडियम अयस्क और पृथ्वी के दुर्लभ खनिज,

(iii) तांबा, निकेल, चांदी और जस्ता,

(iv) मामला–दर–मामला आधार पर समिति द्वारा अग्रिम में यथा अनुमोदित को छोडकर मूर्तियां, और

(v) समुद्री खाद्य पदार्थ (मछली, क्रेस्टेशन, मोलस्क और सभी रुपों के अन्य जलीय अकशेरूकी सहित)। यह उपाय सकंल्प 2371 (2017) के पैराग्राफ 9 और संकल्प 2397 (2017) के पैरा 6 कें निर्धारित छूट और प्रक्रियाओं के अधीन है,

(vi) सीसा और सीसा अयस्क। यह उपाय संकल्प 2371 (2017) के पैराग्राफ 10 में निर्धारित छूट और प्रक्रियाओं के अधीन है,

(vii) वस्त्र (कपडे और आंशिक या पूर्ण परिधान उत्पाद सहित किन्तु उन तक सीमित नहीं)। यह उपाय संकल्प 2375 (2017) के पैराग्राफ 16 में निर्धारित छूट और प्रक्रियाओं के अधीन है,

(viii) खाद्य एंव कृषि उत्पाद [आईटीसी (एचएस) का अध्याय 12, 08, 07] मशीनरी [आईटीसी (एचएस) का अध्याय 84] विद्युतीय उपस्कर [आईटीसी (एचएस) का अध्याय 85] मैग्नेसाइट एंव मैग्नेश्यिम सहित मृदा और पत्थर [आईटीसी (एचएस) का अध्याय 25] काष्ठ [आईटीसी (एचएस) का अध्याय 44] और वेसल [आई टी सी (एच एस) का अध्याय 89]। यह उपाय संकल्प 2397 (2017) के पैराग्राफ 6 में निर्धारित प्रक्रियाओं के अधीन है।

व्याख्याः

(क) यूएनएससी का अर्थ संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से है,

(ख) आईएईए का अर्थ अन्तर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी है,

(ग) समिति का अर्थ संकल्प 1718 (2006) के पैराग्राफ 12 के अनुसार स्थापित संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की समिति से है,

(घ) संकल्प, जैसा भी मामला हो, का अर्थ कोरिया लोक जनतांत्रिक गणराज्य संबंधी संयुक्त राष्ट्र के चार्टर के अध्याय VII के तहत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के संकल्पों यथा 1718(2006), 1874(2009), 2087(2013), 2094(2013), 2270(2016), 2231 (2016), 2356(2017), 2371(2017), 2375(2017) और 2397(2017) से है।"

अध्याय–3

जिलों का निर्यात हब के रूप में विकास

03.00 उद्देश्य

देश के जिलों को जिले में निर्यात क्षमता वाले उत्पादों और सेवाओं की पहचान कर, इन उत्पादों/सेवाओं का निर्यात करने में आने वाली बाधाओं को दूर कर, जिले में निर्यात, विनिर्माण एवं सेवा उद्योग को बढाने के उद्देश्य से स्थानीय निर्यातकों/विनिर्माताओं को भारत के बाहर संभावित खरीदारों को ढूढने हेतु जिलों को निर्यात हब के रूप में परिवर्तित करने के लिए प्रेरित करना। इसका लक्ष्य जिला स्तर पर निर्यातों के संबंध में वृहत्तर स्तर पर जागरूकता और प्रतिबद्धता लाना, नये निर्यातकों को बनाने के लिए क्षमता निर्माण करना और फोकसयुक्त उत्पादों और सेवाओं हेतु नये बाजारों की पहचान करना है। विदेशी बाजारों में निर्यात के अवसरों का लाभ प्राप्त करने के लिए यह एमएसएमई, किसानों और लघु स्तर के उद्योगों को सशक्त भी बनाएगा। इस विकेन्द्रित और फोकस युक्त उपागम से जिलों से उत्पादों और सेवाओं को वैश्विक मंच प्रदान करके आत्म पर्याप्तता और आत्मनिर्भरता के लिए जिले के नेतृत्व में निर्यात वृद्धि पर ध्यान केंद्रित होगा।

3.01 जिला निर्यात संवर्धन समितियां – जिला स्तर पर संस्थागत तंत्र

प्रत्येक जिले में ऐसे उत्पाद और सेवाएं हैं, जिनका निर्यात किया जा रहा है और नए उत्पादों/सेवाओं के साथ, उत्पादन बढाने, निर्यात बढाने, आर्थिक गतिविधि उत्पन्न करने और *आत्मनिर्भर भारत, वोकल फॉर लोकल* और *मेक इन इंडिया* के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए इसे और बढावा दिया जा सकता है। प्रत्येक जिले में निर्यात क्षमता वाले उत्पादों/सेवाओं (जीआई उत्पाद, कृषि क्लस्टर, खिलौना कल्स्टर इत्यादि) की पहचान की जानी चाहिए और जिला स्तर पर जिला निर्यात संवर्धन समितियों (डीईपीसी) के रूप में संस्थागत तंत्र का निर्माण किया जाना चाहिए ताकि निर्यात संवर्द्धन हेतु सहायता प्रदान की जा सके और जिलों में निर्यात वृद्धि की बाधाओं को दूर किया जा सके।

प्रत्येक जिले में एक जिला निर्यात संवर्धन समिति (डीईपीसी) का गठन किया जाएगा जिसकी अध्यक्षता जिले के कलेक्टर/डीएम/डीसी द्वारा और उसकी सह अध्यक्षता नामित डीजीएफटी क्षेत्रीय प्राधिकारी द्वारा की जाएगी जिसमें विभिन्न अन्य हितधारक इसके सदस्य होंगे।

डीईपीसी का प्राथमिक कार्य केंद्र, राज्य और जिला स्तर से सभी संबंधित हितधारकों के सहयोग से जिला विशिष्ट निर्यात कार्य योजनाओं को तैयार करना और इसका कार्यान्वयन करना होगा।

डीजीएफटी के क्षेत्रीय प्राधिकारी प्रत्येक जिले में इस पहल को आगे बढाने के लिए संबंधित राज्य और केन्द्रीय एजेंसियों के साथ मिल कर कार्य करेंगे।

3.02 प्रत्येक जिले के लिए जिला निर्यात कार्य योजना

प्रत्येक जिले के लिए जिला निर्यात कार्य योजना (डीईएपी) तैयार की जाएगी। जिलों से अधिक संभावना वाले 2–3 उत्पादों/सेवाओं को प्राथमिकता दी जाए और उनकी निर्यात वृद्धि के लिए व्यापक योजना तैयार की जा सकती है। इसमें स्थानीय उद्योग द्वारा अपने विनिर्माण और निर्यात को बढावा देने के लिए उत्पादन चरण से लेकर निर्यात चरण तक उद्योग का समर्थन करने पर जोर के साथ आवश्यक सहायता शामिल होगी। डीईएपी में अल्पावधि और दीर्घावधि में हासिल किए जाने वाले विशिष्ट मात्रात्मक लक्ष्य शामिल होंगे। ये योजनाएं उन हस्तक्षेपों की रूपरेखा तैयार कर सकती हैं जो जिलों से पहचाने गए उत्पादों और सेवाओं के निर्यात को बढावा देने के लिए आवश्यक हैं। प्रत्येक जिले के डीईपीसी द्वारा डीईएपी को औपचारिक रूप से पारित किए जाने के पहले डीईपीसी और विभिन्न हितधारकों द्वारा विचार–विमर्श किया जा सकता है। प्रत्येक जिले के डीईएपी को एक बार अंगीकार करने के बाद एक विशिष्ट पोर्टल पर सार्वजनिक डोमेन में प्रकाशित किया जा सकता है।

3.03 राज्य/संघ राज्य क्षेत्र निर्यात संवर्धन समितियां

राज्य से निर्यातों के संवर्धन के लिए वाणिज्य विभाग/डीजीएफटी और राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के प्रयासों में ताल–मेल हेतु प्रत्येक राज्य एक राज्य निर्यात संवर्धन समिति (एसईपीसी) का गठन करेगा जिसका नेतृत्व राज्य के मुख्य सचिव करेंगे। डीजीएफटी का नामित क्षेत्रीय प्राधिकारी समिति का सह–संयोजक होगा।

3.04 नोडल डीजीएफटी क्षेत्रीय प्राधिकारी

राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के जिलों को क्षेत्राधिकार प्राप्त डीजीएफटी क्षेत्रीय प्राधिकारी सौंपे गए हैं और नोडल क्षेत्रीय प्राधिकारी अपने क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत जिलों के लिए उन जिलों में निर्यात हब के रूप में जिला पहल से संबंधित सभी गतिविधियों के लिए जिम्मेदार होंगे।

3.05 जिला निर्यात कार्य योजनाओं की ऑनलाइन निगरानी

डीजीएफटी एक ऑनलाइन निगरानी पोर्टल विकसित करेगा जिसे डीजीएफटी की वेबसाइट पर देखा जा सकता है जिससे राज्य/डीजीएफटी के क्षेत्रीय प्राधिकारी प्रत्येक जिले के निर्यात संभावित उत्पादों/सेवाओं से संबंधित सभी जानकारी अपलोड करने में सक्षम हो सकें। पोर्टल, जिला निर्यात कार्रवाई योजना और डीईपीसी बैठकों की सभी जिलों में हुई प्रगति की निगरानी करने में भी मदद कर सकता है। प्रत्येक डीजीएफटी क्षेत्राधिकार प्राप्त क्षेत्रीय प्राधिकारी (आरए) अपने क्षेत्राधिकार के अधीन मूलतः प्रत्येक जिले में निर्यात कार्रवाई योजना के कार्यान्वयन हेतु सूचना/प्रगति को अद्यतन करने के लिए जिम्मेदार होंगे। सूचना और रिपोर्टें निर्यातकों के लाभ के लिए पब्लिक डोमेन पर भी उपलब्ध हो सकती है।

3.06 जिलों में निर्यात संवर्धन क्रियाकलाप

प्रत्येक जिले में स्थानीय उद्योगों के उत्पाद/ क्षेत्र विशिष्ट प्रशिक्षण और विकास से संबंधित आवश्यकताओं, क्रेता–विक्रेता बैठक, व्यापार मेलों, कार्यशालाओं आदि सहित आउटरीच क्रियाकलापों के माध्यम से सूचना के प्रसार के रूप में सहायता प्रदान की जा सकती है। जिला के उद्योगों की प्रशिक्षण और विकास आवश्यकताओं को चिन्हित किया जा सकता है और प्रशिक्षण को अन्य विभागों के साथ समन्वित किया जा सकता है। डीईपीसी के माध्यम से डीजीएफटी के क्षेत्रीय प्राधिकारी जिले में क्रेता–विक्रेता बैठक, प्रदर्शनियों, व्यापार मेलों आदि की सुविधा प्रदान कर सकता है जिससे उद्योगों को अपने उत्पादों/सेवाओं को दुनिया में प्रदर्शित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके।

3.07 जिला निर्यात कार्य योजनाओं का कार्यान्वयन

प्रत्येक जिले में जिला निर्यात संवर्धन समिति द्वारा अधिसूचित जिला निर्यात कार्य योजना में जिले में निर्यात संभावना वाले उत्पादों (वस्तुओं और सेवाओं) की स्पष्ट पहचान, संस्थागत/अन्य जिम्मेदारियां, नीति की बारीकियां, विनियामक और प्रचालन सुधार और उत्पादक/फार्म से लेकर निर्यात गंतव्य तक की पूरी श्रृंखला में आवश्यक अवसंरचनाओं/उपयोगिताओं/लॉजिस्टिक्स के हस्तक्षेप शामिल हो सकते हैं ताकि उत्पादन, उत्पादकता/प्रतिस्पर्धात्मकता डिजाइन में आवश्यक सुधार, निर्यातकों के साथ उत्पादकों का टाई–अप, एकत्रीकरण, छंटाई, परीक्षण, प्रमाणन, पैकेजिंग, कोल्ड चेन या अन्य माध्यम से परिवहन, आयात–निर्यात औपचारिकताओं, गंतव्य देशों के मानकों की पूर्ति आदि जैसे पहलुओं को कवर किया जा सके। इसमें जीआई उत्पादन, पंजीकरण, विपणन और इसके निर्यात में अवरोधों/समस्याओं की पहचान करना भी शामिल हो सकते हैं। इस योजना में स्थानीय उद्योग द्वारा उत्पादन चरण से लेकर निर्यात चरण तक उद्योग की सहायता पर जोर के साथ, उनके विनिर्माण और निर्यात को बढाने में अपेक्षित सहायता भी शामिल होगी।

एक बार योजना को औपचारिक रूप से प्रत्येक जिले के डीईपीसी द्वारा अंगीकार किए जाने के बाद इस योजना को जिलों से निर्यात वृद्धि को बढावा देने के लिए किए जाने वाले अपेक्षित परियोजनाओं/क्रियाकलापों को चिन्हित करके डीईपीसी द्वारा कार्यान्वित किया जा सकता है। प्राथमिकता पर विभिन्न स्कीमों का कन्वर्जेंस किया जाएगा ताकि सहक्रिया का निर्माण किया जा सके और अवसंरचना विकास तथा कौशल/क्षमता निर्माण कार्यकताओं के लिए उपलब्ध केन्द्रीय सरकार और राज्य सरकारों की स्कीम संबंधी निधियों तक पहुंचा जा सके। वाणिज्य विभाग की स्कीमों जैसे कि बाजार अभिगम पहल, निर्यात बंधु योजना आदि में भी जिला निर्यात कार्य योजना के तहत चिन्हित जिला विशिष्ट आवश्यकताओं को प्राथमिकता दी जा सकती है।

अध्याय–4

शुल्क विमुक्ति/रियायत स्कीम

4.00 उद्देश्य

इस अध्याय के तहत स्कीमें निविष्टियों की पुनःपूर्ति अथवा शुल्क रियायत सहित निर्यात उत्पादन के लिए निविष्टियों के शुल्क मुक्त आयात को समर्थ बनाती हैं।

4.01 स्कीमें

(क) शुल्क छूट स्कीमें

शुल्क छूट स्कीम में निम्नलिखित शामिल हैं :

- अग्रिम प्राधिकार पत्र (एए) (जिसमें वार्षिक आवश्यकता के लिए अग्रिम प्राधिकार पत्र सम्मिलित होगा)
- शुल्क मुक्त आयात प्राधिकार पत्र (डीएफआईए)

(ख) शुल्क रियायत स्कीम

राजस्व विभाग द्वारा प्रशासित, शुल्क वापसी स्कीम (डीबीके)

(ग) वस्त्र मंत्रालय द्वारा अधिसूचित राज्य और केंद्रीय करों और लेवीज (आरओएससीटीएल) पर छूट हेतु स्कीम

(घ) वाणिज्य विभाग द्वारा अधिसूचित और राजस्व विभाग द्वारा प्रशासित निर्यात किए गए उत्पादों पर शुल्क और करों की छूट हेतु स्कीम (आरओडीटीईपी)।

4.02 नीति और प्रक्रिया की अनुप्रयोज्यता

इस अध्याय के तहत प्राधिकार पत्र को प्राधिकार पत्र जारी करने की तिथि से प्रभावी नीति और प्रक्रिया के अनुसार जारी किया जाएगा।

4.03 अग्रिम प्राधिकार पत्र

(क) अग्रिम प्राधिकार पत्र उन निविष्टियों के शुल्क मुक्त आयात की अनुमति हेतु जारी किया जाता है, जो कि निर्यात उत्पाद में वास्तविक रूप से सम्मिलित हैं (अपशिष्ट के लिए सामान्य अनुमति देते हुए)। इसके अतिरिक्त ईंधन, तेल, उत्प्रेरकों जो निर्यात उत्पाद के उत्पादन की प्रक्रिया में उपभोग/प्रयुक्त किए जाते हैं, भी अनुमत होंगें।

(ख) अग्रिम प्राधिकार पत्र निम्नलिखित आधार पर परिणामी उत्पाद के संबंध में इनपुट के लिए जारी किया जाता हैः

(i) अधिसूचित मानक निविष्टि उत्पादन मानदंड (सिओन) के अनुसार (प्रक्रिया पुस्तक में उपलब्ध),

अथवा

(ii) प्रक्रिया पुस्तक के पैराग्राफ 4.07 के अनुसार स्व–घोषणा के आधार पर,

अथवा

(iii) प्रक्रिया पुस्तक के पैरा 4.06 के अनुसार मानदंड समिति द्वारा मानदंड का आवेदक विशिष्ट पूर्व निर्धारण।

अथवा

(iv) विदेश व्यापार नीति के पैरा 4.06 के अनुसार स्व–अनुसमर्थन स्कीम के आधार पर।

4.04 मसालों के लिए अग्रिम प्राधिकार पत्र

आईटीसी (एचएस) के अध्याय–9 के अंतर्गत शामिल मसालों के शुल्क मुक्त आयात को केवल तेलों या ओलिओरेसिंस की क्रशिंग/पीसने/जीवाणु मुक्त करने/बनाने जैसी गतिविधियों के लिए अनुमति है। प्राधिकार पत्र केवल सफाई, ग्रेडिंग, पुनः पैकिंग, आदि के लिए उपलब्ध नहीं होगा।

4.04क परिधान सामग्री और वस्त्र की सहायक सामग्री के निर्यात हेतु विशेष अग्रिम प्राधिकार पत्र स्कीम।

निर्यात एवं आयात के आईटीसी (एचएस) वर्गीकरण के अध्याय 61 और 62 के अंतर्गत आने वाली वस्तुओं के निर्यात के लिए इस योजना हेतु जारी की गई सीमाशुल्क विभाग की अधिसूचना के अनुसार, परिधान सामग्री और वस्त्र की सहायक सामग्री के निर्यात के लिए विशेष अग्रिम प्राधिकार पत्र स्कीम के तहत फैब्रिक के शुल्क मुक्त आयात की अनुमति दी जाएगी, जो निम्नलिखित नियम और शर्तों के अधीन होगी:

(i) मानदंड समिति द्वारा मानक निविष्टि उत्पादन मानदंड (सिओन) या मानदंडों के पूर्व निर्धारण के आधार पर प्राधिकार पत्र जारी किया जाएगा।

(ii) प्रक्रिया पुस्तक के पैरा 4.07 के अनुसार स्व–घोषणा के आधार पर प्राधिकार पत्र जारी किया जाएगा। ऐसे मामलों, तदर्थ–मानदंड को 90 दिनों की विहित समयावधि के भीतर निर्धारित करना होगा।

(iii) निविष्टि के रूप में केवल अस्तर सहित संबद्ध फैब्रिकों के आयात हेतु प्राधिकार पत्र जारी किया जाएगा। इस प्राधिकार पत्र के तहत किसी अन्य निविष्टि, पैकिंग सामग्री, ईंधन, तेल और उत्प्रेरक के आयात के लिए अनुमति नहीं दी जाएगी।

(iv) निर्यातक गैर–फैब्रिक निविष्टियों के लिए इस स्कीम हेतु केन्द्र सरकार द्वारा यथा निर्धारित शुल्क वापसी की समग्र औद्योगिक दर के लिए पात्र होंगे। एफटीपी के पैरा 4.08 के मूल्य वर्धन मानदंड के प्रयोजन के लिए प्रयुक्त ऐसी किसी अन्य निविष्टि का मूल्य जिस पर शुल्क वापसी के लाभ का दावा किया जाता है या दावा किए जाने का आशय है, किए गए निर्यात के एफओबी मूल्य के 22% के बराबर होगा। न्यूनतम मूल्य वर्धन एफटीपी के पैरा 4.09 के अनुसार होगा।

(v) जहां निर्यातक क्षेत्राधिकार प्राप्त सीमा शुल्क प्राधिकारी द्वारा निर्धारित और नियत शुल्क वापसी का दावा करना चाहता है (ब्रांड दर), तो वह प्राधिकार पत्र के लिए आवेदन में की जाने वाली घोषणाओं के संबंध में एफटीपी के पैरा 4.15 का पालन करेगा और ब्रांड दर हेतु दावा के तहत निर्यात करेगा। ऐसे मामलों में मूल्य वर्धन एफटीपी के पैरा 4.08 के अनुसार होगा। न्यूनतम मूल्य वर्धन एफटीपी के पैरा 4.09 के अनुसार होगा।

(vi) प्राधिकार पत्र और आयातित फैब्रिक वास्तविक प्रयोक्ता शर्तों के अधीन होगा। निर्यात दायित्व के पूरा होने के बाद भी यह हस्तांतरणीय नहीं होगा। हालांकि आयात किया गया फैब्रिक पंजीकरण के पत्तन पर सीमा शुल्क प्राधिकारी को सूचना देकर जीएसटी अधिनियमों के प्रावधानों के अनुसार जॉबवक्र के लिए स्थानांतरित किया जा सकता है (केन्द्रीय उत्पाद शुल्क से क्षेत्र आधारित छूट के लिए पात्र क्षेत्रों में अवस्थित इकाइयों को छोडकर)। प्राधिकार–पत्र का अवैधीकरण अनुमत नहीं होगा।

(vii) आयात किया जाने वाला फैब्रिक आयात पूर्व शर्तों के अधीन होगा और इसे वास्तविक रूप से निर्यात उत्पाद में शामिल किया जाएगा (अपशिष्ट के लिए सामान्य अनुमति देते हुए)। केवल वास्तविक निर्यात ही निर्यात दायित्व को पूरा करेगा।

(viii) विदेश व्यापार नीति के पैराग्राफ 4.02, 4.05 (क), 4.13 (i), 4.13 (ii), 4.14, 4.15, 4.17, 4.19, 4.21 (i), 4.21 (ii),4.21 (iii),4.21 (iv), 4.22, और 4.23 के प्रावधान लागू होंगे, जब तक कि वे इस स्कीम के साथ असंगत न हों।

4.05 पात्र आवेदक/निर्यात/आपूर्ति

(क) अग्रिम प्राधिकार पत्र विनिर्माता निर्यातकों या व्यापारी निर्यातक जो सहायक विनिर्माताओं से संबंद्ध है, को जारी किया जा सकता है।

(ख) नान–इन्फ्रिजिंग (एनआई) प्रक्रिया (प्रक्रिया पुस्तक के पैराग्राफ 4.18 में निर्दिष्ट अनुसार) के माध्यम से निर्मित फार्मास्युटिकल उत्पादों के लिए अग्रिम प्राधिकार–पत्र केवल विनिर्माता निर्यातक को जारी किया जाएगा।

(ग) अग्रिम प्राधिकर पत्र निम्न के लिए जारी किया जाएगा :

(i) वास्तविक निर्यात (एसईजैड को किए गए निर्यात सहित),

(ii) अन्तर्वर्ती आपूर्तियॉ, और/अथवा

(iii) इस विदेश व्यापार नीति के पैराग्राफ 7.02(ख), (ग), (घ) (ड.), (च) और (छ) में उल्लिखित श्रेणियों के लिए माल की अपूर्ति।

(iv) विदेश जाने वाले जहाज/वायुयान पर 'स्टोर्स' की आपूर्ति इस शर्त के अधीन होगी कि आपूर्ति की गई मदों के संबंध में विशिष्ट मानक निविष्टि उत्पादन मानदण्ड हैं।

4.06 स्व–अनुसमर्थन स्कीम

(i) जहां निर्यात उत्पाद के लिए कोई सिओन/वैध तदर्थ मानदंड नहीं हैं या जहां सिओन को अधिसूचित किया गया है, लेकिन निर्यातक विनिर्माण प्रक्रिया में अतिरिक्त निविष्टियों का उपयोग करना चाहता है, पात्र निर्यातक स्व–घोषणा और स्व–अनुसमर्थन के आधार पर इस योजना के तहत अग्रिम प्राधिकार पत्र के लिए आवेदन कर सकते हैं। अभिव्यक्ति ''अतिरिक्त निविष्टि'' एक मानदंड में निर्दिष्ट निविष्टि की मात्रा/मूल्य के संदर्भ में अतिरिक्तता को संदर्भित नहीं करता है, बल्कि एक अन्य अतिरिक्त निविष्टि के लिए संदर्भित करता है। मान लीजिए, यदि मानदंड में निर्दिष्ट निविष्टि केवल X_1 और X_2 हैं, तो निविष्टि Y एक अतिरिक्त निविष्टि का प्रतिनिधित्व करेगा। क्षेत्रीय प्राधिकारी अग्रिम प्राधिकार पत्र जारी कर सकता है और ऐसे मामलों को मानदंडों के अनुसमर्थन के लिए मानदंड समितियों को संदर्भित करने की आवश्यकता नहीं है। इस योजना के तहत आवेदन विनिर्दिष्ट प्रारूप में चार्टर्ड इंजीनियर से प्राप्त प्रमाण पत्र के साथ किया जाएगा।

(ii) इस स्कीम के तहत सनदी अभियंता जिसे विदेश व्यापार (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1992, सीमा शुल्क अधिनियम, 1962, केन्द्रीय उत्पाद शुल्क अधिनियम, 1944, वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम और सम्बद्ध अधिनियमों तथा उनके तहत बनाए गए नियमों के तहत गत पांच वर्षों में दंडित नहीं किया गया है, का प्रमाणपत्र ही प्राधिकार पत्र प्रदान किए जाने के लिए स्वीकार किया जाएगा।

(iii) इस स्कीम को लागू करने की विस्तृत प्रक्रिया, प्रक्रिया पुस्तक में निर्धारित की जाएगी।

(iv) निर्यातक (विनिर्माता अथवा व्यापारी) जिसके पास सीबीईसी के सामान्य प्रत्यायन कार्यक्रम के तहत एईओ प्रमाण पत्र इस स्कीम हेतु विकल्प का चयन करने के लिए पात्र हैं।

(v) एक स्तर धारक जो एक विनिर्माता सह वास्तविक उपयोगकर्ता है और एफटीपी के पैरा 1.25 के तहत वैध 2–स्टार या उससे ऊपर का दर्जा रखता है और जिसने सीबीआईसी के एईओ पोर्टल पर एईओ के अनुदान के लिए अपना आवेदन पहले ही जमा कर दिया है, वह भी इस योजना के विषय के लिए आवेदन करने के लिए निम्नलिखित शर्तों के अधीन पात्र है:–

क) स्तर धारक एईओ के अनुदान के लिए अपने आवेदन की क्रमांकित और दिनांकित पावती की प्रति प्रस्तुत करता है।

ख) स्तर धारक डीजीएफटी को वचन देता है कि –

(i) एईओ प्रमाणन प्रदान करने के लिए इसके आवेदन को अभी तक अस्वीकार नहीं किया गया है।

(ii) चालू वर्ष और पिछले तीन वित्तीय वर्षों में स्तर धारक के मद्दे सीमा शुल्क और संबद्ध कानूनों के उल्लंघन का कोई मामला नहीं है।

(iii) स्तर धारक को चालू वर्ष और पिछले तीन वित्तीय वर्षों में सीमा शुल्क या जीएसटी अधिकारियों द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी नहीं किया गया है।

(iv) स्तर धारक के पास सकारात्मक निवल चालू संपत्ति है।

(v) चालू वर्ष और पिछले तीन वित्तीय वर्षों में स्तर धारक के खिलाफ कोई दिवाला, दिवालियापन या परिसमापन कार्यवाही नहीं की गई है।

ग) यदि इस योजना के पैरा के तहत आवेदन की तारीख से 120 दिनों के भीतर स्तर धारक एईओ प्रमाणीकरण प्राप्त करने में असमर्थ है, निर्यातक सहमत है कि इस पैरा के तहत सुविधा वापस ले ली जाएगी और वह (स्तर धारक) मानदंडों के निर्धारण के लिए और उक्त समिति के निर्णय का पालन करने के लिए और डीजीएफटी की मानदंड समिति से संपक्र करने के लिए बाध्य होगा।

घ) उपरोक्त (ग) की स्थिति के मामले में, इस स्कीम के पैरा के तहत आगे कोई प्राधिकार पत्र जारी नहीं किया जाएगा।

ड.) डीजीएफटी अपने जोखिम प्रबंधन सिद्धांतों के आधार पर इस योजना के तहत टू स्टार और उससे ऊपर के स्तर धारक के लिए प्राधिकार–पत्र से इनकार कर सकता है।

च) प्रक्रिया पुस्तक में किए गए उल्लेखानुसार स्तर धारक की डीजीएफटी द्वारा लेखा परीक्षा की जाएगी।

(vi) यह स्कीम निम्नलिखित निर्यात उत्पादों के लिए उपलब्ध नहीं होगी:

क) आईटीसी (एचएस) वर्गीकरण के अध्याय–1 से 24, और अध्याय–71 के तहत शामिल सभी मदें,

ख) जैव प्रौद्योगिकी मदें और संबंधित उत्पाद; तथा

ग) स्कोमेट मद।

(vii) यह स्कीम निम्नलिखित निविष्टियों के लिए उपलब्ध नहीं होगीः

क) आईटीसी (एचएस) पुस्तक के अध्याय–15 के अंतर्गत वर्गीकृत सभी वनस्पति/खाद्य तेल और अध्याय–12 के अंतर्गत वर्गीकृत सभी प्रकार के तिलहन,

ख) आईटीसी (एचएस) पुस्तक के अध्याय–10 के अंतर्गत वर्गीकृत सभी प्रकार के अनाज,

ग) पशु की सींग, खुर और अन्य कोई अंग,

घ) वन्यजीव उत्पाद, अंग और उनके अपशिष्ट,

ड.) शहद,

च) 30 प्रतिशत या इससे अधिक मूल सीमा शुल्क के साथ सभी मदें,

छ) आईटीसी (एचएस) पुस्तक के अध्याय–7 और अध्याय 8 के अंतर्गत वर्गीकृत सभी प्रकार के फल/नट्स/सब्जियां।

ज) आईटीसी (एचएस) वर्गीकरण के शीर्षक 2515, 2516, 3301, 3302, 3303, 6801 और 6802 के अतंर्गत आने वाली मदें

झ) आईटीसी (एचएस) वर्गीकरण के अध्याय 50 से 63 के अंतर्गत शामिल मदें

ञ) एसीटिक एनहाईड्राइड, एफेड्राइन और स्यूडोएफेड्राइन

ट) विटामिन

ठ) जैव प्रौद्योगिकी मदें और संबंधित उत्पाद

ड) कीटनाशक, चूहा नाशक, कवकनाशी, शाकनाशी, एन्टी स्प्राउटिंग उत्पाद और पौधा वृद्धि विनियामक, डिस्इन्फेक्टेंट और सभी आकार, किस्म और ग्रेडों के इसी तरह के उत्पाद

ढ) सभी किस्म का अपशिष्ट/कचरा और

ण) पुरानी वस्तुएं

(viii) आयातित निविष्टि पूर्व आयात शर्त के अधीन होंगी तथा उन्हें निर्यात उत्पाद में वास्तविक रूप से (अपशिष्ट हेतु सामान्य अनुमति देते हुए) शामिल की जाऐगी। इसे अवैधीकरण/एआरओ के अंतर्गत स्थानीय अधिप्राप्ति के मामले में, निविष्टि को निर्यात मद के विनिर्माण के पूर्व अधिप्राप्त किया जाएगा और निर्यात उत्पाद में वास्तविक रूप से शामिल किया जाएगा।

(ix) जब भी विनिर्माण प्रक्रिया के दौरान उत्पन्न उपोत्पादों और पुनः प्राप्ति योग्य अपशिष्ट का मूल्य सीआईएफ मूल्य के 5 प्रतिशत से अधिक हो तो मुख्य निविष्टि की तदनुरूपी मात्रा को पात्रता से उस सीमा तक घटाया जाएगा कि अननुमत मात्रा का मूल्य विनिर्माण प्रक्रिया के दौरान सृजित उपोत्पादों और रिकवर योग्य अपशिष्ट के मूल्य के बराबर है।

(x) संबंधित मानदंड समिति विनिर्माता की लेखा परीक्षा कर सकती है। लेखा परीक्षा की आवृत्ति और पद्धति का निर्धारण विदेश व्यापार महानिदेशालय द्वारा प्रक्रिया पुस्तक में निर्धारित किया जाएगा। लेखा परीक्षा समय पर पूरा करने हेतु यथा अपेक्षित खाताबही/अन्य दस्तावेजों के सत्यापन के लिए विनिर्माता को आवश्यक सुविधा, जानकारी और सहायता प्रदान करनी होगी। उत्पादन और उपभोग संबंधी दस्तावेजों/आंकडों को उपलब्ध न कराने पर आवेदक यथा संशोधित विदेश व्यापार (विकास एवं विनियमन) अधिनियम और नियमों के तहत दण्डात्मक कार्रवाई के लिए उत्तरदायी होगा।

(xi) संबंधित मानदंड समिति छानबीन/पूछताछ/जॉच– पडताल के किसी भी चरण पर मामले के स्वरूप और जटिलता तथा सरकार के राजस्व को देखते हुए यदि उसे यह लगता है कि मानदण्डों का सही ढंग से दावा नहीं किया गया है अथवा अतिरिक्त लाभ प्राप्त कर लिया गया है तो विशेष लेखा परीक्षा शुरू कर सकती है। विशेष लेखा परीक्षा तब भी की जा सकती है, चाहे विनिर्माता की लेखापरीक्षा पहले भी की जा चुकी हो।

(xii) यदि लेखा परीक्षा से मिथ्या घोषणा और/अथवा ऐसी निविष्टियों के दावे की घटना का पता लगता है जिनका उपयोग विनिर्माण प्रक्रिया में नहीं किया गया है अथवा उपयोग की गई निविष्टियों की मॉग की तुलना में अतिरिक्त मात्रा का पता लगने पर यथा संशोधित विदेश व्यापार (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1992 और/अथवा सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 और उसके तहत निर्मित नियमों के अनुसार प्राधिकार पत्र धारक, विनिर्माता और चार्ट्र्ड इंजीनियर के विरुद्ध कार्रवाई शुरू की जाएगी।

(xiii) उन मामलों में जहां सनदी अभियन्ता ने पूर्ण विचार–विमर्श नहीं किया है या जानबूझकर गलत घोषणा करते हुए उसका पक्षकार बन गया है ऐसे व्यक्ति के विरुद्ध यथा संशोधित विदेश व्यापार (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1992 और उसके तहत निर्मित नियमों के अन्तर्गत कार्रवाई शुरू की जाएगी। इसके अतिरिक्त, ऐसे मामले संस्थान के उपनियमों के तहत यथा आवश्यक कार्रवाई करने हेतु, 'इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर्स इंडिया' को भी भेजे जाएंगे।

(xiv) अग्रिम प्राधिकार पत्र स्कीम के लिए लागू सभी प्रावधान इस स्कीम के लिए भी लागू होंगे जब तक कि वे इस स्कीम के लिए असंगत न हों।

4.07 वार्षिक आवश्यकता के लिए अग्रिम प्राधिकार पत्र और पात्रता शर्त

(i) वार्षिक आवश्यकता हेतु प्राधिकार–पत्र मानक निविष्टि उत्पादन मानदंड (सिओन) में अधिसूचित मदों हेतु ही जारी किया जाएगा। तथा यह विदेश व्यापार नीति के पैरा 4.03 (ख) (ii) के तहत तदर्थ मानदंडों के मामले में उपलब्ध नहीं होगा।

(ii) वार्षिक आवश्यकता के लिए अग्रिम प्राधिकार–पत्र सिओन के लिए भी उपलब्ध नहीं होगा जहॉ पर निविष्टि की कोई भी मद परिशिष्ट 4ञ में आती है।

(iii) निर्यातक जिनका विगत में निर्यात निष्पादन है (न्यूनतम पूर्ववर्ती दो वित्तीय वर्षों में), वार्षिक आवश्यकता के लिए अग्रिम प्राधिकार–पत्र के पात्र होंगे।

(iv) आयातों को सीआईएफ मूल्य के अनुसार वास्तविक निर्यात के एफओबी मूल्य के 300% और/अथवा विगत वित्तीय वर्ष में मान्य निर्यात के लिए एफओआर मूल्य अथवा एक करोड रु. जो भी अधिक हो, की हकदारी होगी।

4.08 मूल्यवर्धन

इस अध्याय के प्रयोजनार्थ मूल्यवर्धन (रत्न और आभूषण क्षेत्र के अलावा जिसके लिए मूल्यवर्धन विदेश व्यापार नीति के पैराग्राफ 4.37 में निर्धारित किया गया है) निम्नवत होगा :

मूल्य वर्धन = (ए–बी)/बी X 100,

जहां ए = किए गए निर्यात का एफओबी मूल्य/प्राप्त की गई आपूर्ति का एफओआर मूल्य।

बी = प्राधिकार–पत्र द्वारा शामिल निविष्टियों का सीआईएफ मूल्य जोड प्रयुक्त की गई अन्य किन्ही निविष्टियों का मूल्य जिस पर डीबीके लाभ का दावा किया गया है अथवा दावा किया जाना है।

4.09 न्यूनतम मूल्यवर्धन

(i) अग्रिम प्राधिकार–पत्र के तहत प्राप्त किए जाने हेतु न्यूनतम मूल्य वर्धन 15% है।

(ii) निर्यात उत्पाद जहॉ पर मूल्यवर्धन 15% से कम हो सकता है, को परिशिष्ट 4घ में दिया गया है।

(iii) रत्न एवं आभूषण क्षेत्र के लिए न्यूनतम मूल्यवर्धन प्रक्रिया–पुस्तक के पैराग्राफ सं. 4.60 में दिया गया है।

(iv) चाय के मामलों में न्यूनतम मूल्यवर्धन 50 प्रतिशत है

(v) मसालों के मामलों में न्यूनतम मूल्यवर्धन 25 प्रतिशत है।

4.10 अनिवार्य पुर्जों का आयात

अनिवार्य पुर्जो का आयात जिन्हें परिणामी उत्पाद सहित निर्यात/आपूर्ति किया जाना अपेक्षित है, को प्राधिकार.पत्र के सीआईएफ मूल्य के 10% की सीमा तक शुल्क मुक्त अनुमत किया जाएगा।

4.11 स्व–घोषणा आधार पर आयात की अपात्र श्रेणियाँ

(क) निम्नलिखित उत्पादों का आयात स्व–घोषणा आधार पर अनुमत नहीं होगाः–

(i) आईटीसी (एचएस) पुस्तक के अध्याय 15 के तहत वर्गीकृत सभी वनस्पति/खाद्य तेल और अध्याय 12 के तहत वर्गीकृत सभी प्रकार के तिलहन।

(ii) आईटीसी(एचएस) पुस्तक के अध्याय–10 के तहत वर्गीकृत सभी प्रकार के अनाज,

(iii) आईटीसी (एचएस) पुस्तक के अध्याय–9 और 12 के तहत वर्गीकृत 30 प्रतिशत से अधिक मूल सीमाशुल्क वाली काली मिर्च (लाईट बेरीज) को छोडकर अन्य सभी मसाले,

(iv) आईटीसी (एचएस) पुस्तक के अध्याय–7 और अध्याय 8 के तहत वर्गीकृत 30 प्रतिशत से अधिक मूल सीमाशुल्क वाले सभी प्रकार के फल/सब्जियां,

(v) सींग, खुर और पशु का अन्य कोई अंग,

(vi) शहद,

(vii) अपरिष्कृत संगमरमर ब्लॉक्स/स्लैब्स और

(viii) अपरिष्कृत ग्रेनाइट

(ix) औषध उद्योग में प्रयोग किए जाने के अलावा विटामिन,

(x) 30 प्रतिशत से अधिक मूल सीमाशुल्क वाली सभी मदें

(ख) परफ्यूम, परफ्यूमरी यौगिकों और विटामिन सहित, विविध संभरण अंशों के निर्यात के लिए, प्रक्रिया–पुस्तक, के पैराग्राफ 4.07 के तहत क्षेत्रीय प्राधिकारी द्वारा प्राधिकार–पत्र जारी नहीं किया जाएगा और आवेदकों को मानदण्ड समिति के पास प्रक्रिया पुस्तक के पैराग्राफ 4.06 के तहत आवेदन करना होगा।

(ग) जहां पर जैव प्रौद्योगिकी मदों और संबंधित उत्पादों का निर्यात और/अथवा आयात शामिल है, प्राधिकार–पत्र क्षेत्रीय प्राधिकारी द्वारा प्रक्रिया.पुस्तक के पैराग्राफ 4.07 के तहत जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा केवल "अनापत्ति प्रमाण–पत्र" सौंपने पर जारी किया जाएगा।

4.12 निविश्टियों की गणना

(i) जहॉ कहीं सिओन (क) जेनेरिक निविष्टि अथवा (ख) वैकल्पिक निविष्टि को अनुमत करता है जब तक कि मात्रा के साथ विशिष्ट निविष्टि का नाम संबंधित (जिसे निर्यात उत्पादन के विनिर्माण में प्रयुक्त कर लिया गया है) पोतलदान बिल में दर्शाया/शामिल नहीं कर लिया जाता और ऐसे पृष्ठांकन में जहॉ निविष्टियॉ, विनिर्दिष्ट मात्रा के भीतर और संबद्ध प्रविष्टि बिल के वितरण से मेल नहीं खाती हैं, संबंधित प्राधिकार–पत्र का मोचन नहीं किया जाएगा। अन्य शब्दों में, प्राधिकार–पत्र में प्रयुक्त (अथवा प्रयोग की जाने वाली) निविष्टि का नाम/विवरण पोतलदान बिल में पृष्ठांकित नाम/विवरण से पूर्णतया मेल खाना चाहिए।

(ii) इसके अतिरिक्त, यदि किसी सिओन में निविष्टियों (एक से अधिक निविष्टि) की संख्या के सामने कोई एकल मात्रा दर्शाई गई है, तो आयात हेतु अनुमेय ऐसी निविष्टियों की मात्रा निविष्टियों के ऐसे समूह के सामने समग्र मात्रा के भीतर उत्पादन में वास्तविक रूप से प्रयुक्त/उपयोग की गई इन निविष्टियों की मात्रा के अनुपात में होंगी। निर्यात उत्पाद के उत्पादन में वास्तविक रूप में प्रयुक्त/उपयोग की गई इन निविष्टियों का अनुपात पोतलदान बिलों में स्पष्ट रूप से दर्शाया जाएगा।

(iii) निर्यात दायित्व के निर्वहन (ईओडीसी जारी करने) के समय अथवा मोचन के समय क्षेत्रीय प्राधिकारी केवल उन निविष्टियों को अनुमति देगा जो मात्रा के साथ पोतलदान बिल में विशिष्ट रूप से दर्शाई गई है।

(iv) उपर्युक्त प्रावधान विशेष आर्थिक क्षेत्र (सेज) को की जाने वाली आपूर्तियों और मान्य निर्यात के तहत की गई आपूर्तियों के लिए भी लागू होगा। ऊपर दिए गए ब्यौरे को संगत निर्यात बिल, एआरई–3, केन्द्रीय उत्पाद प्रमाणित बीजक/आयात दस्तावेज/जीएसटी नियमों के अंतर्गत विहित निर्यात हेतु कर संबंधी बीजक में दर्शाना होगा।

4.13 कतिपय मामलों में आयात पूर्व भार्त

(i) डीजीएफटी इस अध्याय के तहत अधिसूचना द्वारा निविष्टि हेतु आयात–पूर्व शर्तें अधिरोपित कर सकता है।

(ii) आयात–पूर्व शर्त के अधीन आयात मदों को परिशिष्ट–4ञ में सूचीबद्ध किया गया है अथवा ये मानक निविष्टि उत्पादन मानदण्ड (सिओन) में यथा इंगित होंगी।

4.14 छूट प्राप्त शुल्कों का ब्यौरा

अग्रिम प्राधिकार पत्र के तहत आयातों को मूल सीमाशुल्क, अतिरिक्त सीमाशुल्क, शिक्षा उपकर, पाटन रोधी शुल्क, प्रतिकारी शुल्क, सुरक्षोपाय शुल्क, पारगमन उत्पाद विशिष्ट सुरक्षोपाय शुल्क, जहां भी लागू हो, के भुगतान से छूट प्राप्त है। विदेश व्यापार नीति के पैरा 7.02(ग), और (च) के तहत शामिल आपूर्तियों के तहत आयात लागू पाटनरोधी शुल्क, प्रतिकारी शुल्क, सुरक्षोपाय शुल्क, पारगमन उत्पाद विशिष्ट सुरक्षोपाय शुल्क, यदि कोई है, के भुगतान से छूट प्राप्त नहीं है। तथापि, वास्तविक के साथ ही मान्य निर्यात के लिए अग्रिम प्राधिकार पत्र के तहत आयात को भी सीमा शुल्क प्रशुल्क अधिनियम 1975 (1975 का 51) की धारा 3 की उपधारा (7) और उपधारा (9) के तहत लगाए जाने वाले क्रमशः संपूर्ण एकीकृत कर और क्षतिपूर्ति उपकर से छूट प्राप्त है।

4.15 शुल्क वापसी की स्वीकार्यता

राजस्व विभाग के नियमों के अनुसार सीमा शुल्क प्राधिकारी द्वारा निश्चित और निर्धारित दर के अनुसार शुल्क वापसी निर्यात उत्पाद में उपयोग की गई शुल्क प्रदत्त आयातित अथवा स्वदेशी निविष्टियों (जो मानदण्डों में विनिर्दिष्ट नहीं है) के लिए उपलब्ध होगी। इस प्रयोजन हेतु, आवेदक को अग्रिम प्राधिकार पत्र के लिए आवेदन में शुल्क प्रदत्त निविष्टियों का ब्यौरा स्पष्ट रूप से देना होगा। आवेदन में उल्लिखित ब्यौरे के अनुसार क्षेत्रीय प्राधिकारी अग्रिम प्राधिकार–पत्र की शर्त में ऐसे भुगतान किए गए निविष्टि शुल्कों के ब्यौरे को स्पष्ट रूप से पृष्ठांकित भी करेगा।

4.16 अग्रिम प्राधिकार पत्र हेतु वास्तविक प्रयोक्ता शर्त

(i) अग्रिम प्राधिकर पत्र और/अथवा अग्रिम प्राधिकार पत्र के तहत आयातित सामग्री 'वास्तविक प्रयोक्ता' शर्त के अधीन होगी। यह निर्यात दायित्व पूरा किए जाने के पश्चात भी हस्तांतरणीय नहीं होगी। तथापि प्राधिकार पत्र धारक के पास निर्यात दायित्व के पूरा हो जाने पर शुल्क मुक्त निविष्टि से विनिर्मित उत्पाद का निपटान करने का विकल्प होगा।

(ii) निर्यातित दायित्व के पूरा होने के पश्चात भी यदि निर्यातित माल के लिए निविष्टियों पर सेनवैट/इनपुट टैक्स क्रेडिट सुविधा प्राप्त की गई है, तो इस अग्रिम प्राधिकार पत्र से आयातित माल का उपयोग या तो समान कारखाने के भीतर अथवा बाहर (सहायक विनिर्माता द्वारा) शुल्क योग्य माल के विनिर्माण में किया जाएगा। इसके लिए, प्राधिकार पत्र धारक निर्यात दायित्व निर्वहन प्रमाणपत्र हेतु संबंधित क्षेत्रीय प्राधिकारी को आवेदन प्रस्तुत करते समय सनदी लेखाकार से प्राप्त प्रमाणपत्र प्रस्तुत करेगा। एईओ, जिसके पास वैध प्रमाण पत्र है, को इस संबंध में स्व–घोषणा प्रस्तुत करने का विकल्प होगा।

(iii) विनिर्माण प्रक्रिया से उत्पन्न अपशिष्ट/स्क्रैप का निपटान जैसा कि अनुमत है, निर्यात दायित्व को पूरा किए जाने के कहीं पहले लागू शुल्क के भुगतान पर किया जा सकता है।

4.17 आयात के लिए वैधता अवधि और इसका विस्तार

अग्रिम प्राधिकार पत्र के तहत आयात के लिए वैधता अवधि प्रक्रिया पुस्तक के अनुसार होगी।

4.18 उन मदों के आयात/निर्यात किए जाने की पात्रता जो निषिद्ध/प्रतिबंधित/एसटीई मदें हैं।

(i) किसी मद के निर्यात अथवा आयात की अनुमति अग्रिम प्राधिकार पत्र/शुल्क मुक्त आयात प्राधिकार–पत्र के तहत उस स्थिति में नहीं दी जाएगी यदि वह मद क्रमशः निर्यात अथवा आयात के लिए निषिद्ध हो। किसी निषिद्ध मद के निर्यात की अनुमति अग्रिम प्राधिकार पत्र के तहत दी जा सकती है बशर्ते इसे पृथक रूप से इसमें दी गई शर्तों के अधीन इस प्रकार अधिसूचित किया गया है।

(ii) राज्य व्यापार उद्यमों द्वारा आयात हेतु आरक्षित मदों को अग्रिम प्राधिकार पत्र/डी एफआईए के मदे आयात नहीं किया जा सकता है। तथापि, ये मदें ए.आर.ओ. अथवा अवैधीकरण पत्र के मदे राज्य व्यापार उद्यमों से खरीदी जा सकती हैं। अग्रिम प्राधिकार पत्र/डीएफआईए धारक को खुले समुद्री मार्ग के माध्यम से बिक्री के आधार पर माल की बिक्री की अनुमति राज्य व्यापार उद्यमों को भी दी जाएगी एसटीईआई को अग्रिम प्राधिकार पत्र/डीएफआईए धारक द्वारा आयात के लिए "अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी)" जारी करने की भी अनुमति है। और वे आवेदक से अधिकतम 5000 रु. तक की उचित फीस चार्ज कर सकते हैं।

(iii) राज्य व्यापार उद्यमों द्वारा निर्यात के लिए आरक्षित मदें संबंधित राज्य व्यापार उद्यम से 'अनापत्ति प्रमाण पत्र' प्राप्त करने के बाद ही अग्रिम प्राधिकार पत्र/डीएफआईए के तहत निर्यात की जा सकती है।

(iv) प्रतिबंधित मदों का आयात अग्रिम प्राधिकार पत्र/डीएफआईए के तहत अनुमत होगा, जब तक कि विशेष रूप से अस्वीकृत न हो।

(v) तथापि, प्रतिबंधित/स्कोमैट मदों का निर्यात, निर्यात प्राधिकार पत्र अथवा अनुमति पत्र की सभी शर्तों अथवा अपेक्षाओं जैसा भी आवश्यक हो, के अधीन आईटीसी (एचएस) की अनुसूची–2 के तहत होगा।

4.19 विदेशी क्रेता द्वारा निःशुल्क आपूर्ति

अग्रिम प्राधिकार पत्र वहां भी उपलब्ध होगा जहां विदेशी क्रेता द्वारा निर्यातक को कुछ या सभी निविष्टियों की निःशुल्क आपूर्ति की जाती है। ऐसे मामलों में, मूल्य संवर्धन के परिकलन हेतु निःशुल्क निविष्टि के अनुमानित मूल्य को आयात के सीआईएफ मूल्य और निर्यात के पोत पर्यन्त निःशुल्क मूल्य में जोडा जाएगा। तथापि, निर्यात लाभ की प्राप्ति ऐसी निविष्टि के अनुमानित मूल्य को निकाल देने के बाद की धनराशि के समतुल्य होगी।

4.20 निविष्टियों की घरेलू प्राप्ति

(i) अग्रिम प्राधिकार पत्र/शुल्क मुक्त आयात प्राधिकार पत्र धारक सीधे आयात के बदले स्वदेशी आपूर्तिकर्ता/राज्य व्यापार उद्यम/ईओयू/ईएचटीपी/बीटीपी/ एसटीपी से निविष्टि प्राप्त कर सकते हैं। ऐसी प्राप्ति अग्रिम निर्गम आदेश (एआरओ) या अमान्यकरण पत्र के मद्दे की जा सकती है।

(ii) जब घरेलू आपूर्तिकर्ता दूसरे अग्रिम प्राधिकार पत्र/डीएफआईए/ईपीसीजी प्राधिकार पत्र को परिणामी उत्पाद की आपूर्ति के लिए अग्रिम प्राधिकार पत्र के माध्यम से निविष्टि हेतु शुल्क मुक्त सामग्री प्राप्त करना चाहता है तो क्षेत्रीय प्राधिकारी अमान्यकरण पत्र जारी करेगा।

(iii) क्षेत्रीय प्राधिकारी अग्रिम निर्गम आदेश जारी करेगा यदि घरेलू आपूर्तिकर्ता विदेश व्यापार नीति के अध्याय–7 के प्रावधानों के अनुसार मान्य निर्यात तंत्र के माध्यम से छूट प्राप्त शुल्क वापस लेना चाहता है।

(iv) क्षेत्रीय प्राधिकारी प्राधिकार पत्र जारी करने के समय या उसके बाद अग्रिम निर्गम आदेश या अमान्यकरण पत्र जारी कर सकता है।

(v) डीटीए के तहत अग्रिम प्राधिकार पत्र धारक एसईजेड और सीमाशुल्क के बीच ईडीआई संदेश प्रणाली चालू होने तक आपूर्ति प्रमाण पत्र के मद्दे एसईजेड इकाइयों से निविष्टि प्राप्त कर सकते हैं।

(vi) अग्रिम निर्गम आदेश/अमान्यकरण पत्र की वैधता प्राधिकार पत्र की वैधता की सहमियादी (को–टर्मिनस) होगी।

4.21 निर्यात लाभ की प्राप्ति हेतु मुद्रा

(i) यदि अन्यथा विनिर्दिष्ट नहीं किया गया हो तो विदेश व्यापार नीति के पैरा 2.53 के अनुसार निर्यात लाभ मुक्त रूप से परिवर्तनशील मुद्रा अथवा भारतीय रुपए में प्राप्त किया जाएगा। निर्यात लाभ प्राप्त करने या नहीं करने से संबंधित प्रावधान विदेश व्यापार नीति के पैरा 2.52, 2.53 और 2.54 में दिए गए हैं।

(ii) एसईजेड यूनिटों को किए गए निर्यात को निर्यात दायित्व के निर्वहन हेतु ध्यान में रखा जाएगा बशर्ते कि एसईजेड यूनिट के विदेशी मुद्रा खाते से भुगतान की प्राप्ति हुई हो।

(iii) एसईजेड डेवेलपर/सह–डेवेलपर को किए गए निर्यात को भारतीय रुपए में भुगतान की प्राप्ति होने पर भी निर्यात दायित्व के निर्वहन हेतु ध्यान में रखा जा सकता है।

(iv) प्राधिकार पत्र धारक के लिए एसईजेड नियमावली, 2006 में दी गई प्रक्रियाओं के अनुसार एसईजेड यूनिट/डेवेलपर/सह–डेवेलपर को किए गए निर्यात के लिए निर्यात बिल प्रस्तुत करना आवश्यक है।

4.22 निर्यात दायित्व अवधि और इसका विस्तार

अग्रिम प्राधिकार पत्र के अधीन निर्यात दायित्व को पूरा करने की अवधि और इसका विस्तार प्रक्रिया पुस्तक में यथा निर्धारित अवधि होगी।

4.23 शुल्क माफी/छूट स्कीम के अंतर्गत निर्यातित माल का पुनः आयात

अग्रिम प्राधिकार पत्र/शुल्क मुक्त आयात प्राधिकार पत्र के अंतर्गत निर्यात किए गए माल को उसी रूप में अथवा काफी हद तक उसी रूप में पुनः आयात किया जा सकता है बशर्ते राजस्व विभाग द्वारा यथा विनिर्दिष्ट शर्तों का पालन किया जाए। प्राधिकार पत्र धारक ऐसे पुनः आयात के बारे में पुनः आयात की तारीख से एक मास के अन्दर उस क्षेत्रीय प्राधिकारी को भी सूचित करेगा जिसने प्राधिकार पत्र जारी किया था।

शुल्क मुक्त आयात प्राधिकार पत्र स्कीम (डीएफआईए)

4.24 डीएफआईए स्कीम

(क) शुल्क मुक्त आयात प्राधिकार पत्र को निविष्टि के शुल्क मुक्त आयात की अनुमति देने के लिए जारी किया जाता है। इसके अतिरिक्त, निर्यात उत्पाद के उत्पादन की प्रक्रिया में खपत/उपयोग किए जाने वाले तेल और उत्प्रेरक के आयात की भी अनुमति प्रदान की जा सकती है।

(ख) विदेश व्यापार नीति के पैराग्राफ 4.12, 4.18, 4.20, 4.21 और 4.23 के प्रावधान डीएफआईए पर भी लागू होंगे।

(ग) डीएफआईए स्कीम के अंतर्गत टायर के आयात की अनुमति नहीं है।

4.25 छूट दिए जाने वाले शुल्क

(i) शुल्क मुक्त आयात प्राधिकार पत्र में केवल मूल सीमा शुल्क (बीसीडी) के भुगतान से छूट प्रदान की जाएगी।

(ii) शुल्क वापसी सीमा–शुल्क प्राधिकारी द्वारा निर्धारित और नियत की गई दर के अनुसार शुल्क प्रदत्त की गई निविष्टियों के लिए उपलब्ध होगी, निर्यात उत्पाद में प्रयुक्त वे निविष्टियां चाहे आयातित हो अथवा स्वदेशी। तथापि, सिओन में अविनिर्दिष्ट निविष्टियों के लिए यदि शुल्क–वापसी का दावा किया गया है तो आवेदक को शुल्क मुक्त आयात प्राधिकार–पत्र के लिए आवेदन–पत्र में शुल्क प्रदत्त ऐसी निविष्टियों के विवरणों को स्पष्टतया दर्शाना चाहिए और आवेदन–पत्र में उल्लिखित विवरणों के अनुसार, क्षेत्रीय प्राधिकारी को शुल्क मुक्त आयात प्राधिकार–पत्र के शर्त पत्र में, शुल्क प्रदत्त ऐसी निविष्टियों के विवरणों को स्पष्टतया दर्शाना चाहिए।

4.26 पात्रता

(i) शुल्क मुक्त आयात प्राधिकार पत्र को निर्यात के पश्चात ऐसे उत्पादों के लिए जारी किया जाएगा जिनके लिए मानक निविष्टि उत्पादन मानंदडों को अधिसूचित किया गया है।

(ii) व्यापारी निर्यातक द्वारा निर्यात प्रलेख अर्थात पोत लदान बिल/निर्यात बिल/जीएसटी नियमावली के तहत निर्धारित निर्यात हेतु कर बीजक पर निर्यात उत्पाद के सहायक विनिर्माता का नाम और पते का उल्लेख करना अपेक्षित होगा।

(iii) शुल्क मुक्त आयात प्राधिकार पत्र के तहत निर्यात करने से पूर्व संबंधित क्षेत्रीय प्राधिकारी को आवेदन प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

(iv) ऐसी निविष्टि के लिए कोई शुल्क मुक्त आयात प्राधिकार पत्र जारी नहीं किया जाएगा जो आयात–पूर्व शर्त के अधीन हो अथवा जहां सिओन 'वास्तविक प्रयोक्ता' शर्त निर्धारित करता हो अथवा परिशिष्ट–4ञ ऐसी निविष्टि के लिए आयात–पूर्व शर्त निर्धारित करता हो।

4.27 न्यूनतम मूल्य संवर्धन

न्यूनतम 20 प्रतिशत मूल्य संवर्धन की प्राप्ति किया जाना अपेक्षित होगा।

4.28 डीएफआईए की वैधता एवं अंतरणीयता

(i) डीएफआईए के अंतर्गत निर्यात शुरू करने से पूर्व आवेदक को संबंधित क्षेत्रीय प्राधिकारी को ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

(ii) निर्यात आवेदन की ऑनलाइन फाइलिंग और फाइल संख्या सृजित किए जाने की तारीख से 12 माह के भीतर पूरा करना होगा।

(iii) निर्यात/आपूर्ति करते समय आवेदक निर्यात प्रलेखों अर्थात पोत लदान बिल/निर्यात बिल/जीएसटी नियमावली के तहत निर्धारित आपूर्ति के लिए कर बीजक पर फाइल सं. इंगित करेगा।

(iv) विदेश व्यापार नीति के पैरा 4.12 के अनुसार जहां कहीं सिओन (क) जेनेरिक निविष्टि अथवा (ख) वैकल्पिक निविष्टि के उपयोग को अनुमत करता है, वहां विशिष्ट निविष्टि को उसकी मात्रा (जिसे निर्यात उत्पाद के विनिर्माण में उपयोग किया गया है) के साथ संबंधित पोतलदान बिल/निर्यात बिल/जीएसटी नियमों के तहत निर्धारित आपूर्ति हेतु कर–बीजक में दर्शाया/पृष्ठांकित किया जाना चाहिए। ऐसी जेनेरिक निविष्टि/वैकल्पिक निविष्ट के मद्दे समग्र मात्रा के भीतर उत्पादन में

इन निविष्टियों की वास्तविक रूप से प्रयुक्त/खपत की गई मात्रा के अनुपात में प्राधिकार–पत्र में आयात के लिए ही ऐसी निविष्टियों को अनुमत किया जा सकता है।

(v) इसके अतिरिक्त यदि किसी सिओन में निविष्टियों (एक से अधिक निविष्टि) की संख्या के मद्दे कोई एकल मात्रा दर्शाई गई है तो आयात हेतु अनुमेय ऐसी निविष्टियों की मात्रा ऐसी निविष्टियों के समूह के मद्दे समग्र मात्रा के भीतर उत्पादन में वास्तविक रूप से प्रयुक्त/खपत की गई और पोतलदान बिल/निर्यात बिल/जीएसटी नियमों के तहत निर्धारित आपूर्ति हेतु कर–बीजक में घोषित इन निविष्टियों की मात्रा के अनुपात में होगी। निर्यात उत्पाद के उत्पादन में वास्तविक रूप से प्रयुक्त/खपत की गई इन निविष्टियों का अनुपात पोत लदान बिल/निर्यात बिल/जीएसटी नियमों के तहत निर्धारित आपूर्ति हेतु कर–बीजक में स्पष्ट रूप से दर्शाया जाएगा।

(vi) प्रत्येक सिओन हेतु अलग डीएफआईए जारी किया जाएगा।

(vii) प्रक्रिया पुस्तक के पैरा 4.35 में दिए गए उल्लेख के अनुसार डीएफआईए के अंतर्गत निर्यात किसी भी पत्तन से किया जाएगा। तथापि, ईडीआई और गैर–ईडीआई पत्तनों हेतु अलग–अलग आवेदन किया जाएगा। यदि निर्यात गैर ईडीआई पत्तन से किया जाता है, तो प्रत्येक गैर–ईडीआई पत्तन हेतु अलग–अलग आवेदन किया जाएगा।

(viii) क्षेत्रीय प्राधिकारी हस्तांरणीय डीएफआईए को इसे जारी किए जाने की तिथि से 12 मास की वैधता के साथ जारी करेगा। क्षेत्रीय प्राधिकारी द्वारा आगे कोई वैधता प्रदान नहीं की जाएगी।

4.29 शुल्क मुक्त आयात प्राधिकार पत्र के तहत संवेदनशील मदें

(क) निम्नलिखित निविष्टियों के संबंध में निर्यातक द्वारा पोतलदान बिल में तकनीकी विशेषताओं, गुणवत्ता और विनिर्देशन संबंधी घोषणा प्रदान करना अपेक्षित होगाः

"स्टेनलेस स्टील सहित मिश्रधातु स्टील, कॉपर मिश्रधातु, कृत्रिम रबड, बियरिंग्स, साल्वेंट, परफ्यूम/सुगंधित तेल/सुगंध युक्त रसायन, सर्फेक्टेंट, संबंधित वस्त्र, मार्बल, पोलीप्रोपिलिन से बनी वस्तुएं, कागज और पेपर बोर्ड से बनी वस्तुएं, कीटनाशक, सीसा इन्गाट, जिंक इन्गाट, सिट्रिक एसिड, संबंधित ग्लास फाइबर रिइन्फोर्समेंट (ग्लास फाइबर चाप्ड/स्ट्रेंडिड मैट, रॉविग वोवन सर्फेसिंग मैट), संबंधित सिंथेटिक रेजिन (अन्सेचूरेटिड पालीस्टर रेजिन, इपॉक्सी रेजिन, विनाइल एस्टर रेजिन, हाइड्रोक्सी इथाइल सेल्यूलोज), लाइनिंग सामग्री।"

(ख) शुल्क मुक्त आयात प्राधिकार पत्र जारी करते समय क्षेत्रीय प्राधिकारी प्राधिकार पत्र में उपर्युक्त निविष्टियों के संबंध में तकनीकी विशेषताओं, गुणवत्ता और विनिर्देशन का उल्लेख करेगा।

रत्न एवं आभूशण के निर्यातकों के लिए स्कीम

4.30 निविष्टि का आयात

रत्न एवं आभूषण के निर्यातक निर्यात उत्पाद के विनिर्माण के लिए शुल्क मुक्त (सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम की धारा 3(7) और 3(9) के तहत लगाए जाने वाले एकीकृत कर और क्षतिपूर्ति उपकर को छोडकर) निविष्टियों का आयात/खरीद कर सकते हैं।

4.31 निर्यात की मदें

(i) सोने के आभूषण, आंशिक रूप से संसाधित आभूषण सहित, चाहे वे सादे अथवा जडे हुए हो, और वस्तुएं, पदक, सिक्के, (लीगल टेंडर क्वायन को छोडकर) आदि सहित, जिनमें 8 कैरेट और अधिक सोना जिसकी अधिकतम सीमा 22 कैरेट हो।

8 कैरेट और अधिक (24 कैरेट तक) की स्वर्ण की धार्मिक मूर्तियां (केवल देवी और देवताओं की) जो निम्नलिखित शर्तों के अधीन हैं:–

i) निर्यात अनुमोदित सरकारी मूल्य निर्धारक द्वारा 100 प्रतिशत जांच के अधीन होगा।

ii) विदेशी प्रेषण की वसूली निर्यात की तिथि से 3 माह की अवधि के अन्दर की जानी चाहिए।

iii) निर्यातक की निर्यात करने से पूर्व पक्का निर्यात आदेश प्रस्तुत करना चाहिए।

iv) धार्मिक मूर्ति और सामान्य रूप से गढी जाने वाली सोने की वस्तु/मूर्ति के बीच अन्तर किया जाना चाहिए।

v) निर्यात को केवल ऐसी मूर्तियों के वास्तविक विनिर्माताओं द्वारा अनुमत किया जा सकता है।

पोस्ट, पुश बैंक, लॉक जैसी फाईन्डिंगज जिनसे आभूषण के हिस्सों को आपस में जोडने में सहायता मिलती है उनमें 3 कैरेट और अधिक सोना हो जिसकी अधिकतम सीमा 22 कैरेट हो।"

(ii) पदकों और सिक्कों (वैध सिक्कों और किसी इंजीनियरिंग माल को छोडकर) जिनमें अपने भार के 50 प्रतिशत से अधिक चांदी हो, सहित आंशिक रूप से संसाधित आभूषण, चांदी की वस्तुएं, चांदी की स्ट्रिप्स और वस्तुओं सहित चांदी के आभूषण,

(iii) पदकों और सिक्कों (वैध सिक्कों और किसी इंजीनियरिंग माल को छोडकर) जिनमें अपने भार के 50 प्रतिशत से अधिक प्लैटिनम हो, सहित आंशिक रूप से संसाधित आभूषण और वस्तुओं सहित प्लैटिनम आभूषण।

4.32 स्कीमें

योजनाएं निम्नवत हैं:

(i) नामित एजेंसियों से कीमती धातुओं की अग्रिम खरीद/पुनःपूर्ति,

(ii) रत्नों के लिए पुनःपूर्ति प्राधिकार–पत्र,

(iii) उपभोज्यों के लिए पुनः पूर्ति प्राधिकार–पत्र,

(iv) कीमती धातुओं के लिए अग्रिम प्राधिकार–पत्र।

4.33 नामित एजेंसियों से कीमती धातुओं की अग्रिम खरीद/पुनःपूर्ति

(i) माउंटिंग्स और फाइनडिंग्स सहित सोने/चांदी/प्लैटिनम आभूषण और उनकी वस्तुओं के निर्यातक, नामित एजेंसी से इस संबंध में विनिर्दिष्ट प्रक्रिया के अनुसरण में अग्रिम रूप से अथवा निर्यात के बाद पुनःपूर्ति रूप में निर्यात उत्पाद के लिए निविष्टि के रूप में सोना/चांदी/प्लैटिनम प्राप्त कर सकते हैं।

सोना/चांदी/प्लैटिनम की पुनःपूर्ति यथा संशोधित, दिनांक 08.05.2000 की सीमाशुल्क अधिसूचना सं. 57/2000–सीमा शुल्क के अधीन होगी।

(ii) निर्यात प्रक्रिया पुस्तक में क्रमशः उल्लिखित पैरा 4.59 और 4.60 में क्रमशः विनिर्दिष्ट अपशिष्टता मानदंड और न्यूनतम मूल्य संवर्धन के अधीन होगा।

4.34 रत्नों के लिए पुनःपूर्ति प्राधिकार-पत्र

(i) निर्यातक प्रक्रिया–पुस्तक में विनिर्दिष्ट प्रक्रिया के अनुसार क्षेत्रीय प्राधिकारी से रत्नों के लिए परिशिष्ट-4च में निर्धारित पुनःपूर्ति दर के अनुसार पुनःपूर्ति प्राधिकार–पत्र प्राप्त कर सकते हैं। रत्नों के लिए पुनःपूर्ति प्राधिकार पत्र मुक्त रूप से हस्तांतरणीय होगा।

(ii) रत्नों के लिए पुनःपूर्ति प्राधिकार-पत्र निर्यात के अधीन जारी किया जा सकता है जिसमें नामित एजेंसी (एफटीपी का पैराग्राफ 4.40) और विदेशी खरीदार (एफटीपी का पैराग्राफ 4.44) द्वारा की गई आपूर्ति के अधीन किया गया निर्यात शामिल है।

(iii) जडे हुए सोने/चांदी/प्लैटिनम आभूषण और तत्संबंधी वस्तुओं के मामले में, रत्न पुनःपूर्ति प्राधिकार पत्र का मूल्य स्वीकार्य अपशिष्ट सहित सोने/चांदी/प्लैटिनम का मूल्य घटाने के बाद निर्यात के शेष पोत पर्यन्त निःशुल्क मूल्य पर होगा। पुनःपूर्ति दर और आयात की मद परिशिष्ट 4छ के अनुसार होगी।

4.35 उपभोज्यों के लिए पुनःपूर्ति प्राधिकार-पत्र

(i) विगत वर्ष के निर्यातों के मूल्य के एफओबी मूल्य के 2 प्रतिशत के बराबर कीमती धातुओं (सोने और प्लैटिनम के अलावा) से बने हुए आभूषण के लिए उपभोज्यों, टूल्स और अन्य मदों नामतः टैग्स एवं लेबल्स, कार्ड पर सुरक्षा सेंसर, स्टेपल वायर, पोली बैग (सीमा.शुल्क विभाग द्वारा यथा अधिसूचित) और विगत वर्ष के निर्यातों के एफओबी मूल्य के 1 प्रतिशत के बराबर कटे हुए और पॉलिश किए गए हीरों और सोने और चांदी से बने हुए आभूषणों के लिए शुल्क मुक्त (सीमाशुल्क प्रशुल्क अधिनियम की धारा 3(7) और 3(9) के तहत लगाए गए एकीकृत कर और मुआवजा उपकर को छोडकर) आयात के लिए पुनः पूर्ति प्राधिकार–पत्र निर्यात कार्यनिष्पादन दर्शाते हुए सनदी लेखाकार का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर जारी किया जा सकता है। तथापि, रोडियम के तैयार किए हुए चांदी के आभूषणों पर ऐसे आभूषणों के लिए निर्यात के एफओबी मूल्य के 3 प्रतिशत की हकदारी होगी। यह प्राधिकार–पत्र गैर–हस्तांतरणीय होगा और वास्तविक प्रयोक्ता शर्त के अधीन होगा।

(ii) उपर दिए गए उपभोज्यों के आयात के लिए आवेदन–पत्र एएनएफ 4ज में संबंधित क्षेत्रीय प्राधिकारी को ऑनलाइन प्रस्तुत किया जाएगा।

4.36 कीमती धातुओं के लिए अग्रिम प्राधिकार–पत्र

(क) अग्रिम प्राधिकार–पत्र निम्नलिखित शुल्क के मुक्त (सीमा शुल्क प्रशुल्क अधिनियम की धारा 3(7) और 3(9) के तहत लगाए गए एकीकृत कर और मुआवजा उपकर को छोडकर) आयात के लिए 'वास्तविक प्रयोक्ता' की शर्त के साथ आयात–पूर्व आधार पर प्रदान किया जाएगाः

(i) 0.995 तक की शुद्धता का सोना और 8 कैरेट या अधिक के माउंटिंग्स, सॉकेट्स, फ्रेम्स और फाइंडिंग्स,

(ii) कम से कम 0.995 शुद्धता की चांदी, और माउन्टिंग्स, सॉकेट्स, फ्रेम्स एवं फाइंडिंग्स जिनमें भार के रूप में 50 प्रतिशत से अधिक चांदी हो।

(iii) कम से कम 0.900 शुद्धता का प्लेटिनम और माउन्टिंग्स, सॉकेट्स, फ्रेम्स एवं फाइंडिंग्स जिनमें भार के रूप में 50 प्रतिशत से अधिक प्लेटिनम हो।

(ख) अग्रिम प्राधिकार पत्र में निर्यात दायित्व की शर्त लगाई जायेगी जिसे प्रक्रिया पुस्तक के अध्याय 4 में विनिर्दिष्ट प्रक्रिया के अनुसार पूरा करना अपेक्षित होगा।

(ग) विदेश व्यापार नीति के पैरा 4.37 और प्रक्रिया पुस्तक के पैरा 4.60 के अनुसार मूल्य संवर्धन होगा।

(घ) अग्रिम प्राधिकार–पत्र स्कीम वहां उपलब्ध नहीं है, जहां निर्यात की वस्तु 'स्वर्ण पदक और सिक्के' या 'स्वर्ण आभूषण/मदें पूरी तरह यंत्रीकृत प्रक्रिया द्वारा निर्मित है।

4.37 मूल्यवर्धन

रत्न और आभूषण क्षेत्र के लिए न्यूनतम मूल्य संवर्धन मानदंड प्रक्रिया पुस्तक के पैरा 4.60 में दिए गए हैं। इसका परिकलन निम्नानुसार किया जाएगाः

वी.ए = (ए–बी)/बी X 100 जहां

ए = प्राप्त निर्यात का पोत पर्यन्त निःशुल्क मूल्य/प्राप्त आपूर्ति का एफओआर मूल्य

बी = निविष्टियों का मूल्य (घरेलू तौर पर खरीदे गए सहित) जैसे स्वीकार्य सीमा के भीतर दावा किया छीजन के साथ अन्य मदों जैसे रत्नों इत्यादि के मूल्य के साथ निर्यात उत्पाद में स्वर्ण/चांदी/प्लैटिनम के अंश। जहां कहीं भी सोने को ऋण आधार पर प्राप्त किया गया है, विदेशी आपूर्तिकर्ता को मुक्त विदेशी मुद्रा में ब्याज के भुगतान को भी मूल्य में शामिल किया जाएगा।

4.38 छीजन मानदंड

सोने/चांदी/प्लेटिनम के जेवरात के लिए विनिर्माण हानि अथवा छीजन, प्रक्रिया पुस्तक के पैरा 4.59 के अनुसार ग्राह्य होगी।

4.39 डीएफआईए की अनुपलब्धता

शुल्क मुक्त आयात प्राधिकार पत्र स्कीम रत्न एवं आभूषण क्षेत्र के लिए उपलब्ध नहीं होगी।

4.40 नामित एजेंसियां

(i) निर्यातक नामित एजेंसी से स्वर्ण/चांदी/प्लेटिनम प्राप्त कर सकते हैं। ईओयू के निर्यातक और एसईजेड की यूनिट क्रमशः विदेश व्यापार नीति के अध्याय–6 के प्रावधानों/एसईजेड नियमावली से अभिशासित होंगे।

(ii) नामित एजेंसियां ये हैं – भारतीय हस्तशिल्प और हथकरघा निर्यात निगम (एचएचईसी), एमएसटीसी लि., डायमण्ड इण्डिया लि. (डीआईएल)।

(iii) भारतीय रिजर्व बैंक किसी बैंक को नामित एजेंसी के रूप में प्राधिकृत कर सकता है।

(iv) नामित एजेंसियों द्वारा कीमती धातु के आयात की प्रक्रिया, प्रक्रिया पुस्तक में निर्धारित प्रावधानों के अनुसार होगी। ईओयू और एसईजैड स्कीमों के अंतर्गत संचालित रत्न और आभूषण इकाइयों द्वारा कीमती धातुओं के आयात के लिए प्रक्रिया

लागू स्कीमों के अनुसार होगी। नामित एजेसियों के लिए निगरानी तंत्र (भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा प्राधिकृत बैकों के अतिरिक्त), प्रक्रिया पुस्तक के पैरा 4.93 के अनुसार होगा।

(v) भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा प्राधिकृत बैंक, भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा निर्देशों के अनुसार, शोधन हेतु स्वर्ण छीजन का निर्यात तथा मानक स्वर्ण छडों का आयात कर सकता है।

4.41 प्रमाणन/ग्रेडिंग और पुनः निर्यात के लिए हीरों का आयात

निम्नलिखित एजेन्सियों को उनके द्वारा प्रमाणन/ग्रेडिंग रिपोर्टों के प्रयोजन के लिए उनकी प्रयोगशालाओं हेतु हीरे आयात करने की अनुमति होगी बशर्ते कि इसे प्रक्रिया पुस्तक में दी गई प्रक्रिया के अनुसार उनके द्वारा जारी प्रमाणन/ग्रेडिंग रिपोर्टों के साथ पुनः निर्यातित किया जाएगाः

1. जैमोलोजिकल इन्स्टीटयूट ऑफ अमेरिका (जीआईए) मुम्बई, महाराष्ट्र
2. भारतीय हीरा संस्थान, सूरत, गुजरात, भारत
3. डी बीयर्स इंडिया प्राईवेट लिमिटेड, सूरत, गुजरात, भारत
4. एचआरडी डायमंड इन्स्टीटयूट प्राईवेट लिमिटेड, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत
5. इंटरनेशनल जेमोलॉजिकल इन्स्टीटयूट (इंडिया) प्रा.लि., बांद्रा कुर्ला कॉम्पलेक्स, मुम्बई
6. जेमोलोजीकल साईंस इंटरनेशनल प्रा.लि., मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत।

4.42 कटे हुए और पॉलिश किए गए हीरों का प्रमाणन/ग्रेडिंग और पुनः आयात के लिए निर्यात

0.25 कैरेट और ऊपर के हीरों के प्रमाणन/ग्रेडिंग के लिए प्राधिकृत प्रयोगशालाओं की सूची प्रक्रिया पुस्तक के पैरा 4.73 में दी गई है।

4.43 शून्य शुल्क पर पुनः आयात की सुविधा के साथ कटे और पालिश किए गए हीरों का निर्यात

एक निर्यातक (जिसका गत तीन वर्षों में से प्रत्येक में 5 करोड रु. के निर्यात का वार्षिक टर्नओवर हो) अथवा प्रक्रिया पुस्तक के पैरा 4.73 के तहत उल्लिखित प्रयोगशालाओं के भारत के प्राधिकृत कार्यालय/अभिकरण प्रक्रिया पुस्तक के पैरा 4.73 में उल्लिखित किसी भी अभिकरण/प्रयोगशाला को तराशे हुए और पालिश किए गए हीरे (प्रत्येक 0.25 कैरेट अथवा अधिक) का निर्यात कर सकता है जिसमें निर्यात की तिथि से 3 मास की अवधि के अंदर शून्य शुल्क पर पुनः आयात की सुविधा दी गई है। ऐसी शून्य शुल्क की पुनः आयात सुविधा राजस्व विभाग के केन्द्रीय सीमा शुल्क एवं उत्पाद शुल्क बोर्ड द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अधीन होगा।

4.44 विदेशी खरीदारों द्वारा आपूर्ति किए जाने पर निर्यात

(i) जहां निर्यात आदेश नामित किए गए अभिकरणों/स्तर धारकों/तीन वर्षों के अनुभव वाले ऐसे निर्यातकों को दिया जाता है जिनकी पूर्ववर्ती तीन वित्तीय वर्षों के दौरान वार्षिक औसत टर्नओवर 5 करोड रुपये की हो, इसमें विदेशी खरीदार प्रभार मुक्त सोने/चांदी/प्लेटिनम/मिश्र धातुओं, विनिर्माण और निर्यात हेतु सोने/चांदी/प्लेटिनम की फाइंडिंग्स और माउंटिंग्स की अग्रिम आपूर्ति कर सकते हैं।

(ii) प्रक्रिया पुस्तक के पैरा 4.60 के अंतर्गत ऐसी आपूर्तियां अग्रिम रूप से भी की जा सकती है तथा इसमें निर्धारित न्यूनतम मूल्य वर्धन के अधीन मरम्मत/पुनः निर्माण तथा निर्यात हेतु फाइंडिंग्स/माउंटिंग्स/पुर्जों सहित अर्द्ध–तैयार गहने शामिल हो सकते हैं। निर्यात के ऐसे मामलों में प्रक्रिया पुस्तक के पैराग्राफ 4.59 के अनुसार छीजन मानदंड लागू होंगे।

(iii) निर्यात नामित अभिकरणों द्वारा प्रत्यक्ष रूप से अथवा उनके सहायकों अथवा स्तर धारकों/निर्यातकों के माध्यम से किया जा सकता है। फाइंडिंग्स का आयात और निर्यात निवल दर.निवल आधार पर किया जाएगा।

4.45 निर्यात संवर्धन दौरे/ब्राण्डेड आभूषणों का निर्यात

(i) नामित एजेन्सियॉ और उनके सहयोगी वाणिज्य विभाग और रत्न और आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) के अनुमोदन से विदेशों में प्रदर्शनी आयोजित करने के लिए स्वर्ण/चांदी/प्लेटिनम आभूषण और उनसे बनी वस्तुओं का निर्यात कर सकते हैं।

(ii) स्वर्ण/चांदी/प्लेटिनम आभूषण, कीमती, अर्द्ध कीमती पत्थरों, मणियों और वस्तुओं को व्यक्गित तौर पर ले जाने तथा ब्राण्डेड आभूषण के निर्यात की भी अनुमति है बशर्ते ये प्रक्रिया पुस्तक में दी गई शर्तों के अधीन हो।

4.46 निर्यात/आयात पार्सलों को व्यक्तिगत तौर पर लाना–ले जाना

विदेश जाने वाले यात्रियों द्वारा रत्न और आभूषण के निर्यात पार्सलों तथा किसी भारतीय आयातक/विदेशी राष्ट्रिक द्वारा आयात पार्सल को व्यक्तिगत तौर पर प्रक्रिया पुस्तक के अनुसार लाने–ले–जाने की अनुमति दी जा सकती है।

4.47 डाक द्वारा निर्यात

विदेशी डाकघर के माध्यम से आभूषण का निर्यात जिसमें स्पीड पोस्ट द्वारा निर्यात भी शामिल है, अनुमत है। आभूषण का पार्सल भार 20 कि.ग्रा. से ज्यादा नहीं होना चाहिए।

4.48 निजी/सार्वजनिक अनुबद्ध माल गोदाम

तराशे और पॉलिश किए गए हीरों, तराशे और पॉलिश किए गए रंगीन रत्नों, बिना तराशे गए और बिना जडे गए कीमती और अर्द्ध–कीमती पत्थरों के आयात और पुननिर्यात के लिए विशेष आर्थिक क्षेत्र/डीटीए में निजी/सार्वजनिक अनुबद्ध माल गोदाम स्थापित किए जा सकते हैं, जो डीटीए इकाइयों द्वारा 5 प्रतिशत के न्यूनतम मूल्यवर्द्धन के अधीन होंगे।

4.49 विशेष अधिसूचित क्षेत्र (एसएनजेड)

समय–समय पर यथा संशोधित दिनांक 1 अप्रैल, 2014 की आरबीआई की अधिसूचना सं. 116 द्वारा यथा अधिसूचित कंपनियों द्वारा कच्चे हीरे के आयात, नीलामी/बिक्री और पुनः निर्यात सीमाशुल्क विभाग के पर्यवेक्षणाधीन, विशेष अधिसूचित क्षेत्र एसएनजेड के प्रचालक द्वारा प्रशासित विशेष अधिसूचित क्षेत्र (एसएनजेड) में खेप अथवा एकमुश्त आधार पर अनुमत होगा। कच्चे हीरे (अनसोल्ड) के आयात/नीलामी/बिक्री और पुनः निर्यात की प्रक्रिया सीबीआईसी द्वारा विनिर्दिष्ट अनुसार होगी।

4.50 हीरे और जवाहरात डॉलर खाते

(क) खुरदरे या कटे और पालिश किए गए हीरों/धातु के सादे कीमती आभूषण, मीनाकारी और/या हीरे से जडित/रहित और/या अन्य पत्थर की खरीद/बिक्री करने वाली फर्में तथा कम्पनियॉ, जिनका हीरों/रंगीन रत्नों/हीरे व रंगीन रत्नों से जडित आभूषणों/सादे स्वर्ण आभूषणों के आयात या निर्यात में कम से कम 3 वर्षों का अनुभव हो और पिछले तीन लाइसेंसिंग वर्षों के दौरान 3 करोड या इससे अधिक का वार्षिक औसत कारोबार हो, नामित हीरा डॉलर खातों (डीडीए) के जरिये अपना व्यापार जारी रख सकती है।

(ख) ऐसे खातों में डॉलर, बैंक वित्त और/या निर्यात आय से उपलब्ध होगा और इसका प्रयोग केवल निम्नलिखित हेतु होगा–

(i) विदेशी/स्थानीय स्रोतों से अपरिष्कृत हीरों का आयात/खरीद,

(ii) स्थानीय स्रोतों से कटे और पॉलिश हीरों, रंगीन रत्नों और सादे स्वर्ण आभूषणों की खरीद,

(iii) विदेशों/नामित एजेन्सियों से स्वर्ण का आयात/खरीद तथा बैंक से डॉलर ऋणों की चुकौती, और

(iv) निर्यातक के रुपये खाते में हस्तातंरण। इस हीरा डॉलर खाता (डीडीए) स्कीम के ब्यौरे प्रक्रिया पुस्तक में दिये गये हैं।

(ग) गैर डीडीए धारक को भी कटे हुए एवं पॉलिश किए हुए हीरों की डीडीए धारक को आपूर्ति करने, भुगतान डॉलर में लेने तथा इसे 7 दिन के भीतर रुपयों में बदलने की अनुमति है। कटे हुए एवं पॉलिश किए हुए हीरों और रंगीन रत्नों की गैर डीडीए धारक द्वारा की गई आपूर्ति को भी उसके निर्यात दायित्व की पूर्ति के रूप में माना जाएगा और/या उसे प्रतिपूर्ति प्राधिकार–पत्र का हक प्रदान करेगा।

4.51 परिशोधन तथा पुनः आयात के लिए कटे एवं पॉलिश किए हुए बहुमूल्य और अर्द्ध–बहुमूल्य पत्थरों का निर्यात

रत्न एवं आभूषण निर्यातकों को सीमा शुल्क नियमावली एवं विनियमन के अनुसार परिशोधन तथा पुनः आयात के लिए कटे एवं पॉलिश किए हुए बहुमूल्य और अर्ध–बहुमूल्य पत्थरों का निर्यात करने की अनुमति होगी। पुनः निर्यात के मामले में, निर्यातक नियमानुसार शुल्क वापसी का हकदार होगा।

4.52 अस्वीकृत आभूषणों का पुनः आयात

रत्न एवं आभूषण निर्यातकों को प्रक्रिया–पुस्तक के पैरा 4.90 के अनुसार अस्वीकृत बहुमूल्य धातु आभूषणों का पुनः आयात करने की अनुमति होगी।

4.53 खेप आधार पर निर्यात और आयात

रत्न एवं आभूषण निर्यातकों को प्रक्रिया–पुस्तक के अनुसार और इस संबंध में सीमा शुल्क नियमावली और विनियमों के अनुसार खेप आधार पर हीरे, रत्न और आभूषणों के निर्यात और आयात की अनुमति होगी।

निर्यात किए गए उत्पादों पर शुल्कों और करों की छूट के लिए स्कीम (आरओडीटीईपी)

4.54 स्कीम के उद्देश्य और प्रचालन सिद्धांत

i. इस स्कीम का उद्देश्य वर्तमान में रिफंड न की गई राशि का रिफंड करना है:

क. निर्यात किए गए उत्पाद के उत्पादन में उपयोग की जाने वाली वस्तुओं और सेवाओं पर पूर्व चरण के संचयी अप्रत्यक्ष करों सहित निर्यात किए गए उत्पाद पर वहन किए जाने वाले केंद्रीय, राज्य और स्थानीय स्तर पर शुल्क/कर/लेवीज, और

ख. निर्यात किए गए उत्पाद के वितरण के संबंध में इस तरह के अप्रत्यक्ष शुल्क/कर/लेवीज।

ii. स्कीम के अंतर्गत छूट पहले से छूट प्राप्त या विप्रेषित या जमा किए गए शुल्कों और करों के संबंध में उपलब्ध नहीं होगी।

iii. स्कीम के तहत अधिकतम दरों का निर्धारण राजस्व विभाग/शुल्क–वापसी प्रभाग में एक समिति द्वारा किया जाएगा जिसमें वाणिज्य विभाग और राजस्व विभाग द्वारा प्राथमिकता दिए गए क्षेत्रों पर डीओसी/डीजीएफटी, लाइन मंत्रालयों और विशेषज्ञों का उपयुक्त प्रतिनिधित्व हो।

iv. आरओडीटीईपी स्कीम के लिए समग्र बजट/परिव्यय को वित्त मंत्रालय द्वारा वाणिज्य विभाग (डीओसी) के परामर्श से सभी प्रासंगिक कारकों को ध्यान में रखते हुए अंतिम रूप दिया जाएगा।

v. स्कीम प्रत्येक वित्तीय वर्ष के लिए एक बजटीय ढांचे में काम करेगी और जब भी आवश्यक हो, स्कीम के लाभों के लिए आवश्यक अंशशोधन और संशोधन किए जाएंगे ताकि प्रत्येक वित्तीय वर्ष के लिए अनुमानित छूट को स्कीम के अनुमोदित बजट के अंदर प्रबंधित की जा सके। इस स्कीम के तहत बकाया या आकस्मिक देनदारियों की छूट के लिए अगले वित्त वर्ष तक कोई प्रावधान अनुमत नहीं है।

vi. क्षेत्रों में स्कीम की शुरूआत का अनुक्रम, कवर किए जाने वाले क्षेत्रों का प्राथमिकीकरण, समग्र बजट/अंतिम परिव्यय के भीतर प्रति मद/कुल समग्र अनुमत लाभ राशि से यथा विनिर्दिष्ट अधिकतम राशि के अंदर समिति द्वारा निर्धारित दरों के अंदर विभिन्न मदों पर दिए जाने वाले लाभ की मात्रा का निर्णय राजस्व विभाग के परामर्श से वाणिज्य विभाग (डीओसी) द्वारा लिया जाएगा और अधिसूचित किया जाएगा।

vii. स्कीम के तहत, पात्र निर्यातकों को अधिसूचित 8 अंकों के एचएस कोड के अंतर्गत वर्गीकृत मदों के निर्यात पर, जहां भी आवश्यक हो, निर्यातित उत्पाद की प्रति इकाई अधिकतम मूल्य के एफओबी मूल्य के प्रतिशत के रूप में एक अधिसूचित दर पर छूट प्रदान की जाएगी। तथापि, कुछ निर्यात मदों के लिए प्रति इकाई एक निश्चित मात्रा में छूट राशि अधिसूचित की जा सकती है। आरओडीटीईपी के तहत प्रति यूनिट छूट/मूल्य की अधिकतम राशि की दरें परिशिष्ट 4द में अधिसूचित की जाएंगी। उपर्युक्त बजट नियंत्रण उपायों के मद्देनजर लाए जाने वाले आवश्यक परिवर्तनों के अलावा, वार्षिक आधार पर आरओडीटीईपी दरों की समीक्षा करने और वित्तीय वर्ष की शुरुआत से पहले उन्हें अग्रिम रूप से अधिसूचित करने के प्रयास किए जाएंगे।

viii. अनुमोदित छूट विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 के तहत अनुमत समयावधि के अंदर बिक्री आय की प्राप्ति के अधीन है, ऐसा न कर पाने पर इस तरह की छूट को कभी भी अनुमत नहीं माना जाएगा। यह छूट इसे जारी करते समय होने वाली निर्यात आय की वसूली पर निर्भर नहीं होगी। तथापि, गैर–प्राप्ति और निर्यात से संबंधित शुल्क वापसी स्कीम, आईजीएसटी

और अन्य जीएसटी रिफंड के तहत जारी अन्य प्रणालीगत सुधारों के कारण किसी भी दुरुपयोग से बचने के लिए पर्याप्त सुरक्षा उपाय भी आरओडीटीईपी स्कीम के तहत किए गए दावों के लिए लागू होंगे।

ix. छूट जारी करने का तंत्रः यह स्कीम हस्तांतरणीय शुल्क क्रेडिट/इलेक्ट्रॉनिक स्क्रिप (ई – स्क्रिप) के रूप में छूट राशि जारी हेतु शुरू से आखिर तक डिजिटलीकरण के माध्यम से लागू की जाएगी, जिसका केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) द्वारा एक इलेक्ट्रॉनिक खाते में रखरखाव किया जाएगा। स्कीम के तहत आरओडीटीईपी दावे जारी करने और आवेदन के तरीके, आवेदन के लिए समय अवधि और निर्यात प्राप्ति, निर्यात दस्तावेज, नमूना प्रक्रिया, रिकॉर्ड रखने आदि समेत अन्य मामलों सहित कार्यान्वयन मुद्दों से संबन्धित आवश्यक नियम और प्रक्रिया को सीबीआईसी, राजस्व विभाग द्वारा शुरू से आखिर तक डिजिटलीकरण करने के मद्देनजर एक आईटी समर्थित मंच पर अधिसूचित किया जाएगा। सीबीआईसी द्वारा जहां विदेशी मुद्रा की वसूली नहीं की गई है, वहॉ छूट राशि की वसूली, धोखाधडी और दुरुपयोग के मामले में आरओडीटीईपी का निलंबन/रोक, साथ ही उपयुक्त रूप से जुर्माना लगाने के लिए भी सीबीआईसी द्वारा आवश्यक प्रावधान किए जाएंगे।

x. यह स्कीम 1 जनवरी 2021 से निर्यात के लिए लागू होगी। तथापि पैरा 4.55 (x), (xi) और (xii) के अंतर्गत श्रेणियों द्वारा किए गए निर्यात के लिए, कार्यान्वयन की तारीख पैरा 4.55ख के प्रावधानों के अनुसार बाद में तय की जाएगी।

4.55 स्कीम के अंतर्गत अपात्र आपूर्तियां/मदें/श्रेणियांः

आरओडीटीईपी स्कीम के तहत निर्यात/निर्यातकों की निम्नलिखित श्रेणियां छूट के लिए पात्र नहीं होंगीः

i. एफटीपी के पैरा 2.46 के तहत आने वाला आयातित वस्तुओं का निर्यात।

ii. ट्रांस – शिपमेंट के माध्यम से निर्यात, जिसका अर्थ है कि निर्यात जो तीसरे देश में उत्पन्न हो रहा है लेकिन भारत के माध्यम से ट्रांसशिप किया गया है।

iii. निर्यात उत्पाद जो न्यूनतम निर्यात मूल्य या निर्यात शुल्क के अधीन हैं।

iv. आईटीसी (एचएस) में निर्यात नीति की अनुसूची-2 के तहत निर्यात के लिए प्रतिबंधित उत्पाद।

v. उत्पाद जो आईटीसी (एचएस) में निर्यात नीति की अनुसूची-2 के तहत निर्यात के लिए प्रतिबंधित हैं।

vi. मान्य निर्यात।

vii. एसईजेड/एफटीडब्ल्यूजेड इकाइयों को डीटीए इकाइयों द्वारा विनिर्मित उत्पादों की आपूर्ति।

viii. ईएचटीपी और बीटीपी में विनिर्मित उत्पाद।

ix. सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 (1962 की संख्या 52) की धारा 65 के तहत आंशिक रूप से या पूरी तरह से एक गोदाम में विनिर्मित उत्पाद।

x. संबंधित विदेश व्यापार नीति की शुल्क छूट स्कीम के तहत जारी अग्रिम प्राधिकार पत्र या शुल्क मुक्त आयात प्राधिकार पत्र या विशेष अग्रिम प्राधिकार पत्र के मद्दे निर्यात दायित्व के निर्वहन में विनिर्मित या निर्यात किए गए उत्पाद।

xi. विदेश व्यापार नीति के प्रावधानों के अनुसार 100 प्रतिशत निर्यात उन्मुख इकाई (ईओयू) के रूप में लाइसेंस प्राप्त इकाई द्वारा निर्मित या निर्यात किए गए उत्पाद।

xii. मुक्त व्यापार क्षेत्र या निर्यात प्रसंस्करण क्षेत्र या विशेष आर्थिक क्षेत्र में स्थित किसी भी इकाई द्वारा निर्मित या निर्यात किए गए उत्पाद।

xiii. 1 अप्रैल, 1997 की अधिसूचना संख्या 32/1997–सीमा शुल्क का लाभ उठाने वाले विनिर्मित या निर्यात किए गए उत्पाद।

xiv. निर्यात जिसके लिए आइसगेट ईडीआई में इलेक्ट्रॉनिक प्रलेखन जेनरेट नहीं किया गया है/गैर – ईडीआई पत्तनों से निर्यात।

xv. विनिर्माण के बाद उपयोग में ली गई वस्तुएं।

4.55 क सरकार, तथापि, उपर्युक्त उल्लेख के अनुसार आरओडीटीईपी के दायरे के अंतर्गत किसी भी श्रेणी को बाद की तारीख में समाविष्ट और हटा कर संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित रखती है।

4.55 ख उपरोक्त पैरा 4.55 (x), (xi) और (xii) में उल्लिखित श्रेणियों द्वारा किए गए निर्यात को शामिल करने और ऐसी श्रेणियों के अंतर्गत निर्यात वस्तुओं के लिए आरओडीटीईपी दरों का निर्णय आरओडीटीईपी समिति की सिफारिशों के आधार पर किया जाएगा।

4.56 छूट का स्वरूपः ई–स्क्रिपों का उपयोग केवल सीमा शुल्क प्रशुल्क अधिनियम, 1975 की पहली अनुसूची के अंतर्गत लगाए जाने वाले सीमा शुल्क अर्थात मूल सीमा शुल्क के भुगतान के लिए किया जाएगा।

4.57 निगरानी, लेखा परीक्षा और जोखिम प्रबंधन प्रणालीः

लेखापरीक्षा और सत्यापन के प्रयोजनों के लिए निर्यातक को स्कीम के तहत किए गए दावों को प्रमाणित करने वाले रिकॉर्ड रखने की आवश्यकता होगी। सीबीआईसी, राजस्व विभाग द्वारा एक आईटी आधारित जोखिम प्रबंधन प्रणाली (आरएमएस) के साथ एक निगरानी और लेखा परीक्षा तंत्र स्थापित किया जाएगा ताकि नमूना आधार पर निर्यातकों के रिकॉर्ड को वास्तविक रूप से सत्यापित किया जा सके। वास्तविक सत्यापन के लिए नमूना मामलों की जोखिम और अन्य प्रासंगिक मापदंडों के आधार पर आरएमएस द्वारा निष्पक्ष रूप से जांच की जाएगी।

4.57 क एक व्यापक स्तर की निगरानी के लिए, एक आउटपुट आउटकम फ्रेमवक्र का रखरखाव किया जाएगा और इसकी नियमित अंतराल पर निगरानी की जाएगी।

4.58 शेष मुद्देः स्कीम से संबंधित बाद में उत्पन्न होने वाले शेष मुद्दों पर एक अंतर – मंत्रालयी समिति द्वारा विचार किया जाएगा, जिसका नाम "आरओडीटीईपी नीति समिति (आरपीसी)'' होगा, जिसकी अध्यक्षता डीजीएफटी (जिसमें वाणिज्य विभाग और राजस्व विभाग के सदस्य शामिल होंगे) करेंगे, जिनके निर्णय बाध्यकारी होंगे।

4.59 परिशिष्ट 4द जिसमें पात्र आरओडीटीईपी निर्यात मदों, दरों और प्रति इकाई अधिकतम मूल्य, जहां भी लागू हो, उल्लिखित है, डीजीएफटी के पोर्टल www.dgft.gov.in पर 'रेगुलेटरी अपडेट्स >आरओडीटीईपी' लिंक के अंतर्गत उपलब्ध है।

अध्याय–5

निर्यात संवर्धन पूंजीगत माल (ईपीसीजी) स्कीम

5.0 उद्देश्य

ईपीसीजी स्कीम का उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादन के लिए पूंजीगत वस्तुओं के आयात को सुगम बनाना और भारत की विनिर्माण प्रतिस्पर्धात्मकता को बढाना है।

5.01 ईपीसीजी स्कीम

(क) ईपीसीजी स्कीम शून्य सीमा शुल्क पर पूर्व–उत्पादन, उत्पादन और उत्पादन के बाद के कार्य हेतु पूंजीगत माल (परिशिष्ट 5 च में नकारात्मक सूची में विनिर्दिष्ट वस्तुओ को छोडकर) के आयात की अनुमति देती है। वास्तविक निर्यात के लिए ईपीसीजी प्राधिकार पत्र के अंतर्गत आयातित पूंजीगत माल को राजस्व विभाग की अधिसूचना में यथा उल्लिखित प्रावधान के अनुसार सीमा शुल्क उपकर अधिनियम, 1975 (1975 की संख्या 51) की धारा 3 की क्रमशः उप–धारा (7) और उप–धारा (9) के तहत लिए जाने वाले आईजीएसटी और प्रतिपूर्ति उपकर से भी छूट दी गई है। वैकल्पिक रूप से प्राधिकार पत्र धारक एफटीपी के पैराग्राफ 5.07 के प्रावधानों के अनुसार स्वदेशी स्रोतों से भी पूंजीगत माल खरीद सकता है। ईपीसीजी स्कीम के प्रयोजन के लिए पूंजीगत माल में निम्नलिखित शामिल होंगेः

(i) सीकेडी/एसकेडी की शर्त सहित अध्याय 11 में यथा परिभाषित पूंजीगत माल,

(ii) कंप्यूटर सिस्टम और सॉफ्टवेयर जो आयात किए जा रहे पूंजीगत माल का एक हिस्सा हैं,

(iii) स्पेयर्स, मोल्ड्स, डाईज, जिग्स, फिक्स्चर्स, टूल्स और रिफ्रेक्ट्रीज तथा

(iv) प्रारंभिक चार्ज और इसके बाद एक चार्ज के लिए कैटेलिस्ट

(ख) ईपीसीजी स्कीम के अंतर्गत आयात पूंजीगत वस्तुओं पर बचाए गए शुल्कों, करों और उपकर के 6 गुणा समतुल्य निर्यात दायित्व (ईओ) के अधीन होगा जिसे प्राधिकार पत्र जारी होने की तारीख से 6 साल में पूरा किया जाना है।

(ग) ईपीसीजी स्कीम के तहत आयात/खरीद भी एफटीपी के पैरा 5.04 (ग) में यथा उल्लिखित औसत निर्यात दायित्व (एईओ) के अधीन होगी।

(घ) प्राधिकार पत्र इसके जारी होने की तारीख से 24 महीने के लिए आयात हेतु वैध होगा। ईपीसीजी प्राधिकार पत्र के पुनर्वैधीकरण की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(ड.) यदि ईपीसीजी के तहत आयात पर एकीकृत कर और प्रतिपूर्ति उपकर का नकद में भुगतान किया जाता है, तो उक्त एकीकृत कर और प्रतिपूर्ति उपकर दिए जाने को बचाए गए निवल शुल्क में गणना नहीं की जाएगी बशर्ते कि निविष्टि टैक्स क्रेडिट का लाभ नहीं उठाया गया हो।

(च) डीजीएफटी मुख्यालय में एक्जिम सुविधा समिति (ईएफसी) से अनुमोदन के बाद ही ईपीसीजी स्कीम के तहत आयात हेतु प्रतिबंधित की गई वस्तुओं के आयात की अनुमति दी जाएगी।

(छ) यदि ईपीसीजी प्राधिकार पत्र के तहत निर्यात के लिए प्रस्तावित माल निर्यात के लिए प्रतिबंधित है, तो ईपीसीजी प्राधिकार पत्र डीजीएफटी मुख्यालय में एक्जिम सुविधा समिति (ईएफसी) से निर्यात प्राधिकार पत्र जारी करने के अनुमोदन के बाद ही जारी किया जाएगा।

5.02 कवरेज

(क) ईपीसीजी स्कीम सहायक विनिर्माताओं से जुडे या नहीं जुडे विनिर्माता निर्यातकों सहायक विनिर्माताओं से जुडे व्यापारी निर्यातकों और सेवा प्रदाताओं को शामिल करती है। सहायक विनिर्माता (विनिर्माताओं) के कारखाने / परिसर में पूंजीगत माल की स्थापना से पहले ईपीसीजी प्राधिकार पत्र पर सहायक विनिर्माता (विनिर्माताओं) के नाम का पृष्ठांकन किया जाएगा। यदि सहायक विनिर्माता (विनिर्माताओं) में कोई भी बदलाव होता है, तो क्षेत्रीय प्राधिकारी (आर ए) प्राधिकार पत्र के पंजीकरण के पत्तन पर इस तरह के बदलाव की वहॉ के क्षेत्राधिकार प्राप्त सीमा शुल्क प्राधिकारी को मौजूदा और साथ ही बदले हुए सहायक विनिर्माता और सीमा शुल्क विभाग की सूचना देगा।

(ख) निर्यात संवर्धन पूँजीगत माल (ईपीसीजी) स्कीम ऐसे सेवा प्रदाता को भी शामिल करती है जिसे डीजीएफटी–मुख्यालय, वाणिज्य विभाग द्वारा विदेश व्यापार नीति/प्रक्रिया पुस्तक के प्रावधानों के अधीन निर्यात उत्कृष्टता के शहर या प्राइम मिनिस्टर मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन एंड अपैरल पाक्र (पीएम मित्रा) में एक सामान्य सेवा प्रदाता (सीएसपी) के रूप में निम्नलिखित शर्तों के अधीन प्रमाणित किया गया हो:

(i) सीएसपी के लाभ के लिए बिजली, पानी, गैस, स्वच्छता, सीवरेज, दूरसंचार, परिवहन आदि प्रदान करने जैसी सामान्य उपयोगिता सेवाओं पर विचार नहीं किया जाएगा।

(ii) सामान्य सेवा के उपयोगकर्ताओं द्वारा किए गए निर्यात को सीएसपी के निर्यात दायित्व की पूर्ति के लिए गिना जाएगा, बशर्ते संबंधित शिपिंग बिलों में सीएसपी के ईपीसीजी प्राधिकार–पत्र का विवरण उल्लिखित हों और संबंधित क्षेत्रीय प्राधिकारी को ऐसे निर्यात के पूर्व प्रयोक्ताओं के ब्योरे के बारे में सूचित करना होगा।

(iii) इस तरह के निर्यात को उपयोगकर्ता के अन्य ईपीसीजी प्राधिकार पत्रों के संबंध में विशिष्ट निर्यात दायित्वों की पूर्ति के लिए नहीं गिना जाएगा।

(iv) प्राधिकार पत्र धारक को बैंक गारंटी (बीजी) जमा करनी होगी जो बचाए गए शुल्क के बराबर होगी। सीएसपी को दिए गए विकल्प के रूप में बीजी सीएसपी अथवा किसी एक उपयोगकर्ता या उसके समूह द्वारा जमा की जा सकती है तथा

(v) पूंजीगत माल को निर्यात उत्कृष्टता के शहर अथवा पीएम मित्रा के अंदर स्थापित किया जाएगा।

5.03 वास्तविक प्रयोक्ता शर्त

आयातित पूंजीगत माल वास्तविक उपयोगकर्ता शर्त के अधीन होगा जब तक कि निर्यात दायित्व पूरा नहीं हो जाता है और निर्यात दायित्व निर्वहन प्रमाणपत्र (ईओडीसी) प्रदान नहीं किया जाता है।

5.04 निर्यात दायित्व

निर्यात दायित्व को पूरा करने के लिए निम्नलिखित शर्तें लागू होंगीः–

(क) निर्यात दायित्व प्राधिकार पत्र धारक द्वारा माल के निर्यात के माध्यम से पूरा किया जाएगा जो उसके अथवा उसके सहायक विनिर्माता/उसके द्वारा प्रदान की गई सेवाओं से विनिर्मित है, जिसके लिए ईपीसीजी प्राधिकार पत्र प्रदान किया गया है।

(ख) माल के निर्यात के लिए, ईपीसीजी प्राधिकार पत्र धारक या तो सीधे या फिर तृतीय पक्ष (पक्षों) के माध्यम से निर्यात कर सकता है।

(ग) इसके अलावा, स्कीम के अंतर्गत निर्यात दायित्व पैरा 5.12(क) में उल्लिखित श्रेणियों को छोडकर बढाई गयी समयावधि सहित समग्र निर्यात–दायित्व अवधि के भीतर आवेदक द्वारा पिछले तीन लाइसेंसिग वर्षों में उक्त तथा उसी तरह के उत्पादों के लिए निर्यात दायित्व औसत स्तर का होगा। यह औसत उक्त और उसी तरह के उत्पादों के लिए पिछले 3 लाइसेंसिंग वर्षों के निर्यात निष्पादन का और गणितीय माध्य होगा। औसत निर्यात दायित्व (एईओ) प्रत्येक वित्तीय वर्ष पूरा किया जाएगा जब तक कि निर्यात दायित्व पूरा नहीं होता। एईओ के अतिरिक्त निर्यात/आपूर्तियों पर केवल निर्यात दायित्व को पूरा करने के लिए विचार किया जाएगा।

(घ) पूंजीगत माल की स्वदेशी सोर्सिंग के मामले में, विशिष्ट ईओ पैरा 5.01 में विहित ईओ से 25% कम होगा। पैरा 5.04 (ग) में यथा निर्धारित लगाए गए औसत ईओ, यदि कोई हो, में कोई परिवर्तन नहीं होगा।

(ड.) अग्रिम प्राधिकार–पत्र, डीएफआईए, शुल्क वापसी, आरओएससीटीएल और आरओडीटीईपी स्कीमों के तहत निर्यात भी ईपीसीजी स्कीम के तहत ईओ की पूर्ति के लिए पात्र होंगे।

(च) निर्यात दायित्व को वास्तविक निर्यात के साथ–साथ मान्य निर्यात दोनों द्वारा पूरा किया जा सकता है। मान्य निर्यात आपूर्ति भी एफटीपी के पैरा 7.03 के तहत उपलब्ध लाभों के लिए पात्र होगी।

(छ) डीटीए इकाइयों से किए गए निर्यात की गणना केवल एईओ और/या ईओ की गणना और/या पूर्ति के लिए की जाएगी।

(ज) ईओ की पूर्ति डीटीए को आईटीए–1 मदों की आपूर्ति से भी की जा सकती है, बशर्ते कि वसूली मुक्त विदेशी मुद्रा में हो।

(झ) प्राधिकार पत्र धारक द्वारा मुक्त रूप से परिवर्तनीय मुद्रा में प्राप्त रॉयल्टी भुगतान और आर एंड डी सेवाओं के लिए प्राप्त विदेशी मुद्रा को भी ईपीसीजी के तहत निर्वहन के लिए गिना जाएगा।

(ञ) परिशिष्ट 5घ में यथा अधिसूचित ऐसी सेवाओं के लिए रुपये में प्राप्त भुगतान को भी ईपीसीजी स्कीम के तहत निर्यात दायित्व के निर्वहन के लिए गिना जाएगा।

(ट) पैरा 2.52 (घ) (ii) के अनुसार भारतीय रुपये में वसूल की गई निर्यात कार्यवाही को निर्यात दायित्व को पूरा रने के लिए भी गिना जाएगा।

(ठ) पैरा 5.04 (घ), 5.09, 5.10 और 5.11 में विनिर्दिष्ट केवल एक लाभ अनुमत्त होगा।

(ड) ईओ की समयावधि आगे बढाए जाने को प्रक्रिया पुस्तक में यथा निर्धारित अनुमत्त किया जाएगा।

5.05 दिवाला और दिवालियापन संहिता 2016 के उपबंधों के तहत शामिल कंपनियों के लिए प्रावधान

ईपीसीजी प्राधिकार पत्र धारक और दिवाला कार्यवाही शुरू करने के लिए दिवाला और दिवालियापन संहिता 2016 के उपबंधों के तहत शामिल की गई कंपनी और जिस पर न्यायनिर्णायक प्राधिकारी द्वारा आईबीसी 2016 की धारा 31 के तहत समाधान योजना को अनुमत किया गया है जिसे न्यायनिर्णायक प्राधिकारी/अपील प्राधिकारियों जैसा भी मामला हो, द्वारा अनुमोदित/अंतिम रूप दी गई समाधान योजना के अनुसार राहत, रियायतों और माफी की अनुमति दी जा सकती है।

5.06 कृषि इकाइयों के मामले में एलयूटी/बांड/बैंक गारंटी

कृषि–निर्यात क्षेत्रों में इकाइयों को ईपीसीजी प्राधिकार पत्र के लिए एलयूटी/बांड अथवा 15% बैंक गारंटी, जैसा लागू हो, प्रदान की जा सकती है बशर्ते कि ईपीसीजी प्राधिकार पत्र अधिसूचित प्राथमिक कृषि उत्पाद (उत्पादों) के निर्यात अथवा उनके मूल्य वर्धित किस्मों के लिए लिया गया हो।

5.07 घरेलू आपूर्तिकर्ता को पूंजीगत माल और लाभ की स्वदेशी सोर्सिंग

ईपीसीजी प्राधिकार पत्र रखने वाला व्यक्ति या तो अवैधीकरण पत्र या फिर अग्रिम रिलीज आदेश के माध्यम से घरेलू विनिर्माता से पूंजीगत माल प्राप्त कर सकता है। ऐसे घरेलू विनिर्माता एफटीपी के पैराग्राफ 7.03 के तहत मान्य निर्यात लाभ के लिए पात्र होंगे, और जैसा कि मान्य निर्यात की श्रेणी के अंतर्गत जीएसटी नियमों के तहत प्रदान किया जा सकता है। ईओयू से ऐसी घरेलू सोर्सिंग की भी अनुमति होगी और इन आपूर्तियों की गणना उक्त ईओयू द्वारा सकारात्मक एनएफई की पूर्ति के उद्देश्य से की जाएगी जैसा कि विदेश व्यापार नीति के पैरा 6.08 (क) में दिया गया है।

5.08 निर्यात दायित्व की गणना

प्रत्यक्ष आयात के मामले में, ईओ को बचाई गई वास्तविक शुल्क राशि के संदर्भ में गिना जाएगा। घरेलू सोर्सिंग के मामले में ईओ को एआरओ/अवैधीकरण पत्र में दर्शाए गए अनुसार एफओआर मूल्य पर बचाई गई अनुमानित सीमा शुल्क राशि के संदर्भ में लिया जाएगा।

5.09 ईओ को शीघ्र पूरा करने के लिए प्रोत्साहन

निर्यात में तेजी लाने की दृष्टि से उन मामलों में जहां प्राधिकार पत्र धारक ने विनिर्दिष्ट मूल निर्यात दायित्व की अवधि के आधे या आधे से कम समय में अभी तक विशिष्ट निर्यात दायित्व का 75% या अधिक और औसत निर्यात दायित्व, यदि कोई हो का 100% पूरा किया है, तो शेष निर्यात दायित्व को माफ कर दिया जाएगा और संबंधित क्षेत्रीय प्राधिकारी द्वारा प्राधिकार पत्र का मोचन किया जाएगा।

5.10 हरित प्रौद्योगिकी उत्पादों के लिए कम किया गया निर्यात दायित्व

हरित प्रौद्योगिकी उत्पादों के निर्यातकों के लिए पैरा 5.01(ख) में यथानिर्धारित विशिष्ट निर्यात दायित्व का 75 प्रतिशत निर्यात दायित्व होगा। पैरा 5.04(ग) में यथानिर्धारित रोपित औसत निर्यात दायित्व, यदि कोई हो, में कोई परिवर्तन नहीं होगा। हरित प्रौद्योगिकी उत्पादों की सूची प्रक्रिया पुस्तक के पैरा 5.26 में दी गई है।

5.11 उत्तर पूर्व क्षेत्र और जम्मू और कश्मीर और लद्दाख के संघ राज्य क्षेत्रों के लिए कम किया गया निर्यात दायित्व

अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा, जम्मू और कश्मीर और लद्दाख में स्थित विनिर्माण इकाइयों के लिए, विशिष्ट निर्यात दायित्व यथालागू पैरा 5.01(ख) में यथा उल्लिखित निर्यात दायित्व का 25 प्रतिशत होगा। जैसा कि पैरा 5.04(ग) में यथानिर्धारित है, औसत निर्यात दायित्व यदि कोई हो, में कोई परिवर्तन नहीं होगा।

5.12 औसत निर्यात दायित्व के अनुरक्षण से छूट

(क) निम्नलिखित से संबंधित वस्तुओं के निर्यात के मामले में ईपीसीजी प्राधिकार पत्र धारक को औसत, निर्यात दायित्व के अनुरक्षण की आवश्यकता नहीं होगी

(i) हस्तशिल्प,

(ii) हथकरघा,

(iii) खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) के अंतर्गत आने वाले उद्योग

(iv) कृषि

(v) एक्वाकल्चर (मात्स्यिकी सहित), मछली पालन,

(vi) पशुपालन और डेयरी

(vii) फूलों की खेती और बागवानी,

(viii) पोल्ट्री,

(ix) अंगूर की खेती,

(x) रेशम उत्पादन,

(xi) कालीन,

(xii) कॉयर, और

(xiii) जूट

(ख) हालांकि, मछली पकडने वाले ट्रॉलरों, नावों, जहाजों और अन्य समान वस्तुओं के आयात के लिए औसत निर्यात दायित्व के अनुरक्षण से यह छूट नहीं दी जाएगी।

(ग) उपरोक्त उप–पैराग्राफ (क) में विनिर्दिष्ट क्षेत्रों द्वारा ईपीसीजी स्कीम के तहत आयातित उपकरणों को छोडकर, माल को आयात की तारीख से पांच साल की अवधि के लिए स्थानांतरित करने की अनुमति नहीं दी जाएगी, यहां तक कि उन मामलों में भी जहां निर्यात दायित्व पूरा हो गया है।

5.13 संक्रमणकालीन व्यवस्थाएँ:

05.12.2017 और 2015–20 संशोधित अनुमान 2017 से पहले जारी विभिन्न नीति अवधियों जैसे 2002–07, 2004–09, 2009–14, 2015–20 के दौरान जारी किए गए प्राधिकार पत्र संबंधित नीति प्रावधानों और प्रक्रिया पुस्तकों द्वारा अभिशासित होंगे, जब तक कि विशेष रूप से अन्यथा उल्लिखित न हो।

अध्याय – 6

निर्यातोन्मुख इकाइयां (ईओयू), इलेक्ट्रॉनिक हार्डवेयर टेक्नोलोजी पाक्र (ईएचटीपी), सॉफ्टवेयर टेक्नोलोजी पाक्र (एसटीपी) और बॉयो – टेक्नोलोजी पाक्र (बीटीपी)

6.00 भूमिका और उद्देश्य

(क) अपने समस्त माल के उत्पादन और सेवाओं (डीटीए में अनुमत बिक्री को छोडकर) का निर्यात करने के लिए इकाइयां माल के निर्माण सहित मरम्मत, पुनः निर्माण, पुनः कंडीशनिंग, पुनः इन्जीनियरिंग और सेवा प्रदान करने, साफ्टवेयर तैयार करने, कृषि जिसमें खाद्य प्रसंस्करण, एक्वाकल्चर, पशु पालन, बायोटेक्नोलाजी, फूलों की खेती, बागवानी, मत्स्य पालन, अंगूर की खेती, मुर्गी पालन और रेशम उत्पादन के लिए निर्यातोन्मुख इकाई (ई.ओ.यू.) स्कीम, इलेक्ट्रॉनिक हार्डवेयर टेनोलोजी पाक्र (ईएचटीपी) स्कीम, साफ्टवेयर टेक्नोलोजी पाक्र (एसटीपी) स्कीम या बायो टेक्नोलॉजी पाक्र स्कीम के अंतर्गत स्थापित की जा सकती हैं। व्यापारिक इकाईयां इन स्कीमों के अन्तर्गत शामिल नहीं हैं।

(ख) इन स्कीमों का उद्देश्य निर्यात का संवर्धन करना, विदेशी मुद्रा के अर्जन को बढाना, निर्यात उत्पादन और रोजगार सृजन करने के लिए निवेश को आकर्षित करना है।

6.01 माल का निर्यात तथा आयात

(क) ईओयू/ईएचटीपी/एसटीपी/बीटीपी इकाई सभी प्रकार की वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात कर सकती है, उन मदों को छोडकर जो आईटीसी (एचएस) में निषिद्ध हैं। तथापि, सोने के आभूषण, आंशिक रूप से तराशे गए आभूषण चाहे सादा हो अथवा जडित हों और संबंधित वस्तुओं सहित जिनमें 8 कैरेट और इससे अधिक 22 कैरेट की अधिकतम सीमा तक सोना हो, को ही अनुमति दी जाएगी। पोस्ट, पुश बैक, लॉक जैसी मदों जिससे आभूषणों के टुकडों को जोडने में सहायता मिलती हो, जिसमें 3 कैरेट और अधिकतम 22 कैरेट सोना हो के निर्यात की अनुमति दी जाएगी।

(ख) विशेष रसायन, जीव, सामग्री, उपकरण और प्रौद्योगिकियों (स्कॉमेट) का निर्यात एफटीपी (स्कोमेट के लिए नया अध्याय) के अध्याय 10 में उल्लिखित शर्तें पूरी करने के अधीन होगा। ईओयू के संबंध में प्रतिबंधित मद (मदों) के निर्यात की अनुमति पर बीओए द्वारा मामला दर मामला आधार पर विचार किया जा सकता है बशर्ते निर्यात मद (मदों) के लिए प्रयुक्त निविष्टि (निविष्टियों) का आयात किया गया हो तथा डीटीए से ऐसी निविष्टियों की खरीद न की गई हो।

(ग) पिछले वर्षों के निर्यात के एफओबी मूल्य के 1.5 प्रतिशत की अधिकतम मूल्य सीमा तक ब्रोशर/साहित्य, पैम्फलेट, होर्डिंग, कैटलॉग, पोस्टर इत्यादि जैसी निर्यात प्रोत्साहन सामग्री की खरीद और आपूर्ति की भी अनुमति होगी।

(घ) (i) ईओयू /ईएचटीपी/एसटीपी/बीटीपी इकाई, डीटीए अथवा डीटीए में अनुबद्ध गोदामों/भारत में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी, उससे संबंधित गतिविधियों के लिए पूंजीगत वस्तुओं सहित सभी प्रकार की वस्तुओं का आयात और/या खरीद कर सकती है बशर्ते कि ये नीचे पैरा (ii) और (iii) में दी गई शर्तों के अधीन आईटीसी (एचएस) में आयात की निषिद्ध मदें न हो। किसी अन्य कानून के तहत आयात के लिए अपेक्षित कोई अनुमति लागू होगी। इकाइयों को अनुमोदित गतिविधि के लिए आवश्यक पूंजीगत वस्तुओं सहित वस्तुएं ग्राहकों से बिना किसी मूल्य के या ऋण/पट्टे पर आयात करने की भी अनुमति होगी। पूंजीगत माल का आयात स्वप्रमाणन आधार पर होगा। इकाई द्वारा माल का आयात, निर्यात उत्पादन के उपयोग के तथा वास्तविक प्रयोक्ता शर्तों के अधीन होगा।

(ii) डीटीए में अनुबद्ध गोदाम से अथवा भारत में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी से आयात और/या खरीद सीमाशुल्क प्रशुल्क अधिनियम 1975 की प्रथम अनुसूची में उस पर प्रभार्य सीमाशुल्क और उक्त अधिनियम की धारा 3 (1), 3(3) और 3(5) के तहत प्रभार्य अतिरिक्त सीमाशुल्क यदि कोई हो, के भुगतान के बिना होगा। ऐसे आयात और/या खरीद राजस्व विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार सीमाशुल्क प्रशुल्क अधिनियम, 1975 की धारा 3(7) और 3(9) के तहत प्रभार्य एकीकृत कर और क्षतिपूर्ति उपकर के बिना होगी।

(iii) डीटीए से जीएसटी के तहत शामिल की गई वस्तुओं की खरीद लागू जीएसटी और क्षतिपूर्ति उपकर का भुगतान करने पर होगी। डीटीए से ईओयू को की गई आपूर्ति पर भुगतान किए गए जीएसटी की वापसी आपूर्तिकर्ता को जीएसटी नियमावली और उसके तहत जारी अधिसूचनाओं के अंतर्गत यथा विनिर्दिष्ट शर्तों और दस्तावेजीकरण के अधीन उपलब्ध होगी। ईओयू डीटीए से केन्द्रीय उत्पाद शुल्क अधिनियम, 1944 की चौथी अनुसूची के तहत आने वाली उत्पाद शुल्क प्रभार्य वस्तुएं भी लागू उत्पाद शुल्क का भुगतान किए बिना खरीद सकते हैं।

(ङ) निर्यातोन्मुख विनिर्माण इकाइयों पर राज्य व्यापार व्यवस्था लागू नहीं होगी। तथापि, क्रोम ओर/क्रोम कंसंट्रेट, के संबंध में इन मदों की निर्यात नीति में यथानिर्धारित राज्य व्यापार व्यवस्था ईओयू के लिए लागू होगी।

(च) ईओयू /ईएचटीपी/एसटीपी/बीटीपी इकाइयां केन्द्रीय सुविधा बनाने के लिए कुछ विनिर्दिष्ट वस्तुओं को ऊपर पैरा 6.01 (घ) (ii) और पैरा 6.01 (घ) (iii) में यथा प्रदत्त शुल्कों/करों के भुगतान के साथ या भुगतान के बिना डीटीए से आयात/खरीद कर सकती हैं। सॉफ्टवेयर ईओयू/डीटीए इकाइयॉ सॉफ्टवेयर के निर्यात के लिए इस सुविधा का उपयोग कर सकती हैं।

(छ) कृषि, पशुपालन, जल कृषि, पुष्प उत्पादन, बागवानी, मत्स्य पालन, अंगूरोत्पादन, मुर्गीपालन अथवा रेशम उत्पादन में संलग्न एक ईओयू को इकाई के परिसर के बाहर प्रयोग के लिए अपने कार्यों से संबंधित केवल विशिष्ट वस्तुओं को हटाने की अनुमति दी जा सकती है।

(ज) रत्न और आभूषण ईओयू नामित एजेंसियो से सोना/चांदी/प्लेटिनम ऋण/एकमुश्त खरीद आधार पर प्राप्त कर सकती हैं। नामित एजेन्सियों से सोना/चॉदी/प्लेटिनम प्राप्त करने वाली इकाइयों को ऋण अथवा एकमुश्त खरीद के आधार पर सोना/चॉदी/प्लेटिनम का निर्यात नामित एजेंसियों के द्वारा ऐसी धातुओं को रिलीज करने की तारीख से 90 दिन के अन्दर करना होगा।

(झ) सेवा इकाइयों के अतिरिक्त, ईओयू/ईएचटीपी/एसटीपी/बीटीपी इकाइयां, भारतीय रिजर्व बैंक की क्लियरेन्स, यदि कोई हो, के अधीन राज्य ऋण के पुनः भुगतान/क्रेता के एस्क्रो रूपया खाते के नामे भारतीय रूपयों में रूसी संघ को निर्यात कर सकती हैं।

(ञ) निर्यात के एफओबी मूल्य के 5 प्रतिशत तक के पुर्जों/घटकों की खरीद और निर्यात की अनुमति निर्यात वस्तु के उसी कन्साइनी/खरीदार को इस शर्त के अधीन दी जा सकती है कि उसे एनएफई और प्रत्यक्ष कर लाभों के लिए नहीं माना जाएगा।

(ट) विकास आयुक्त/ईओयू/ईएचटीपी/एचटीपी/बीटीपी इकाइयों में नामित अधिकारी मामला दर मामला आधार पर, रत्न एवं आभूषण के अलावा ईओयू/ईएचटीपी/एसटीपी/बीटीपी इकाइयों के आवेदन पर विनिर्मित वस्तुओं से संबंधित वस्तुओं को समेकित करने के लिए और विनिर्मित वस्तुओं के साथ उनके निर्यात के लिए अनुमति दे सकता है। ऐसी वस्तुओं को पिछले वित्तीय वर्ष में यूनिट द्वारा निर्यात की गई ऐसी विनिर्मित वस्तुओं के पोत पर्यन्त निःशुल्क मूल्य के पांच प्रतिशत की सीमा तक ईओयू द्वारा डीटीए से आयात करने/प्राप्त करने की अनुमति उपर्युक्त पैरा 6.01 (घ) (ii) और (iii) में यथा प्रदत्त शुल्कों और/या करों के भुगतान के साथ या बगैर, जैसा भी मामला हो, पर दी जा सकती है। ईओयू द्वारा विनिर्मित इस प्रकार खरीद की गई/आयात की गई वस्तुओं का विवरण निर्यात दस्तावेज में अलग से सूचीबद्ध किया जाएगा। ऐसे मामलों में खरीद की गई/आयातित वस्तुओं का मूल्य एनएफई और डीटीए की बिक्री हकदारी की गणना में शामिल नहीं किया जाएगा। ऐसी खरीद की गई/आयात की गई वस्तुओं को डीटीए में बेचने की अनुमति नहीं दी जाएगी। विकास आयुक्त/नामित अधिकारी किन्ही अन्य शर्तों को विनिर्दिष्ट कर सकता है।

6.02 पुरानी पूंजीगत वस्तुएं

पुराने पूंजीगत माल का बिना किसी कालावधि सीमा के उपर्युक्त पैरा 6.01 (घ) (ii) के तहत यथा प्रदत्त शुल्क/करों के भुगतान के साथ या बगैर आयात किया जा सकता है।

6.03 पूंजीगत माल को पट्टे पर लेना

(क) पार्टियों के बीच में हुए पक्के करार के आधार पर कोई ईओयू /ईएचटीपी/एसटीपी/बीटीपी इकाई घरेलू/विदेशी पट्टे वाली कंपनी से पूंजीगत माल उपर्युक्त पैरा 6.01 (घ) (ii) और (iii) में यथा प्रदत्त शुल्कों/करों के भुगतान के साथ बगैर, जैसा भी मामला हो, प्राप्त कर सकती है। ऐसे मामले में घरेलू/विदेशी पट्टे वाली कंपनी तथा ईओयू /ईएचटीपी/एसटीपी/बीटीपी इकाई पूंजीगत माल का आयात करने/खरीदने के लिए संयुक्त रूप से दस्तावेज प्रस्तुत करेगी।

(ख) एक ईओयू /ईएचटीपी/एसटीपी/बीटीपी इकाई निम्नलिखित शर्तों के मद्दे पूंजीगत वस्तुओं को बेच सकता है और उसे एक गैर–बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) से पट्टे पर वापस ले सकता है:–

(i) इकाई को परिसंपत्तियों की ब्रिकी और पट्टे पर वापसी का लेन–देन करने के लिए क्षेत्राधिकारी उप/सहायक आयुक्त सीमाशुल्क से अनुमति लेनी चाहिए और बेचे जाने वाली या पट्टे पर वापस ली जाने वाली वस्तुओं का पूरा विवरण और एनबीएफसी का विवरण प्रस्तुत करना चाहिए।

(ii) बेचे जाने वाली और पट्टे पर वापस ली जाने वाली वस्तुएं इकाई के परिसर से नहीं हटाई जाएंगी।

(iii) इकाई की एनएफई उस समय सकारात्मक होनी चाहिए जब वह एक एनबीएफसी के साथ बिक्री एवं पट्टे पर वापसी लेन–देन शुरू करती है।

(iv) सीमाशुल्क अधिनियम, 1962 या केन्द्रीय उत्पाद शुल्क, अधिनियम 1944 के साथ पठित अधिसूचना के किसी प्रावधान जिसके तहत इन वस्तुओं का आयात किया गया है या इन्हें खरीदा गया है के उल्लंघन या विवाद के मामले में इन वस्तुओं पर शुल्क का भुगतान करने के लिए इकाई और एनबीएफसी द्वारा एक संयुक्त वचनबद्धता दी जानी चाहिए, सीमाशुल्क (सरकारी देनदारियों की वसुली के लिए चूककर्ताओं की संपत्ति को जब्त करना) नियमावली, 1995 के साथ पठित सीमाशुल्क अधिनियम 1962 की धारा 142 (ख) के प्रावधान के तहत इकाई से सरकार को बकाया देय राशि की वसूली के लिए उपरोक्त वस्तुओं पर प्रथम ग्रहणाधिकार सीमाशुल्क विभाग के पास रहेगा।

6.04 निवल विदेशी मुद्रा अर्जन

ईओयू/ईएचटीपी/एसटीपी/बीटीपी इकाइयां, एक सकारात्मक निवल विदेशी मुद्रा अर्जक होंगी। इसके अलावा परिशिष्टों एवं एएनएफ के परिशिष्ट 6 ख के क्षेत्र विशेष के लिए प्रावधानों जहां उच्च मूल्य सवंर्धन और अन्य शर्तें दी गई है, का अनुपालन करने की आवश्यकता होगी। निवल विदेशी मुद्रा अर्जन (एनएफई) उत्पादन प्रारम्भ होने से पांच वर्षों की अवधि के लिए संचित रूप से गिना जाएगा। जब भी कोई इकाई एलओपी में वर्णित किसी उत्पाद के निर्यात पर लगाए गए निषेध/प्रतिबंध के कारण एनएफई प्राप्त करने में असमर्थ है, तो निवल विदेशी मुद्रा आय की गणना के लिए पांच वर्षों की ब्लॉक अवधि बीओए द्वारा उपयुक्त तरीके से बढायी जा सकती है। इसके अलावा जब कभी एक इकाई बाजार की प्रतिकूल स्थिति अथवा इकाई के कार्य पर बुरा असर डालने वाली किसी वास्तविक समस्या के कारण निवल विदेशी मुद्रा (एनएफई) को प्राप्त नहीं कर पाती है तो बीओए द्वारा मामला दर मामला आधार पर अर्जित निवल विदेशी मुद्रा की गणना हेतु पांच वर्ष की ब्लॉक अवधि को एक वर्ष की अवधि तक बढाया जा सकता है। एनएफई की गणना की विधि का विस्तृत विवरण वर्तमान प्रक्रिया पुस्तक के पैरा 6.10 में दिया गया है।

6.05 आवेदन व अनुमोदन/अनुज्ञा पत्र/आशय पत्र और विधिक वचनबद्धताः

(क) (i) प्रक्रिया पुस्तक में दिए गए विवरण के अनुसार, इकाई अनुमोदन समिति (यूएसी)/अनुमोदन बोर्ड (बीओए) जो भी मामला हो, के द्वारा ईओयू की स्थापना के लिए आवेदन पर विचार किया जाएगा। डीसी की शक्तियों का विवरण प्रक्रिया पुस्तक के पैरा 6.34 में दिया गया है।

(ii) इकाई ईएचटीपी/एसटीपी स्कीमों के अधीन होने के मामले में, इस अध्याय के संबंधित पैरा के अन्तर्गत आवश्यक अनुमोदन/अनुमति, डीसी के स्थान पर इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा नामित अधिकारी और बीओए के स्थान पर अंतर्मत्रांलयी स्थायी समिति द्वारा जारी की जाएगी।

(iii) जैव प्रौद्योगिकी विभाग की सिफारिशों पर डीजीएफटी द्वारा जैव प्रौद्योगिकी पाक्र (बीटीपी) अधिसूचित किया जाएगा। बीटीपी में इकाई के मामले में, इस अध्याय के संबंधित प्रावधान के अधीन आवश्यक अनुमोदन/अनुमति जैव प्रौद्योगिकी विभाग के नामित अधिकारी द्वारा दी जाएगी।

(iv) अनुमोदन होने पर ईओयू/ईएचटीपी/एसटीपी/बीटीपी इकाई को अनुज्ञा पत्र (एलओपी)/आशय पत्र (एलओआई) डीसी/नामित अधिकारी द्वारा जारी किया जाएगा। अनुमति पत्र/एलओआई की वैधता प्रक्रिया पुस्तक में दी जाएगी।

(ख) संबंधित प्राधिकारी द्वारा उपरोक्त पैरा 6.01 में प्रावधानों के अनुसरण में ईओयू/ईएचटीपी/एसटीपी/बीटीपी इकाइयों को जारी एलओपी/एलओआई को सभी प्रयोजनों के लिए प्राधिकार पत्र माना जाएगा।

(ग) इकाई संबंधित विकास आयुक्त को एक विधिक वचनबद्धता प्रस्तुत करेगी। सकारात्मक निवल विदेशी मुद्रा अर्जन को सुनिश्चित करने में असलफ होने पर अथवा एलओपी/एलओआई/आईएल/एलयूटी शर्तों को पूरा न करने में असफल होने पर वह किसी अन्य कानून/नियमों के प्रति पूर्वाग्रह के बिना यथा संशोधित विदेश व्यापार (विकास और विनियमन) अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए नियमों और आदेशों के अधीन दण्ड के भागी होंगे और वह एलओपी/एलओआई/आईएल रद्द अथवा निरस्त हो जाएगा।

6.06 निवेश हेतु मानदण्ड

जिन परियोजनाओं में संयंत्र और मशीनरी पर कम से कम 1 करोड रुपया निवेश हो उन पर ही ईओयू के रूप में स्थापना के लिए विचार किया जाएगा। हालांकि, यह मौजूदा इकाइयों और ईएचटीपी/एसटीपी/बीटीपी और हस्तशिल्प/कृषि/पुष्पोत्पादन/जलकृषि/पशुपालन/सूचना प्रौद्योगिकी, सेवाएं, ब्रास हार्डवेयर और हस्तनिर्मित आभूषण के क्षेत्रों में ईओयू पर लागू नहीं होगा। बीओए कम निवेश के मानदण्ड पर भी ईओयू की स्थापना की अनुमति दे सकता है।

6.07 तैयार उत्पाद/अस्वीकृत माल/अपशिष्ट/स्क्रेप/अवशेश और गौण–उत्पाद की डीटीए बिक्री

ईओयू/ईएचटीपी/एसटीपी/बीटीपी इकाइयों के समस्त उत्पादन का निर्यात किया जाएगा। तथापि विनिर्दिष्ट शर्तों के अधीन निम्नलिखित को विशेष रूप में अनुमत किया जाता है:–

(क) (i) रत्न और आभूषण इकाइयों के अतिरिक्त इकाइयां एलओपी (उत्पादन, निर्माण, प्रसंस्करण या ऐसे सामानों की पैकेजिंग के दौरान उत्पन्न होने अव–उत्पाद, बेकार, अपशिष्ट और स्क्रैप सहित) में निर्दिष्ट अपने द्वारा विनिर्मित तैयार माल बेच सकती हैं जोकि उत्पाद शुल्क, यदि लागू हो, और/अथवा जीएसटी और क्षतिपूर्ति उपकर के भुगतान पर, साथ ही ऐसी तैयार वस्तुओं (उपोत्पाद, अस्वीकृत माल, अपशिष्ट और ऐसे माल के उत्पाद, विनिर्माण, प्रसंस्करण अथवा पैकेजिंग के दौरान उत्पन्न स्क्रैप सहित) के विनिर्माण के प्रयोजन हेतु प्रयुक्त निविष्टियों पर प्राप्त छूट, यदि कोई हो, सीमाशुल्क प्रशुल्क अधिनियम, 1975 की प्रथम अनुसूची के अंतर्गत प्रभार्य सीमाशुल्क के रिवर्सल सहित सकारात्मक एनएफई की पूर्ति की शर्त पूरी करने पर, डीटीए में एफटीपी के अधीन स्वतंत्र रूप से आयात करने योग्य हो। काली मिर्च या काली मिर्च उत्पाद, मार्बल और अन्य वस्तुएं जिन्हें समय–समय पर अधिसूचित किया गया हो, की डीटीए बिक्री की अनुमति नहीं होगी। सीमा शुल्क का यह प्रतयावर्तन प्रचलित एसआईओएन मानदंडों या मानदंड समिति द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुसार होगा (जहां कोई एसआईओएन मानदंड निर्धारित नहीं हैं)।

(ii) पैकेजिंग/लेबलिंग/रेफ्रीजरेशन/कम्पैक्टिंग/माइक्रोनाइजेशन/ पल्वेराइजेशन/ग्रेन्यूलेशन/मोनो–हाइड्रेट रूप के रसायन से एनहाइड्रस रूप में परिवर्तन अथवा विलोमतः कार्य से जुडी इकाइयों के मामले में ऐसी डीटीए बिक्री की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(iii) एसईजेड में किसी इकाई को की गई बिक्री भी ईओयू द्वारा निर्यात के एफओबी मूल्य को निर्धारित करने के लिए ध्यान में रखी जाएगी। बशर्ते कि इन बिक्रियों हेतु किया गया भुगतान एसईजेड यूनिट के विदेशी मुद्रा खाते से किया गया हो। डीटीए को बिक्री फर्मास्युटिकल उत्पादों (बल्क औषधि सहित) के पंजीकरण आवश्यकता के भी अधीन होगी।

(iv) सीमाशुल्क प्रशुल्क अधिनियम 1975 की धारा 9क के तहत आयात के समय लगायी गई एंटी डपिंग ड्यूटी के बाराबर राशि इकाई से डीटीए में लाई गई वस्तुओं के विनिर्माण या संसाधन के लिए प्रयुक्त वस्तुओं पर देय होगा।

(v) ऐसी डीटीए बिक्री, एफटीपी के अध्याय–7 के तहत ईओयू/आपूर्तिकर्ता द्वारा एफटीपी के अनुसार प्राप्त किए गए किसी भी लाभ की वापसी के अधीन होगी, जो डीटीए में समाशोधित वस्तुओं के निर्माण के लिए उपयोग की गई वस्तुओं पर है।

(ख) सॉफ्टवेयर इकाइयों सहित सेवाओं के लिए, डीटीए में किसी भी रूप में बिक्री, ऑनालाइन डाटा संचार सहित निर्यातों के एफओबी मूल्य के 50 प्रतिशत और/अथवा अर्जित विदेशी मुद्रा के 50 प्रतिशत तक की भी अनुमति होगी, जहॉ ऐसी सेवाओं का भुगतान विदेशी मुद्रा में प्राप्त होता है। हालांकि, सेवाओं से संबंधित डीटीए में बिक्री जीएसटी के तहत 9988 और 9989 शीर्षक अध्याय के तहत वगीकृत है, परन्तु वस्तुओं के विनिमार्ण के तौर पर एलओपी/एफटीपी के पैरा 11.31 के अंतनिहित है, ऊपर वर्णित पैरा 6.07(क) के अंतर्गत जारी रहेगा। डीटीए निकासी के समय लागू जीएसटी और क्षतिपूर्ति उपकर जीएसटी के वर्गीकरण के अनुसार लागू होगा।

(ग) रत्न और आभूषण इकाइयां, डीटीए में पूर्ववर्ती वर्ष के निर्यात के एफओबी मूल्य के 10 प्रतिशत तक बेच सकती है बशर्ते कि सकारात्मक एनएफई की पूर्ति कर ली गई हो। इकाई को, ऐसे आभूषणों में प्रयोग किए गए इनपुट पर देय के रूप में, यदि कोई सीमाशुल्क छूट ली गई हो, तो, सीमाशुल्क प्रशुल्क अधिनियम, 1975 की पहली अनुसूची के तहत प्रयोज्य सीमाशुल्क के रिवर्सल सहित लागू जीएसटी/क्षतिपूर्ति उपकर का भुगतान करना होगा।

(घ) जब तक एलओपी में विशिष्ट रुप से निषिद्ध न हो, सीमाशुल्क प्राधिकारियों को पूर्व सूचना देकर सीमाशुल्क प्रशुल्क अधिनियम, 1975 की प्रथम अनुसूची के तहत प्रभार्य सीमाशुल्क के रिवर्सल के साथ निविष्टियों पर यदि छूट ली गई हो, तो उत्पाद शुल्क यदि लागू हो, तथा/अथवा जीएसटी और क्षतिपूर्ति उपकर का भुगतान कर डीटीए में अस्वीकृत माल बेचा जा सकता है। निर्यात के 5 प्रतिशत एफओबी मूल्य तक अस्वीकृत माल की बिक्री एनएफई प्राप्त करने के अधीन नहीं होगी।

(ड) उत्पादन या तत्संबंधी प्रक्रिया से निकलने वाले स्क्रैप/अपशिष्ट/अवशेषों की बिक्री यथा लागू शुल्क और/या कर और क्षतिपूर्ति उपकर के भुगतान पर शुल्क छूट स्कीम के तहत सिओन अधिसूचना के अनुसार डीटीए में की जा सकती है। स्क्रैप/अपशिष्ट/अवशेषों की ऐसी बिक्री, सकारात्मक एनएफई के विदेशी मुद्रा की प्राप्ति के अधीन नहीं होगी। उन मदों के संबंध में, जो मानदण्ड में शामिल नहीं है, विकास आयुक्त छः माह की अवधि के लिए तदर्थ मानदण्ड निर्धारित कर सकता है और इस अवधि के भीतर मानदण्ड समिति मानदण्ड निर्धारित कर सकती है। तदर्थ मानदण्ड तब तक लागू रहेंगे जब तक कि मानदण्ड समिति मानदण्ड निर्धारित न कर दे। स्क्रेप/अपशिष्ट/अवशेषों का भी निर्यात किया जा सकता है।

(च) यदि ऐसे स्क्रैप/अपशिष्ट/अवशेषों को सीमाशुल्क प्राधिकारियों की अनुमति से नष्ट किया जाता है तो उन कोई शुल्क/कर नहीं लगेगा। "शुल्क/कर नहीं" अभिव्यक्ति में जीएसटी कानून के अधीन लागू कर और उपकर शामिल नहीं होगा।

(छ) अनुमति पत्र में शामिल उप उत्पाद को भी डीटीए में बेचा जा सकता है बशर्ते यदि इनपुटस पर लाभ लिए गए हैं, तो सीमाशुल्क प्रशुल्क अधिनियम, 1975 की प्रथम अनुसूची के तहत प्रभार्य सीमाशुल्क के रिवर्सल के साथ उत्पाद शुल्क, यदि लागू हो, तथा/अथवा जीएसटी और क्षतिपूर्ति उपकर के भुगतान पर सकारात्मक एनएफई की प्राप्ति के अधीन हो।

(ज) इलेक्ट्रॉनिक्स हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर का विनिर्माण करने वाली इकाइयों के मामले में, निवल विदेशी मुद्रा और डीटीए बिक्री हकदारी, हार्डवेयर और साफ्टवेयर के लिए अलग से गिनी जाएगी।

(झ) नये ईओयू के मामले में, अग्रिम घरेलू प्रशुल्क क्षेत्र में बिक्री की अनुमति होगी जो प्रथम वर्ष के लिए अनुमानित निर्यातों के 50 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी, सिवाय औषध इकाइयों में जहॉ यह प्रथम दो वर्षों के लिए अनुमानित निर्यात पर आधारित होगी।

(ञ) पूर्ववर्ती वर्ष के दौरान डीटीए में स्वीकृत विनिर्मित वस्तुओं के मूल्य के 2 प्रतिशत तक की जाने वाली पुर्जों/कलपुर्जों की खरीद को बिक्री पश्चात सेवा प्रदान करने के प्रयोजन हेतु उसी खेप प्राप्तकर्ता/खरीदार को आपूर्ति हेतु अनुमति प्रदान की जा सकती है। सीमा शुल्क छूट, यदि ली गई हो, सीमाशुल्क प्रशुल्क अधिनियम, 1975 की प्रथम अनुसूची के तहत प्रभार्य सीमाशुल्क के रिवर्सल के साथ लागू जीएसटी और क्षतिपूति उपकर का भुगतान किए जाने पर डीटीए में स्वीकृति दी जा सकती है।

6.08 अन्य आपूर्तियां जिन्हें एनएफई की पूर्ति के लिए गिना जाता है

सकारात्मक एनएफई प्राप्त करने के लिए ईओयू/ईएचटीपी/एसटीपी/बीटीपी इकाइयों से प्राप्त निमनिलिखित आपूर्तियों की गणना की जाएगी। ऐसी आपूर्तियों में 'मार्बल' शामिल नहीं होगा, सिवाय इसके कि मार्बल की ऐसी आपूर्ति अन्तः इकाई आपूर्ति हो जैसा कि नीचे उप–पैरा (ग) में बताया गया है:–

(क) अग्रिम प्रधिकार पत्र/वार्षिक आवश्यकता के लिए अग्रिम प्राधिकार पत्र/शुल्क छूट के तहत डीएफआईए/विमुक्ति योजना/ईपीसीजी स्कीम के धारकों के संबंध में डीटीए में की गई आपूर्तियां। तथापि, प्रिंटिंग क्षेत्र की ईओयू (या अन्य कोई क्षेत्र जिसे प्रक्रिया पुस्तिका में अधिसूचित किया जा सके) वस्तुओं की आपूर्ति नहीं कर सकती, जहां पर अग्रिम प्राधिकार पत्र के धारक/वार्षिक आवश्यकता के लिए अग्रिम प्राधिकार धारक के लिए मूल सीमाशुल्क और सीवीडी शून्य है या अन्यथा छूट प्राप्त है।

(ख) विदेशों से प्राप्त विदेशी मुद्रा प्राप्तियों के मद्दे डीटीए में की गई आपूर्तियां।

(ग) अन्य ईओयू/ईएचटीपी/एसटीपी/बीटीपी/एसईजेड इकाई को आपूर्ति, बशर्ते ऐसे माल की खरीद के लिए विदेश व्यापार नीति के पैराग्राफ 6.01 के अंतर्गत अनुमति हो।

(घ) विदेश व्यापार नीति और/या सीमाशुल्क अधिनियम की धारा 65 के तहत स्थापित अनुबद्ध गोदामों और मुक्त व्यापार तथा गोदाम क्षेत्रों में की गई आपूर्तियां, जहां भुगतान विदेशी मुद्रा में प्राप्त होता है।

(ड.) ऐसे संगठनों को, माल और सेवाओं की आपूर्तियां, जो वित्त मंत्रालय द्वारा जारी सामान्य छूट अधिसूचना के अनुसार ऐसी मदों के शुल्क मुक्त आयात के हकदार हैं, जैसी प्रक्रिया पुस्तक में व्यवस्था है।

(च) सूचना प्रौद्योगिकी समझौते (आईटीए–1) मदों और अधिसूचित शून्य शुल्क टेलिकॉम/इलेक्ट्रानिक मदों और अधिसूचित शून्य शुल्क टेलिकॉम/इलेक्ट्रानिक मदों की आपूर्ति।

(छ) निर्यात के लिए डीटीए इकाई को टैग, लेबल, प्रिन्टेड बैगों, स्टीकरों, बेल्टों, बटनों अथवा हैंगरों जैसी मदों की आपूर्तियां।

(ज) पैट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की अधिसूचना सं. ई–20029/18/2001–पीपी दिनांक 28.01.2003 द्वारा यथा अधिसूचित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) मिट्टी का तेल एवं घरेलू एलपीजी सब्सिडी स्कीम, 2002 (यहॉ पीडीएस स्कीम के रूप में निर्दिष्ट) के तहत रियायती कीमतों पर घरेलू उपभोक्ताओं को सप्लाई किए जाने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की घरेलू तेल कम्पनियों को ईओयू रिफाइनरी में उत्पादित एलपीजी की सप्लाई निम्नलिखित शर्तों के अनुसार होगी:–

(i) एलपीजी की केवल ऐसी मात्रा की सप्लाई मान्य होगी जिसके लिए पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने निर्यात की स्वीकृति न दी हो और घरेलू टैरिफ क्षेत्र में एलपीजी की निकासी की जानी हो, और

(ii) वित्त मंत्रालय ने अधिसूचना द्वारा उपर्युक्त पीडीएस स्कीम के तहत सप्लाई के लिए एलपीजी के शुल्क मुक्त आयात की अनुमति दी हो।

6.09 अन्य के माध्यम से निर्यात

ईओयू/ईएचटीपी/एसटीपी/बीटीपी इकाई, अपने द्वारा विनिर्मित माल/विकसित साफ्टवेयर का निर्यात प्रक्रिया पुस्तक के पैरा–6.19 में उल्लिखित शर्तों के अनुसार दूसरे निर्यातक अथवा किसी अन्य ईओयू/ईएचटीपी/एसटीपी/एसईजेड इकाई के माध्यम से कर सकती है।

6.10 डीटीए से आपूर्तियों हेतु हकदारी

(क) डीटीए से ईओयू/ईएचटीपी/एसटीपी/बीटीपी इकाईयों को निर्यात हेतु उनके विनिर्माण में प्रयुक्त होने वाली निविष्टियों की आपूर्ति विदेश व्यापार नीति के अध्याय–7 के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने की पात्र होगी। डीटीए आपूर्तिकर्ता उनके निर्यात दायित्व यदि कोई हो, का निर्वहन करने के अलावा विदेश व्यापार नीति के अध्याय–7 के अंतर्गत संबंधित पात्रता के हकदार होंगे। डीजीटी से ईओयू को ऐसी आपूर्ति पर भुगतान किए गए जीएसटी की वापसी जीएसटी नियमावली और उसके तहत जारी अधिसूचनाओं के अंतर्गत यथा विनिर्दिष्ट शर्तों और दस्तावेजीकरण के अध्यधीन आपूर्तिकर्ता को उपलब्ध होगी।

(ख) बहुमूल्य और अल्पमूल्य पत्थर, कृत्रिम पत्थर और प्रसंस्कृत मोतियों का डीटीए से ईओयू को आपूर्ति करने वाले आपूर्तिकर्ता प्रक्रिया पुस्तक में उल्लिखित मदों के लिए और दरों पर प्रतिपूर्ति लाइसेंस प्राप्त करने के हकदार होंगे।

(ग) इसके अलावा, ईओयू/ईएचटीपी/एसटीपी/बीटीपी इकाइयां निम्नलिखित के लिए पात्र होगीः–

(i) भारत में विनिर्मित वस्तुओं पर केंद्रीय बिक्री कर (सीएसटी) की प्रतिपूर्ति, जहां कहीं लागू हो। यदि मामला पूर्ण आवेदन प्राप्त होने के 30 दिनों के भीतर नहीं सुलझाया जाता है (जैसा कि एचबीपी के पैरा 11.10 में है) तो सीएसटी की वापसी में देरी पर 6 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से साधारण ब्याज देय होगा।

(ii) डीटीए से भारत में विनिर्मित ऐसी वस्तुओं जो केन्द्रीय उत्पाद शुल्क अधिनियम की चौथी अनुसूची में आती है, पर केन्द्रीय उत्पाद शुल्क के भुगतान से छूट।

6.11 अन्य हकदारियां

ईओयू/ईएचटीपी/एसटीपी/बीटीपी यूनिटों की अन्य हकदारियां निम्नलिखित हैः

(क) सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए आरक्षित मदों के विनिर्माण के लिए औद्योगिक लाइसेंसिंग से छूट
(ख) निर्यात आय की वसूली 09 महीनों के भीतर करनी होगी।
(ग) इकाइयों को ईईएफसी खाते में 100 प्रतिशत निर्यात अर्जन रखने की अनुमति होगी।
(घ) इकाइयों को आयात अथवा डीटीए में कार्य करते समय बैंक गारन्टी प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं होगी, जहां

(i) इकाई का टर्न ओवर 5 करोड रुपये या इससे अधिक हो,
(ii) इकाई कम से कम 3 वर्षों से अस्तित्व में हो, और
(iii) इकाई ने :–

1. सकारात्मक एनएफई/निर्यात दायित्व प्राप्त कर लिया है, जहॉ भी लागू हो, और

2. धोखाधडी/दुरभिसंधि/जानबूझकर दिया गया गलत विवरण/तथ्यों को छुपाना अथवा उनके किसी प्रावधानों के उल्लंघन के कारण, सीमाशुल्क अधिनियम सीजीएसटी/एसजीएसटी/यूटीजीएसटी/आईजीएसटी अधिनियमों के दांडिक प्रावधान, केन्द्रीय उत्पाद शुल्क अधिनियम, विदेश व्यापार (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1992, विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, वित्त अधिनियम 1994 सेवाकर अथवा किसी प्रकार के सहायक अधिनियम इसके तहत निर्मित नियमों को शामिल करते हुए पैनल प्रावधान के तहत प्रक्रियात्मक उल्लंघनों के अलावा, अन्य आधार पर पूर्ववर्ती तीन वर्षों के दौरान कारण बताओ नोटिस संपुष्ट मांग जारी नहीं की हो, अथवा

प्राधिकृत आर्थिक ऑपरेटर के रूप मे आवश्यक प्रमाणन प्राप्त कर लिया है और विदेश व्यापार (विकास और विनियमन) अधिनियम 1992 और विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम के दंडात्मक प्रावधान के तहत प्रक्रियात्मक उल्लंघनों के अलावा पिछले 3 वर्षों के दौरान कारण बताओ नोटिस या संपुष्ट मांग जारी नहीं की गई है।

(ड.) एसईजेड इकाइयों की तरह आटोमैटिक रूट के जरिए 100 प्रतिशत एफडीआई निवेश की अनुमति दी जाएगी।
(च) इकाई अनुमोदन समिति इकाईयों के मध्य मामला दर मामला आधार पर निवेदनों पर विचार करके अवसंरचनात्मक सुविधाओं के साझा उपयोग पर विचार कर सकती है तथा यह अपनी सिफारिश पर विचार किए जाने के लिए इसे अनुमोदन बोर्ड को अग्रेषित करेगी। ऐसे प्रस्तावों को स्वीकृत करते समय इकाईयों के एनएफई के दायित्व में परिवर्तन नहीं होगा। ईएचटीपी/एसटीपी की इकाईयों को ऐसी सुविधाएं आईएमएससी से अनुमोदन प्राप्त करने के पश्चात उपलब्ध कराई जाएंगी। तथापि ईओयू और एसईजेड की इकाईयों के बीच सुविधाओं के साझा उपयोग की अनुमति नहीं दी जाएगी।

6.12 *अन्तर इकाई हस्तांतरण*

(क) ईओयू/ईएचटीपी/एसटीपी/बीटीपी इकाई से अन्य ईओयू/ईएचटीपी/ एसटीपी/बीटीपी/इकाई को विनिर्मित वस्तुओं के हस्तांतरण की लागू जीएसटी और/अथवा क्षतिपूर्ति उपकर के भुगतान पर अनुमति दी जाएगी तथा इसकी पूर्व सूचना वस्तुओं के आवागमन की निम्नलिखित प्रक्रिया के अनुसार हस्तांतरणकर्ता और हस्तांतरी इकाईयों के संबंधित विकास आयुक्त और संबंधित सीमाशुल्क प्राधिकारी को देनी होगीः

(i) इकाई आपूर्तिकर्ता सामान्य वाणिज्यिक दस्तावेजों जैसे कर बीजक और वितरण चालान, अन्य इकाई को आपूर्ति किए गए ऐसे तैयार माल (ऐसी वस्तुओं के उत्पादन, निर्माण, प्रसंस्करण या पैकेजिंग के दौरान उत्पन्न होने वाले उप उत्पाद, अस्वीकृत माल, अपशिष्ट और स्क्रैप सहित) के विनिर्माण में प्रयुक्त निविष्टियों पर सीमाशुल्क प्रशुल्क अधिनियम, 1975 की प्रथम अनुसूची के तहत प्रभार्य सीमाशुल्क की राशि पर प्राप्त की गई सीमा शुल्क में छूट की राशि संबंधी दस्तावेजों की पुष्टि करेगा। प्राप्तकर्ता इकाई ऐसी समर्थित सीमा शुल्क राशि का डीटीए में ऐसे तैयार माल की स्वीकृति से पूर्व ऊपर पैरा 6.07 में यथा प्रदत्त सीमा शुल्क के रिवर्सल के अपने दायित्व के अलावा और इस संबंध में राजस्व विभाग की अधिसूचनाएँ/परिपत्र/ दिशानिर्देश में यथा प्रदत्त राशि का भुगतान करेगा।

(ii) वस्तुओं की प्राप्ति पर, प्राप्तकर्ता इकाई अपने क्षेत्राधिकार के सीमा शुल्क प्राधिकारी को और आपूर्तिकर्ता इकाई के क्षेत्राधिकार वाले सीमाशुल्क प्राधिकारी को कर बीजक की पृष्ठाकिंत प्रतियां प्रस्तुत करेगा।

(ख) लागू जीएसटी और क्षतिपूर्ति उपकर के भुगतान पर संबंधित विकास आयुक्त और सीमाशुल्क प्राधिकारी को पूर्व सूचना देकर पूंजीगत वस्तुओं को किसी अन्य ईओयू/ईएचटीपी/एसटीपी/बीटीपी/एसईजेड इकाइयों को हस्तांतरित किया जा सकता है या ऋण पर दिया जा सकता है। ऐसी हस्तांतरित वस्तुओं को लागू जीएसटी और क्षतिपूर्ति उपकर के भुगतान पर दूसरी इकाई द्वारा मूल इकाई को वापस भी किया जा सकता है यदि मामला अस्वीकृति अथवा किसी अन्य कारण का हो।

(ग) ईओयू/ईएचटीपी/एसटीपी/बीटीपी की एक इकाई द्वारा अन्य इकाई को आपूर्ति की गई वस्तुओं को दूसरी इकाई द्वारा डीटीए बिक्री पर शुल्क के भुगतान के लिए दूसरी इकाई के लिए आयातित वस्तु माना जाएगा।

(घ) ईओयू/ईएचटीपी/एसटीपी/बीटीपी इकाईयों का समूह जो केन्द्रीय रूप से निविष्टियों की प्राप्ति करते हैं ताकि भारी छूट प्राप्त की जाए तथा/अथवा यातायात तथा संभार तंत्र की लागत को कम किया जाए और/अथवा कुशल आपूर्ति श्रृंखला को कायम रखा जा सके को इकाई अनुमोदन समिति द्वारा मामला दर मामला आधार पर माल और सेवाओं के अंतर इकाई हस्तांतरण की अनुमति दी जा सकती है। यदि इस प्रकार प्राप्त निविष्टियों का आयात करने के बाद उन्हें किसी अन्य इकाई को हस्तांतरित किया जाता है तो एनएफई की गणना के प्रयोजनार्थ इस प्रकार हस्तांतरित वस्तुओं के मूल्य को अंतर्वाह और इन वस्तुओं को प्राप्त करने वाली इकाई के लिए बहिर्वाह माना जाएगा।

6.13 उप–अनुबंध

(क) (i) ईओयू/ईएचटीपी/एसटीपी/बीटीपी इकाइयों, जिनमें रत्न और आभूषण इकाइयां शामिल हैं, सीमा शुल्क प्राधिकारियों की वार्षिक अनुमति के आधार पर जॉब वक्र के जरिये डीटीए को उत्पादन प्रक्रिया का उप–अनुबंध दे सकती हैं जिनमें डीटीए में इकाइयों द्वारा जॉब वक्र के जरिये वस्तुओं के रूप या स्वरूप में परिवर्तन करना शामिल है।

(ii) ये इकाइयां सीमा शुल्क प्राधिकारियों की अनुमति से डीटीए में जॉब वक्र के उप ठेके के लिए मूल्य की शर्तों में पिछले वर्ष के कुल उत्पादन का 50 प्रतिशत तक ही उप ठेके पर दे सकती हैं।

(ख) (i) ईओयू यूनिटों को डीटीए निर्यातक की ओर से निर्यात हेतु जॉब वक्र की अनुमति दी जा सकती है बशर्ते माल को ईओयू इकाइयों से सीधे निर्यात किया जाए और निर्यात दस्तावेज डीटीए/ईओयू इकाई के नाम में संयुक्त रूप से तैयार किया जाए। ऐसे निर्यात हेतु शुल्क वापसी की ब्रांड दर के माध्यम से निविष्टियों पर अदा किए गए शुल्क को वापस लेने के लिए डीटीए इकाइयां हकदार होगी। तथापि, शुल्क वापसी की यह ब्रांड दर सीमाशुल्क और केन्द्रीय उत्पाद शुल्क वापसी नियमावली, 2017 के अनुसार होगी तथा सीमाशुल्क केन्द्रीय उत्पाद शुल्क (केन्द्रीय उत्पाद शुल्क अधिनियम, 1944 की अनुसूची IV के तहत शामिल पात्र मदों के संबंध में) तक सीमित होगी।

(ii) ऊपर पैरा 6.01 (घ) (ii) के तहत यथा प्रदत्त शुल्कों और/अथवा करों के भुगतान के साथ या इसके बगैर जॉब वक्र के आधार पर विदेशी आपूर्तिकर्त्ता द्वारा ईओयू को दिए गए निर्यात आदेश को पूरा करने के लिए वस्तुओं का आयात करने की अनुमति इस शर्त के अधीन होगी कि कोई डीटीए क्लीयरेंस न दी जाए।

(iii) इकाई में रखे गये रिकार्ड के अनुसार अन्य ईओयू/ईएचटीपी/एसटीपी/एसईजैड/बीटीपी एककों के माध्यम से उत्पादन और उत्पादन प्रक्रिया दोनों के उप उपबंध की प्रक्रिया किसी सीमा के बिना शुरू की जा सकती है।

(iv) ईओयू/ईएचटीपी/एसटीपी/बीटीपी इकाइयां विदेशों में उत्पादन प्रक्रिया के अंश का उप अनुबंध दे सकती हैं और एलओपी में यथा उल्लिखित मध्यवर्ती उत्पादों को विदेश भेज सकती हैं। विदेशी उप अनुबंध परिसर से वस्तुओं का निर्यात करते समय किसी अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी। जब वस्तु को देश में वापस लाया जाएगा, संबंधित विकास आयुक्त और सीमाशुल्क प्राधिकारियों को पूर्व सूचना दी जायेगी।

(ग) जॉब वक्रर के कार्य स्थल में पैदा हुए स्क्रैप/अपव्यय/अवशेष को या तो जॉब वक्रर के कार्य स्थल से लेन–देन मूल्य पर ऊपर पैरा 6.07 के तहत यथा प्रदत्त लागू शुल्क और/अथवा करों के भुगतान पर हटाया जा सकता है या सीमा शुल्क प्राधिकारी की उपस्थिति में नष्ट किया जा सकता है या आपूर्तिकर्ता इकाई को वापिस किया जा सकता है। सोना, चॉदी, प्लेटिनम, हीरा, कीमती और अर्द्ध कीमती पत्थरों को नष्ट करने की अनुमति नहीं होगी।

(घ) रत्न और आभूषण ईओयू इकाइयों द्वारा अन्य ईओयू या एसईजैड या डीटीए में इकाइयों में उप अनुबंध/विनिमय प्रक्रिया पुस्तक में निर्दिष्ट प्रक्रिया के तहत किया जाएगा।

6.14 अप्रयुक्त सामग्री और पूंजीगत वस्तुओं की बिक्री

(क) यदि कोई ईओयू/ईएचटीपी/एसटीपी/बीटीपी की इकाई डीटीए से आयातित या खरीदे गए माल और सेवाओं का उपयोग नहीं कर पाती है तो :

(i) इन्हे अन्य ईओयू/ईएचटीपी/एसटीपी/बीटीपी/एसईजेड/इकाइयों को हस्तांतरित कर सकती है, या

(ii) सीमाशुल्क प्राधिकारियों को सूचित करते हुए लागू शुल्कों तथा/अथवा करों और क्षतिपूर्ति कर का भुगतान करके डीटीए में निपटान किया गया। इसके अलावा आयात के समय सीमाशुल्क प्रशुल्क अधिनियम, 1975 की प्रथम अनुसूची के तहत प्रभार्य यदि कोई सीमा शुल्क छूट प्राप्त की गई हो वह भी देय होगी। यह बिक्री आयात प्राधिकार पत्र की आवश्यकता जैसी लागू आयात शर्तों के अनुपालन के अधीन होगी, अथवा

(iii) निर्यातित

(iv) ईओयू/ईएचटीपी/एसटीपी/बीटीपी से ऐसी अन्य इकाई को इस प्रकार के हस्तान्तरण को प्राप्त कर्ता इकाई के लिए आयात समझा जाएगा।

(ख) पूंजीगत माल और स्पेयर्स जो अप्रचलित हो गए/अतिरिक्त हैं उन्हें एसईजेड इकाई को हस्तांतरित किया जा सकता है अन्य ईओयू/ईएचटीपी/एसटीपी/बीटीपी इकाईयों को लागू जीएसटी या क्षतिपूर्ति उपकर के भुगतान पर हस्तांररित किया जा सकता है अथवा लागू जीएसटी तथा क्षतिपूर्ति उपकर तथा सीमाशुल्क प्रशुल्क अधिनियम, 1975 की प्रथम अनुसूची के तहत प्रभार्य सीमाशुल्क के भुगतान के बाद डीटीए में निपटान किया जा सकता है। डीटीए में निपटान के मामले में मूल्यह्रास का लाभ तभी उपलब्ध होगा जब इकाई ने स्वीकृत मूल्यह्रास को ध्यान में रखते हुए सकारात्मक एनएफई हासिल किया हो। पूंजीगत माल कच्चा माल, उपभोज्य वस्तुएं, कलपुर्जे, विनिर्मित माल, संसाधित या पैकिंग किया गया और स्क्रैप/अपशिष्ट/अवशेष/रद्द माल को सीमाशुल्क प्राधिकारियों को सूचित करने के बाद इकाई के भीतर नष्ट करने पर या सीमाशुल्क प्राधिकारियों की अनुमति से इकाई के बाहर नष्ट करने पर जीएसटी कानून के तहत लागू करों को छोडकर कोई शुल्क नहीं लगेगा। सोना, चॉदी, प्लेटिनम, हीरा, कीमती और अर्द्ध कीमती पत्थरों पर उपर्युक्त वर्णित नष्ट करना लागू नहीं होगा।

(ग) वस्त्र क्षेत्र के मामले में लागत बीमा भाडा मूल्य या आयात की मात्रा, जो भी कम हो, के 2 प्रतिशत तक बचे हुए माल/कपडे का निपटान लेन देन मूल्य पर शुल्क का भुगतान करने पर अनुमत होगा बशर्ते केन्द्रीय उत्पाद/सीमाशुल्क अधिकारी यह प्रमाणित करें कि यह बचा हुआ माल है।

(घ) इस्तेमाल की गई पैकिंग सामग्री के निपटान की अनुमति सौदा मूल्य पर शुल्क का भुगतान करने पर दी जाएगी।

6.15 रिकंडिशनिंग/मरम्मत और री–इंजीनियरिंग

(क) ईओयू को रिकंडिशनिंग, मरम्मत, पुनर्निर्माण, परीक्षण, कैलीब्रेशन, गुणवत्ता सुधार, प्रौद्योगिकी उन्नयन और री–इंजीनियरिंग जैसे कार्यों के लिए विदेशी मुद्रा में निर्यातों के लिए यूएसी की स्वीकृति से स्थापित किया जा सकता है। प्रक्रिया पुस्तक के पैरा 6.29 (क), (ख), (ग) और (घ) और विदेश व्यापार नीति के पैराग्राफ 6.07, 6.08, 6.09, 6.12, 6.13 के प्रावधान तथापि, ऐसे कार्यकलापों पर लागू नहीं होंगे।

(ख) ईएचटीपी/एसटीपी/बीटीपी इकाइयों को रिकडिंशनिंग, मरम्मत, पुनर्निर्माण, परीक्षण, कैलीब्रेशन, गुणवत्ता सुधार, प्रौद्योगिकी उन्नयन और रीः इंजीनियरिंग जैसे कार्यों के लिए विदेशी मुद्रा में निर्यातों के लिए आईएमएससी की स्वीकृति से स्थापित किया जा सकता है। प्रक्रिया पुस्तक के पैरा 6.29(क), (ख), (ग) और (घ) और विदेश व्यापार नीति के पैराग्राफ 6.07, 6.08, 6.09, 6.12, 6.13 के प्रावधान तथापि, ऐसे कार्यकलापों पर लागू नहीं होगें।

6.16 आयातित/स्वदेशी वस्तुओं का प्रतिस्थापन/मरम्मत

(क) वस्तुओं के प्रतिस्थापन/मरम्मत के निर्यात/आयात से संबंधित विदेश व्यापार नीति के सामान्य प्रावधान ईओयू/ईएचटीपी/एसटीपी/बीटीपी इकाइयों पर भी एक समान रूप से लागू होंगे। इन प्रावधानों के तहत न आने वाले मामलों पर विकास आयुक्त द्वारा गुण–दोष के आधार पर विचार किया जाएगा।

(ख) डीटीए में बेची गई और किन्हीं कारणों से स्वीकार न की गई वस्तुओं को संबंधित अधिकार क्षेत्र के सीमाशुल्क प्राधिकारियों को सूचना देते हुए मरम्मत/बदलने के लिए वापस लाया जा सकता है।

(ग) आयात करने पर/स्वदेशी रूप से प्राप्त करने पर वस्तुएं अथवा उनके कोई हिस्से जो त्रुटिपूर्ण अथवा उपयोग हेतु अन्यथा अनुपयुक्त अथवा आयात के बाद क्षतिग्रस्त हो जाएं, लौटाए और प्रतिस्थापित किए जा सकते हैं अथवा नष्ट किए जा सकते हैं। प्रतिस्थापित करने के मामले में वस्तुएं विदेशी आपूर्तिकर्त्ताओं अथवा भारत में उनके अधिकृत आपूर्तिकर्त्ताओं/स्वदेशी संभरकों से वापस लायी जा सकती है। इकाई विदेशी आपूर्तिकर्त्ताओं के भारत में अधिकृत एजेन्टों से मुफ्त प्रतिस्थापन (प्रदत शुल्क) ले सकती है बशर्ते कि खराब पुर्जों का पुनः निर्यात किया गया हो या नष्ट किया गया हो। तथापि कीमती और अर्द्धकीमती रत्नों और कीमती धातुओं पर विनिष्टीकरण लागू नहीं होगा।

6.17 स्कीम से बहिर्गमन

(क) डीसी/ईएचटीपी/एसटीपी/बीटीपी के नामित अधिकारी के अनुमोदन से, ईओयू/ईएचटीपी/एसटीपी/बीटीपी इकाई इस स्कीम को छोड सकती हैं। ऐसा बहिर्गमन लागू उत्पाद शुल्क और सीमाशुल्क के भुगतान तथा लागू आईजीएसटी/सीजीएसटी/यूटीजीएसटी और क्षतिपूर्ति उपकर, यदि कोई हो, का भुगतान करने पर और लागू औद्योगिक नीति के तहत होगा।

(ख) अगर इकाई ने इस दायित्व को पूरा नहीं किया है तो वह बहिर्गमन के समय दंड के लिए भी उत्तरदायी होगी।

(ग) रत्न व आभूषण इकाई के संचालन को बंद करने की स्थिति में, आभूषण के निर्माण के लिए उपलब्ध सोने और अन्य कीमती धातुओं, मिश्र धातुओं, रत्नों और अन्य सामग्रियों को उस एजेंसी द्वारा निर्धारित मूल्य पर डीओसी द्वारा नामित एजेंसी को सौंप दिया जाएगा।

(घ) ईओयू/ईएचटीपी/एसटीपी/बीटीपी इकाई को डीटीए इकाइयों के लिए मौजूदा ईपीसीजी स्कीम के तहत पूँजीगत वस्तुओं पर लागू शुल्कों तथा करों और प्रतिपूर्ति उपकर का भुगतान करके डीसी द्वारा किसी भी समय स्कीम को छोडने की अनुमति भी दी जा सकती है। यह ईओयू स्कीम के तहत सकारात्मक एनएफई मानदण्ड की पूर्ति, ईपीसीजी स्कीम के तहत पात्रता मानदण्ड और प्रक्रिया पुस्तक में उल्लिखित मानक शर्तों के अधीन होगा।

(ड.) स्कीम से बाहर निकलने का प्रस्ताव करने वाली इकाई डीसी/ईएचटीपी/एसटीपी/बीटीपी के नामित अधिकारी और सीमा शुल्क अधिकारियों को लिखित रूप में सूचित करेगी। इकाई बाहर निकलने से उत्पन्न होने वाली शुल्क देयता का आकलन करेगी और सीमा शुल्क अधिकारियों को इस तरह के मूल्यांकन का विवरण प्रस्तुत करेगी। सीमा शुल्क प्राधिकरण प्राथमिकता के आधार पर शुल्क देनदारियों की पुष्टि करेंगे, बशर्ते कि इकाई ने स्वीकार्य मूल्यह्रास को ध्यान

में रखते हुए सकारात्मक एनएफई प्राप्त किया हो। शुल्क के भुगतान तथा सभी बकाया राशि का भुगतान कर देने के पश्चात इकाई सीमाशुल्क प्राधिकारियों से बेबाकी प्रमाण–पत्र प्राप्त करेगा। सीमाशुल्क द्वारा जारी बेबाकी प्रमाण–पत्र के आधार पर यूनिट अन्तिम रूप से निकासी के लिए विकास आयुक्त/नामित अधिकारी को आवेदन करेगा। यथासंशोधित विदेश व्यापार (विकास एवं विनियमन) अधिनियम के तहत कोई मामला लंबित न होने पर डीसी/नामित अधिकारी 7 कार्य दिवसों के भीतर अन्तिम निकासी आदेश जारी कर देगा। सीमाशुल्क प्राधिकारियों द्वारा जारी किए गए बेबाकी प्रमाण–पत्र और विकास आयुक्त/नामित अधिकारी किए गए अन्तिम आदेश के बीच की अवधि के दौरान इकाई पूंजीगत माल अथवा निविष्टि को प्राप्त करने के लिए किसी छूट का दावा करने का पात्र नहीं होगी। तथापि वे अग्रिम प्राधिकार पत्र/डीएफआईए/शुल्क वापसी का दावा कर सकते हैं। चूंकि गणना और देय राशि विवादग्रस्त है और उसमें लम्बा समय लगेगा तो निकास प्रक्रिया को तेज करने के लिए बैंक गारंटी/बाण्ड/बीजी द्वारा किस्त प्रक्रिया उपलब्ध करवाई जाएंगी।

(च) जिन मामलों में इकाई लागू आयात शुल्क का भुगतान करने के पश्चात् विदेश से या उत्पाद शुल्क/जीएसटी का भुगतान करने के पश्चात् घरेलू बाजार से मशीने खरीद कर प्रारम्भ में डीटीए इकाई के रूप में स्थापित होती है, और जिसे बाद में ईओयू में परिवर्तित कर दिया गया है, ऐसे मामलों में निकासी के पश्चात् डीटीए में ऐसी पूंजीगत वस्तुएं ले जाने के लिए किसी शुल्क का भुगतान नहीं करना होगा। इसी प्रकार जहां ईपीसीजी स्कीम के तहत डीटीए इकाई ने पूंजीगत वस्तुओं का आयात किया है और ईपीसीजी स्कीम के अन्तर्गत निर्यात दायित्व को पूर्णतः पूरा करने के पश्चात् ईओयू में परिवर्तित होती हैं, इकाई से डीटीए तक ऐसी पूँजीगत वस्तुओं को निकासी के समय ले जाते समय पूंजीगत वस्तुओं पर सीमाशुल्क नहीं लिया जाएगा।

(छ) ईओयू/ईएचटीपी/एसटीपी/बीटीपी इकाई को अग्रिम प्राधिकार–पत्र के तहत एक बार के विकल्प के रूप में निकास के लिए डीसी द्वारा अनुमति दी जा सकती है। यह सकारात्मक एनएफई मानदण्ड की पूर्ति के अधीन होगा।

(ज) कच्चे माल, पूंजीगत माल इत्यादि की अधिप्राप्ति के संबंध में कोई शुल्क लाभ न लेने वाली एसटीपी/ईएचटीपी इकाई का अनुबंध तोडने/बाहर करने के लिए त्वरित (फास्ट ट्रेक) सुविधा देने हेतु एक सरलीकृत प्रक्रिया प्रदान की जा सकती है।

6.18 परिवर्तन

(क) मौजूदा डीटीए इकाइयां किसी ईओयू/ईएचटीपी/एसटीपी/बीटीपी इकाई में परिवर्तन के लिए आवेदन भी कर सकती है।

(ख) विद्यमान ईएचटीपी/एसटीपी इकाइयां, ईओयू इकाई में परिवर्तन/समाहित होने अथवा विलोमतः के लिए आवेदन कर सकती है। ऐसे मामलों में इकाइयां यथा लागू ड्यूटी एवं टैक्स छूट का लाभ उठा सकती हैं।

(ग) वर्तमान डीटीए इकाईयां जिनके संयत्र और मशीनरी में 50 करोड रूपये या इससे अधिक का निवेश किया गया हो अथवा जो 50 करोड रूपये या इससे अधिक राशि का वार्षिक निर्यात करती हों के ईओयू/ईएचटीपी/एसटीपी/बीटीपी इकाई में परिवर्तित करने हेतु आवेदनों को निर्णय लेने हेतु अनुमोदन बोर्ड (बीओए) के समक्ष रखा जाएगा।

6.19 एनएफई की निगरानी

ईओयू/ईएचटीपी/एसटीपी/बीटीपी इकाइयों के कार्य निष्पादन की निगरानी प्रक्रिया पुस्तक में दिशा निर्देशों के अनुसार इकाई अनुमोदन समिति द्वारा की जाएगी।

6.20 प्रदर्शनियों/निर्यात प्रोत्साहन यात्राओं/विदेश में शो–रूमों/शुल्क मुक्त दुकानों के जरिये निर्यात

ईओयू/ईएचटीपी/एसटीपी/बीटीपी इकाइयों को निम्नलिखित की अनुमति है:

(i) डीसी/नामित अधिकारी की अनुमति से विदेशों में प्रदर्शनी करने/उनमें शामिल होने के लिए वस्तुओं का निर्यात करना।

(ii) स्वर्ण/चांदी/प्लेटिनम जेबरात, बहुमूल्य, अर्धबहुमूल्य पत्थर, माणिक व अन्य वस्तुओं को व्यक्तिगत रूप से लाना/ले जाना।

(iii) विदेशों में स्थापित अनुमोदित दुकानों में प्रदर्शन/बिक्री हेतु वस्तुओं का निर्यात करना।

(iv) विदेशों में स्थापित अनुमोदित दुकानों में या उनके वितरकों/एजेन्टों के शो रूम में प्रदर्शन/विक्रय।

(v) अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों में शोरूम/खुदरा दुकानों की स्थापना करना।

6.21 आयात/निर्यात पार्सलों को व्यक्तिगत रूप से लाना ले जाना जिसमें विदेश जाने वाले यात्रियों के जरिए सामान ले जाना शामिल है

रत्न और आभूषणों का आयात/निर्यात व्यक्तिगत रूप से सीमा शुल्क प्रक्रिया के अनुसार किया जा सकता है। तथापि, निर्यात आय को सामान्य बैंकिंग चैनलों द्वारा प्राप्त किया जा सकेगा। रत्न और आभूषण इकाईयों के अलावा इकाइयों के लिए आयात/निर्यात व्यक्तिगत रूप से करने की अनुमति दी जाएगी बशर्ते वस्तुएं वाणिज्यिक मात्रा में न हों। भारतीय रिजर्व बैंक और राजस्व विभाग द्वारा निर्धारित दिशा–निर्देशों के अनुसार रत्न एवं आभूषण ईओयू का प्राधिकृत व्यक्ति व्यक्तिगत ढुलाई के द्वारा एक वित्तीय वर्ष में अधिकतम 10 किग्रा. तक प्रारंभिक रूप में सोने का आयात कर सकता है।

6.22 डाक/कूरियर द्वारा निर्यात/आयात

निःशुल्क नमूनों सहित माल का सीमा शुल्क प्रक्रिया के अधीन हवाई जहाज या विदेशी डाक खाने या कूरियर द्वारा निर्यात/आयात किया जा सकता है।

6.23 ईओयू/ईएचटीपी/एसटीपी/बीटीपी इकाइयों का प्रशासन और डीसी/ईओयू/ईएचटीपी/एसटीपी/एसईजेड के नामित अधिकारी की शक्तियां

ईओयू/ईएचटीपी/एसटीपी/बीटीपी इकाइयों के प्रशासन और डीसी/नामित अधिकारी की शक्तियों का विवरण एचबीपी में दिया गया है।

अध्याय 7

मान्य निर्यात

7.00 उद्देश्य

जैसा की सरकार द्वारा समय–समय पर तय किया जाए कुछ विशिष्ट मामलों में घरेलू विनिर्माताओं को स्पर्द्धा के समान अवसर प्रदान करना और मेक इन इंडिया को बढावा देना।

7.01 मान्य निर्यात

(i) इस एफटीपी के प्रयोजन के लिए 'मान्य निर्यात' उन लेनदेन को संदर्भित करता है जिसमें आपूर्ति की गई वस्तुएं निर्यात नहीं की जाती हैं और ऐसी आपूर्ति के लिए भुगतान भारतीय रुपये या मुक्त विदेशी मुद्रा में प्राप्त होता है। नीचे दिए गए पैराग्राफ 7.02 में निर्दिष्ट माल की आपूर्ति को 'मान्य निर्यात' माना जाएगा बशर्ते कि सामान भारत में निर्मित हो।

(ii) जीएसटी के प्रयोजन हेतु 'मान्य निर्यात' में जीएसटी परिषद की सिफारिशों पर ''मान्य निर्यात'' में सीजीएसटी/एसजीएसटी अधिनियम की धारा 147 के तहत अधिसूचित आपूर्ति शामिल होगी। जीएसटी परिषद द्वारा और संबंधित नियमों और अधिसूचनाओं के अनुसार जीएसटी के लाभ तथा ऐसे लाभों के लिए लागू शर्तें निर्दिष्ट होंगी।

7.02 आपूर्ति की श्रेणियाँ

एक विनिर्माता द्वारा निम्नलिखित श्रेणियों (क) से (ग) और मुख्य/उप–ठेकेदार द्वारा श्रेणियों (घ) से (छ) के तहत माल की आपूर्ति को 'मान्य निर्यात' माना जाएगाः

क – विनिर्माता द्वारा आपूर्तिः

(क) अग्रिम प्राधिकार पत्र के अधीन माल की आपूर्ति/वार्षिक आवश्यकता के लिए अग्रिम प्राधिकार पत्र/डीएफआईए।

(ख) ईओयू/एसटीपी/ईएचटीपी/बीटीपी को वस्तुओं की आपूर्ति।

(ग) ईपीसीजी प्राधिकार पत्र के अधीन पूंजीगत माल की आपूर्ति ।

ख – मुख्य/उप–ठेकेदार (रों) द्वारा आपूर्तिः

(घ) (i) आर्थिक कार्य विभाग (डीईए), वित्त मंत्रालय द्वारा यथा अधिसूचित बहुपक्षीय अथवा द्विपक्षीय एजेंसियों/निधियों द्वारा वित्तपोषित परियोजनाओं को माल की आपूर्ति जहॉ पर विधिक समझौते सीमाशुल्क को शामिल किए बगैर निविदा मूल्यांकन का प्रावधान करते हैं।

(ii) आर्थिक कार्य विभाग (डीईए) वित्त मंत्रालय द्वारा यथा अधिसूचित बहुपक्षीय अथवा द्विपक्षीय एजेंसियों/निधियों द्वारा वित्तपोषित परियोजनाओं को माल और उपकरणों (टर्नकी संविदाओं के लिए एकल उत्तरदायित्व) की आपूर्ति और संस्थापन जिनके लिए बोलियॉ आमंत्रित की गई हों और विदेशों में विनिर्मित माल के लिए सुपुर्दगी पर चुकाया गया शुल्क (डीडीपी) के आधार पर मूल्यांकन किया गया है।

(iii) इस पैराग्राफ मे शामिल आपूर्तियॉ उन एजेंसियों/निधियों की प्रक्रिया के अनुसरण में अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धात्मक बोली (आईसीबी) के तहत होंगी।

(iv) मान्य निर्यात लाभ के लिए इस पैराग्राफ के तहत शामिल एजेंसियों की सूची परिशिष्ट 7क में दी गई है।

(ङ) (i) किसी परियोजना अथवा किसी प्रयोजन के लिए माल की आपूर्ति जिसके लिए समय–समय पर यथासंशोधित दिनांक 30.6.2017 की अधिसूचना सं0 50/2017–सीमाशुल्क द्वारा वित्त मंत्रालय इसमें विनिर्दिष्ट शर्तों के अधीन शून्य सीमाशुल्क पर ऐसे माल के आयात की अनुमति प्रदान करता है। मान्य निर्यात के लाभ केवल तभी उपलब्ध होंगे जब आईसीबी की प्रक्रिया के तहत आपूर्ति की जाती है।

(ii) समय–समय पर यथासंशोधित राजस्व विभाग की अधिसूचना सं0 50/2017– कस्टम दिनांक 30.06.2017 की सूची 31 में क्रम सं0 598 पर यथाविनिर्दिष्ट किसी मेगा विद्युत परियोजना स्थापित करने के लिए आवश्यक माल की आपूर्ति इसमें उल्लिखित शर्तों के अधीन मान्य् निर्यात लाभ की पात्र होंगी बशर्ते कि ऐसी मेगा विद्युत परियोजना उक्त अधिसूचना में विनिर्दिष्ट थ्रेसहोल्ड उत्पादन क्षमता के अनुरूप हो।

(iii) यदि विद्युत की अपेक्षित मात्रा को प्रशुल्क आधारित प्रतिस्पर्धी बोली से सम्बद्ध किया गया हो अथवा यदि परियोजना प्रशुल्क आधारित प्रतिस्पर्धी बोली के द्वारा दी गयी हो तो मेगा विद्युत परियोजनाओं के लिए आईसीबी शर्त अनिवार्य नहीं होगी।

(च) संयुक्त राष्ट्र (विशेषाधिकार एवं उन्मुक्ति अधिनियम) 1947 की धारा 3 के अनुपालन में संयुक्त राट्र को या अन्तर्राट्रीय संगठन को उनके सरकारी उपयोग के लिए माल की आपूर्ति अथवा उक्त संयुक्त राट्र या भारत सरकार द्वारा अनुमोदित अन्तर्राष्ट्रीय संगठन द्वारा वित्तपोषित परियोजनाओं को की गई आपूर्ति। ऐसे संगठन और ऐसी आपूर्तियों के लिए लागू शर्तो की सूची समय–समय पर यथासंशोधित दिनांक 11.11.1997 की सीमा शुल्क विभाग की अधिसूचना सं0 84/97–कस्टम में दी गई है। इस पैराग्राफ के तहत शामिल एजेंसियों की एक सूची परिशिष्ट–7ख में दी गई है।

(छ) परमाणु विद्युत परियोजनाओं को प्रदत्त माल की आपूर्तिः

(i) समय–समय पर यथासंशोधित दिनांक 30.06.2017 की सीमा शुल्क विभाग की अधिसूचना सं0 50/2017–कस्टम की सूची 32 की क्रम सं. 602 में यथा विनिर्दिष्ट तथा उसमें उल्लिखित शर्तों के अधीन किसी भी परमाणु विद्युत परियोजना की स्थापना के लिए इस प्रकार की वस्तुओं की आवश्यकता होती है।

(ii) परियोजना की क्षमता 440 मेगावॉट या उससे अधिक होनी चाहिए।

(iii) इस आशय का एक प्रमाण–पत्र आवश्यक है जो परमाणु उर्जा विभाग में भारत सरकार के कम से कम संयुक्त सचिव स्तर के अधिकारी द्वारा जारी किया गया हो।

(iv) निविदा राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी बोली (एनसीबी) या आईसीबी के द्वारा आमंत्रित की जाती है।

7.03 मान्य निर्यात के लिए लाभ

मान्य निर्यात एचबीपी और एएनएफ–7क में दिए गए नियमों और शर्तों के अधीन मान्य निर्यात के रूप में योग्य पाए जाने पर माल के विनिर्माण और आपूर्ति के संदर्भ में निम्नलिखित में से किसी भी/सभी लाभों के लिए पात्र होंगेः

(क) अग्रिम प्राधिकार पत्र/वार्षिक आवश्यकता के लिए अग्रिम प्राधिकार पत्र/डीएफआईए।

(ख) मान्य निर्यात ड्राबैक

(ग) केन्द्रीय उत्पाद शुल्क अधिनियम 1944 की अनुसूची–4 में उल्लिखित उत्पाद कर योग्य वस्तुओं हेतु अंतिम उत्पाद शुल्क की वापसी बशर्ते आपूर्ति मान्य निर्यात की श्रेणी के अंतर्गत पात्र हो और इसमें कोई छूट प्राप्त न हो।

7.04 आपूर्तिकर्त्ता/प्राप्तकर्त्ता के लाभ

पैरा 7.02 के अनुसार आपूर्तियों की श्रेणियॉ	उपर्युक्त पैरा 7.03 में यथा प्रदत्त आपूर्ति पर लाभ, जो भी लागू हो		
	पैरा 7.03(क) अग्रिम प्राधिकार पत्र	पैरा 7.03(ख) शुल्क वापसी	पैरा 7.03(ग) अंतिम उत्पाद शुल्क
(क)	हॉ (अमान्यकरण पत्र के अधीन अंतरवर्ती आपूर्तियों के लिए)	हॉ (एआरओ के मद्दे)	हॉ

पैरा 7.02 के अनुसार आपूर्तियों की श्रेणियॉ	उपर्युक्त पैरा 7.03 में यथा प्रदत्त आपूर्ति पर लाभ, जो भी लागू हो		
(ख)	हॉ	हॉ	हॉ
(ग)	हॉ	हॉ	लागू नहीं
(घ)	हॉ	हॉ	लागू नहीं
(ड.)	हॉ	हॉ	लागू नहीं
(च)	हॉ	हॉ	लागू नहीं
(छ)	हॉ	हॉ	लागू नहीं

7.05 अंतिम उत्पाद शुल्क की वापसी के लिए शर्त

माल की आपूर्ति, विदेश व्यापार नीति के पैरा 7.03 (ग) के अनुसार अंतिम उत्पाद शुल्क की वापसी के लिए पात्र होगी, बशर्ते कि माल के प्राप्तकर्ता ने ऐसे माल पर सेनवैट क्रेडिट/छूट प्राप्त न की हो।

7.06 मान्य निर्यात की भाुल्क वापसी के लिए शर्तें

आपूर्तियॉ विदेश व्यापार नीति के पैरा 7.03 (ख) के अनुसार मान्य निर्यात वापसी के लिए पात्र होंगी जो इस प्रकार हैं:

उक्त श्रेणी के अंतर्गत विनिर्माण और आपूर्ति में प्रयुक्त निविष्टियों पर प्रतिदाय की वापसी का दावा राजस्व विभाग द्वारा समय–समय पर अधिसूचित ड्यूटी ड्राबैक अनुसूची के 'समस्त औद्योगिक दर' पर किया जा सकता है बशर्ते मूल सीमा शुल्क के वास्तविक भुगतान का साक्ष्य देने वाले दस्तावेज प्रस्तुत करने पर 'ब्रांड दर आधार' या उत्पाद शुल्क योग्य इनपुट पर माल के आपूर्तिकर्ता द्वारा कोई सेनवैट क्रेडिट नही लिया गया हो।

7.07 मान्य निर्यात लाभों के लिए सामान्य शर्तें

(i) पैरा 7.02 में सूचीबद्ध कम्पनियों को आपूर्ति सीधे की जाएगी। तृतीय पक्षकार द्वारा आपूर्ति लाभ/छूट हेतु पात्र नहीं होगी।

(ii) सभी मामलों में, आपूर्ति सीधी नामित परियोजनाओं/एजेंसियों/इकाइयों/ अग्रिम प्राधिकार पत्र/ईपीसीजी प्राधिकार पत्र धारक को की जाएगी। उप संविदाकार, तथापि, नामित परियोजना/एजेंसियों के बजाए मुख्य संविदाकार को सीधे आपूर्ति कर सकता है। ऐसे मामलों में भुगतान मुख्य संविदाकार द्वारा उप संविदाकार को किया जाएगा न कि परियोजना प्राधिकारी द्वारा।

(iii) किसी भारतीय उप संविदाकार द्वारा किसी भारतीय अथवा विदेशी मुख्य संविदाकार को नामित परियोजनाओं/एजेंसियों की साइट के लिए स्वदेशी विनिर्मित माल की आपूर्ति मान्य निर्यात लाभ के लिए भी पात्र होगी बशर्ते उप संविदाकार का नाम मुख्य संविदा में या तो मूल रूप से अथवा बाद में (परन्तु ऐसे माल की आपूर्ति की तारीख के पहले) दर्शाया गया हो। ऐसे मामलों में भुगतान परियोजना प्राधिकारी द्वारा सीधे उप–संविदाकार को किया जाएगा।

(iv) इस्पात विनिर्माता जो अपने सेवा केन्द्रों/वितरकों/विक्रेताओं/स्टॉक यार्डों के माध्यम से पैरा 7.02(क) के तहत अग्रिम प्राधिकार पत्र हेतु आपूर्ति करते हैं, वे शुल्क वापसी का दावा करने के लिए पात्र होंगे बशर्ते ऐसी आपूर्ति समय–समय पर यथा संशोधित इस्पात मंत्रालय के कार्यालय ज्ञापन सं. एस–21016/3/2020–ट्रेड टैक्स–पार्ट(1) दिनांक 27.05.2020 के साथ पठित कार्यालय ज्ञापन दिनांक 24.06.2020 के अनुसार की जाए। हालांकि, ऐसी आपूर्तियों हेतु विनिर्माता द्वारा बीजक अग्रिम प्राधिकार–पत्र धारक पर बनाया जाएगा। ऐसी आपूर्तियों का वितरण उनके सेवा केन्द्रों/वितरकों/विक्रेताओं/ स्टॉक यार्डों के माध्यम से किया जा सकता है, जो इसके बदले में इस्पात विनिर्माताओं पर कर बीजक तैयार करेंगे जिस पर ऐसी आपूर्ति का प्रति संदर्भ अंकित हो।

7.08 विनिर्दिश्ट आपूर्तियों पर लाभ

(i) मान्य निर्यात लाभ केवल पैरा 7.02(घ) के तहत 'सीमेंट' की आपूर्ति के लिए उपलब्ध होगा।

(ii) मान्य निर्यात लाभ 'इस्पात' की आपूर्ति के संबंध में उपलब्ध होगा,

(क) अग्रिम प्राधिकार पत्र/वार्षिक अग्रिम प्राधिकार पत्र/डीएफआईए धारक/ईओयू को निविष्टियों के रुप में।

(ख) उप–पैरा 7.02(घ) के अनुसार बहुपक्षीय/द्विपक्षीय निधि पोषित एजेंसियों को।

(iii) 'ईंधन' की (केन्द्रीय उत्पाद शुल्क अधिनियम 1944 की अनुसूची 4 के अंतर्गत शामिल पात्र ईंधन मदों के मामले में) आपूर्ति करने पर मान्य निर्यात लाभ उपलब्ध होगा बशर्ते आपूर्ति निम्नलिखित को की जाए:

(क) ईओयू

(ख) अग्रिम प्राधिकार पत्र धारक/वार्षिक अग्रिम प्राधिकार पत्र धारक।

7.09 ब्याज की देयता

अपूर्ण/अधूरे आवेदन को अस्वीकार कर दिया जाएगा। तथापि, स्कीम के अंतर्गत शुल्क वापसी तथा अंतिम उत्पाद शुल्क की वापसी में देरी होने पर 6 प्रतिशत की दर से वार्षिक साधारण ब्याज देना होगा बशर्ते क्षेत्रीय प्राधिकारी द्वारा अंतिम अनुमोदन पत्र जारी किए जाने की तिथि से 30 दिनों के भीतर दावे का निपटान नहीं किया गया हो।

7.10 जोखिम प्रबंधन और आन्तरिक लेखा परीक्षा तंत्र

(क) एक जोखिम प्रबंधन प्रणाली शुरू की जाएगी जिसमें डीजीएफटी मुख्यालय में प्रत्येक माह कम्प्यूटर सिस्टम यादृच्छिक आधार पर प्रत्येक क्षेत्रीय प्राधिकारी के लिए 10 मामलों का चयन करेगा जहॉ पर इस अध्याय के लिए लाभ पहले ही प्रदान किए जा चुके हैं। संबंधित मण्डलीय अपर महानिदेशक के कार्यालय में संयुक्त महानिदेशक विदेश व्यापार की अध्यक्षता में एक आन्तरिक लेखा परीक्षा टीम द्वारा ऐसे मामलों की जॉच की जाएगी। टीम न केवल अपने कार्यालय के ऑडिट दावों के लिए उत्तरदायी होगी अपितु मण्डल के क्षेत्राधिकार के तहत आने वाले सभी क्षेत्रीय प्राधिकारियों के दावों के लिए भी उत्तरदायी होगी।

(ख) संबंधित क्षेत्रीय प्राधिकारी भी किसी मामले की आंतरिक लेखा परीक्षा/बाह्य लेखा परीक्षा अभिकरण/अभिकरणों से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर अथवा अपनी ओर से स्वयं पुनः आकलन कर सकता है, जिसमें कोई दोषपूर्ण/अपात्र भुगतान किया गया हो/दावा किया गया हो। क्षेत्रीय प्राधिकारी वसूली योग्य राशि पर 15 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से ब्याज सहित भुगतान की वसूली हेतु आवश्यक कार्रवाई करेगा।

7.11 दण्डनीय कार्रवाई

यदि दावे को तथ्यों की गलत घोषणा/गलत बयानी के साथ दायर किया गया है तो ऊपर पैरा 7.10(ख) के तहत वसूली किए जाने के अतिरिक्त आवेदक पर विदेश व्यापार (विकास एवं विनियमन) अधिनियम के प्रावधानों और इसके नियमों और आदेशों के तहत दण्डनीय कार्रवाई की जा सकती है।

अध्याय 8

गुणवत्ता संबंधी शिकायतें और व्यापार संबंधी विवाद

8.00 उद्देश्य

निर्यातकों को निर्यात के संवर्धन हेतु विदेश में देश की अच्छी छवि प्रस्तुत करने की आवश्यकता होती है। विदेशी खरीदारों के साथ स्थायी संबंध बनाए रखना अत्यंत महत्वपूर्ण होता है तथा जब भी कोई शिकायत अथवा व्यापार संबंधी विवाद उत्पन्न होता है तो सौहार्द्रपूर्ण तरीके से यथाशीघ्र उसका निपटारा किया जाना होता है। आयातकों को भी शिकायतें हो सकती है।

ऐसी शिकायतों या व्यापार संबंधी विवादों के निपटान हेतु प्रयास के रूप में और देश के व्यापारिक माहौल में विश्वास उत्पन्न करने के लिए एक व्यवस्था तैयार की जा रही है जिससे ऐसी शिकायतों और विवादों का सौहार्द्रपूर्ण तरीके से समाधान किया जा सके।

दो या दो से अधिक भारतीय कंपनियों के बीच शिकायतें/विवाद इस तंत्र के अन्तर्गत नहीं आते हैं। इसी तरह, दो या दो से अधिक विदेशी कंपनियों के बीच शिकायतें/विवाद इसके अन्तर्गत नहीं आते हैं।

8.01 गुणवत्ता संबंधी शिकायतें/व्यापार संबंधी विवाद

निम्नलिखित प्रकार की शिकायतों पर विचार किया जा सकता है:

(क) भारत के निर्यातकों द्वारा आपूर्ति की गई वस्तुओं या सेवाओं या प्रौद्योगिकी की गुणवत्ता के संबंध में विदेशी खरीदारों से प्राप्त शिकायतें,

(ख) आपूर्ति की गई वस्तुओं या सेवाओं या प्रौद्योगिकी की गुणवत्ता के संबंध में विदेशी आपूर्तिकर्ताओं के विरूद्ध आयातकों की शिकायतें, तथा

(ग) अनैतिक वाणिज्यिक सौदे संबंधी ऐसी शिकायतें जिन्हें मुख्यतः इस प्रकार श्रेणीबद्ध किया गया है, जैसे आर्डर की पुष्टि के पश्चात वस्तुओं/सेवाओं/प्रौद्योगिकी की आपूर्ति न किया जाना/आंशिक आपूर्ति, जिन वस्तुओं/सेवाओं/प्रौद्योगिकी पर सहमति हुई है, उससे भिन्न की आपूर्ति, भुगतान न किया जाना, सुदुर्दगी अनुसूचियों का पालन न किया जाना आदि।

8.02 आयातक/निर्यातक का दायित्व

(क) विदेश व्यापार (विनियमन) नियमावली 1993 के नियम 11 में अपेक्षित है कि किसी वस्तु या सेवाओं या प्रौद्योगिकी के किसी सीमाशुल्क पत्तन में आयात होने अथवा वहां से निर्यात होने पर चाहे वह शुल्क के लिए उत्तरदायी हो अथवा नहीं, इस माल का मालिक प्रविष्टि बिल अथवा शिपिंग बिल अथवा सीमाशुल्क अधिनियम, 1962 (1962 का 52) के तहत निर्धारित किसी अन्य दस्तावेज पर वस्तुओं या सेवाओं या प्रौद्योगिकी का मूल्य, मात्रा और विवरण अपनी पूरी जानकारी और विश्वास के आधार पर प्रस्तुत करेगा तथा माल के निर्यात की स्थिति में यह प्रमाणित करेगा कि वस्तुओं या सेवाओं या प्रौद्योगिकी की गुणवत्ता और विनिर्देश जैसा कि दस्तावेजों में वर्णित है, खरीदार अथवा प्राप्तकर्ता के साथ की गई निर्यात संविदा की शर्तों के अनुसार है तथा उसके अनुसरण में वस्तुओं या सेवाओं या प्रौद्योगिकी का निर्यात किया जा रहा है तथा इस कथन की सच्चाई की घोषणा प्रविष्टि बिल अथवा शिपिंग बिल अथवा किसी अन्य दस्तावेज में करेगा। इस उपबंध का उल्लंघन होने पर निर्यातक दंडात्मक कार्रवाई हेतु उत्तरदायी होगा।

(ख) कतिपय निर्यात वस्तुओं को उनके निर्यात से पूर्व अनिवार्य गुणवत्ता नियंत्रण एवं लदान–पूर्व निरीक्षण हेतु अधिसूचित किया गया है। 1984 में यथासंशोधित निर्यात (गुणवत्ता नियंत्रण एवं निरीक्षण) अधिनियम 1963 के तहत ऐसे निर्यातक जो इन मानकों तथा/अथवा अधिनियम के इन उत्पादों के लिए यथा निर्धारित उपबंधों का पालन नहीं करते हैं, के विरूद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जा सकती है।

8.03 चूककर्ता निर्यातकों/आयातकों के विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई हेतु विदेश व्यापार (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1992 यथासंशोधित और विदेश व्यापार (विनियमन) नियमावली 1993 यथासशोधित में प्रावधान

यथासंशोधित विदेश व्यापार (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1992 और विदेश व्यापार (विकास एवं विनियमन) नियमावली, 1993 के तहत चूककर्ता निर्यातकों/आयातकों के विरूद्ध कार्रवाई की जा सकती है जो निम्नानुसार है:

(क) अधिनियम की धारा 8 में महानिदेशक, विदेश व्यापार या उसके द्वारा प्राधिकृत किसी अन्य व्यक्ति को उसमें दिए गए कारणों के लिए आयातक निर्यातक कोड संख्या को रोकने या रद्द करने का अधिकार प्रदान किया गया है।

(ख) अधिनियम की धारा 9(2) में महानिदेशक, विदेश व्यापार या उसके द्वारा प्राधिकृत किसी अधिकारी को अधिनियम के तहत दिए गए वित्तीय या आर्थिक लाभ देने वाले लाइसेंस, प्रमाणपत्र, स्क्रिप या किसी अन्य दस्तावेज देने या नवीकरण करने से मना करने का अधिकार प्रदान किया गया है।

(ग) अधिनियम की धारा 9(4) में महानिदेशक, विदेश व्यापार या उनके द्वारा प्राधिकृत किसी अधिकारी को अधिनियम के तहत दिए गए आर्थिक या वित्तीय लाभ प्रदान करने वाले किसी लाइसेंस, प्रमाणपत्र, स्क्रिप या किसी अन्य दस्तावेज को रोकने या रद्द करने का अधिकार प्रदान किया गया है।

(घ) अधिनियम की धारा 11(2) में उन मामलों के वित्तीय दंड लगाने का प्रावधान है जिनमें कोई व्यक्ति अधिनियम, नियमावली या उसके अन्तर्गत दिए गए आदेश अथवा विदेश व्यापार नीति के प्रावधानों का उल्लघंन करके आयात या निर्यात करता है या उसको बढावा देता है या ऐसा करने का प्रयास करता है।

8.04 शिकायतों/विवादों के निपटान हेतु तंत्र

(क) गुणवत्ता शिकायत एवं व्यापार विवाद संबंधी समिति (सीक्यूसीटीडी)

शिकायतों और विवादों की बढ रही संख्या का प्रभावी रूप से निपटारा करने के लिए विदेश व्यापार महानिदेशालय के सभी क्षेत्रीय कार्यालयों में 'गुणवत्ता शिकायत एवं व्यापार विवाद संबंधी समिति' (सीक्यूसीटीडी) का गठन किया जाएगा। आरए के नाम जहां सीक्यूसीटीडी का गठन किया गया है और सीक्यूसीटीडी का अधिकार क्षेत्र प्रक्रिया पुस्तक के अध्याय 8 में दिया गया है।

(ख) गुणवत्ता शिकायत एवं व्यापार विवाद संबंधी समिति का गठन

कार्यालय प्रमुख की अध्यक्षता में गुणवत्ता शिकायत एवं व्यापार विवाद संबंधी समिति (सीक्यूसीटीडी) का गठन किया जाएगा। सीक्यूसीटीडी का गठन प्रक्रिया पुस्तक के अध्याय 8 में दिया गया है।

(ग) गुणवत्ता शिकायत एवं व्यापार विवाद संबंधी समिति के कार्य

यह समिति (सीक्यूसीटीडी) संबंधित क्षेत्रीय प्राधिकारियों के क्षेत्राधिकार में आने वाली गुणवत्ता संबंधी शिकायतों तथा व्यापार संबंधी अन्य शिकायतों की जांच–पडताल करने के लिए उत्तरदायी होगी। यह समिति शिकायत मिलने के अधिमानतः तीन महीने के भीतर आयातकों, निर्यातकों और विदेशी क्रेताओं/विक्रेताओं की शिकायतों का निपटारा और समाधान करने के लिए त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करेगी। आवश्यकता पडने पर समिति (सीक्यूसीटीडी) इन विवादों के निपटारे के लिए निर्यात संवर्धन परिषदों/एफआईईओ/कमोडिटी बोर्ड या किसी अन्य एजेंसी जिसे उचित समझा जाए की सहायता ले सकती है।

सीक्यूसीटीडी नियमित अंतराल पर अपनी बैठकें आयोजित करेगा और शिकायतों/विवादों के लंबित होने पर एक वर्ष में कम से कम चार बैठकें आयोजित करेगा।

8.05 सीक्यूसीटीडी के तहत कार्यवाही

गुणवत्ता शिकायत एवं व्यापार विवाद संबंधी समिति की कार्यवाही केवल समाधान स्वरूप की है और पीडित पक्ष चाहे विदेशी क्रेता हो या भारतीय आयातक हो, अन्य चूककर्ता पक्ष के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र है।

8.06 शिकायतों और व्यापार विवादों से निपटने की प्रक्रिया

ऐसी शिकायतों या व्यापार विवादों के लिए आवेदन करने की प्रक्रिया तथा ऐसी गुणवत्ता शिकायतों और विवादों का निपटारा करने की प्रक्रिया, प्रक्रिया पुस्तक में दी गई है।

8.07 सुधारात्मक उपाय

(क) क्षेत्रीय प्राधिकारी स्तर की समिति यह मूल्यांकन करने के लिए निर्यात निरीक्षण एजेंसी या किसी तकनीकी प्राधिकारी को प्राधिकृत कर सकती है कि मानकों, विनिर्माण/डिजाइन कमियों आदि जिसके लिए शिकायतें प्राप्त हुई हैं, को पूरा नहीं करने में कोई तकनीकी असफलता रही है या नहीं।

(ख) प्रारंभ में शिकायत/विवाद से सौहार्दपूर्ण ढंग से निपटने का प्रयास किया जाएगा। यदि मामले को सौहार्दपूर्ण ढंग से नहीं सुलझाया जाता है, तो यथासंशोधित विदेश व्यापार (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1992 और यथासंशोधित विदेश व्यापार (विनियमन) नियम, 1993 के अनुसार दोषी भारतीय इकाई के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है।

(ग) विदेश स्थित भारतीय मिशनों के माध्यम से वाणिज्य विभाग, वाणिज्य भवन, नई दिल्ली में संबंधित 'विदेश व्यापार प्रभाग' द्वारा विदेशी संस्थाओं के खिलाफ शिकायतों को निपटाने के लिए लिया जाएगा। विदेश में भारतीय मिशन विदेशी संस्थाओं के खिलाफ संबंधित अधिकारियों के साथ शिकायतों को उठाएंगे।

(घ) यदि विदेश में भारतीय मिशन किसी विदेशी संस्था की दुर्भावना के बारे में निश्चित हैं, तो वे ईपीसी/कमोडिटी बोर्ड और ईसीजीसी और अन्य नियामक प्राधिकारियों के संज्ञान में लाने के लिए ऐसी जानकारी डीजीएफटी को भेजेंगे।

8.08 मामला अधिकारी

नामित क्षेत्रीय प्राधिकारी कार्यालयों में समयबद्ध तरीके से शिकायतों और विवादों को निपटाने के लिए निगरानी के उद्देश्यों से एक मामला अधिकारी को नियुक्त किया जाएगा।

8.09 नोडल अधिकारी

महानिदेशक, विदेश व्यापार, व्यापार विवादों की निगरानी और डीजीएफटी के क्षेत्रीय प्राधिकारियों, वाणिज्य विभाग के विदेश व्यापार प्रभाग, भारतीय मिशनों और अन्य एजेंसियों के साथ समन्वय करने हेतु 'नोडल अधिकारी' के रूप में कार्य करने हेतु मुख्यालय में कम–से–कम संयुक्त महानिदेशक स्तर के अधिकारी को नियुक्त करेंगे।

अध्याय – 9

डिजीटल अर्थव्यवस्था में सीमा पार व्यापार को बढ़ावा देना

9.00 उद्देश्य

इस अध्याय का उद्देश्य डिजीटल अर्थव्यवस्था में भारत से वस्तुओं और सेवाओं के सीमा पार व्यापार के लिए ढांचा प्रदान करना और भारत से निर्यात के ई–कॉमर्स और अन्य उभरते माध्यमों को बढावा देना है।

9.01 वस्तुओं का ई–कामर्स निर्यात

वस्तुओं का निर्यात जहां बिक्री इंटरनेट के माध्यम से ई–कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर होती है, जिसके लिए भुगतान इंटरनेशनल क्रेडिट या डेबिटकार्ड या समय–समय पर आरबीआई द्वारा यथा विनिर्दिष्ट अन्य प्राधिकृत इलेक्ट्रोनिक भुगतान चैनलों के माध्यम से किया जाएगा।

9.02 सेवाओं का ई–कामर्स निर्यात

सेवाओं का निर्यात जहां बिक्री इंटरनेट के माध्यम से ई–कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर होती है, जिसके लिए भुगतान इंटरनेशनल क्रेडिट या डेबिटकार्ड या समय–समय पर आरबीआई द्वारा यथा विनिर्दिष्ट अन्य प्राधिकृत इलेक्ट्रोनिक भुगतान चैनलों के माध्यम से किया जाएगा।

9.03 ई–कॉमर्स प्लेटफार्म

ई–कॉमर्स प्लेटफार्म वेब पोर्टल सहित एक ऐसा इलेक्ट्रॉनिक प्लेटफॉम है जो इंटरनेट के माध्यम से क्रय और विक्रय की वाणिज्यिक प्रक्रिया को सक्षम बनाता है।

9.04 ई–कॉमर्स निर्यात लॉजिस्टिक प्रदाता

कोई भी सेवा प्रदाता से जो ई–कॉमर्स निर्यात के लिए वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात हेतु लॉजिस्टिक सेवाएं प्रदान करता है।

9.05 कूरियर सेवा/डाक के माध्यम से निर्यात

सीमा शुल्क अधिनियम 1962 के तहत जारी अधिसूचनाओं के अनुसार पंजीकृत कूरीयर सेवा/विदेशी डाकघर के माध्यम से निर्यात की अनुमति है। तथापि, ऐसी मदों की निर्यात योग्यता यथा अधिसूचित एफटीपी/आईटीसी एचएस में निर्यात नीति के अनुसार विनियमित की जाएगी। कूरीयर सेवा के माध्यम से निर्यात हेतु मूल्य सीमा प्रति खेप 10,00,000 रुपये होगी।

9.06 कूरियर सेवा/डाक के माध्यम से आयात

(i) पंजीकृत कूरियर सेवा या डाक के माध्यम से आयात सीमाशुल्क अधिनियम, 1962 के तहत जारी अधिसूचना (ओं) के अनुसार अनुमत है। तथापि, ऐसी मदों की आयात योग्यता यथा अधिसूचित एफटीपी और आईटीसी (एचएस) आधारित आयात नीति के अनुसार विनियमित होगी।

(ii) ई–कॉमर्स के माध्यम से कीमती धातु के आभूषण का कूरियर माध्यम से निर्यात और क्रेता द्वारा लौटाए गए ऐसे निर्यात शिपमेंट का पुनः आयात सीमाशुल्क अधिनियम 1962 के तहत जारी अधिसूचनाओं और निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुसार अनुमत होगा।

क. ई–कामर्स निर्यात का संवर्द्धन

9.07 ई–कामर्स निर्यात का संवर्द्धन करने के लिए हैंडहोल्डिंग और आऊटरीच

i. नीति के अध्याय 1 के तहत यथा परिभाषित निर्यात बंधु स्कीम (एनबीएस) में निर्यात के ई–कॉमर्स और अन्य उभरते चैनलों के संवर्द्धन के लिए एक घटक होगा। एनबीएस के उक्त घटक के तहत, डीजीएफटी ई–कॉमर्स निर्यात के संवर्द्धन के लिए सीमाशुल्क प्राधिकारियों, डाक विभाग, 'उद्योग भागीदारों' और 'ज्ञान साझेदारों' की साझेदारी से आऊटरीच कार्यकलाप/कार्यशालाएं आयोजित करेगा। आऊटरीच कार्यकलापों/कार्यशालओं के अतिरिक्त, विशेष ध्यान इलेक्ट्रॉनिक विषय वस्तु के सृजन पर भी हो सकता है।

ii. ई–कॉमर्स संबधित नियमों और प्रक्रियाओं पर जागरुकता बढाने के अलावा, सीमाशुल्क प्राधिकारियों, डाक विभाग, 'उद्योग भागीदारों' या 'ज्ञान साझेदारों' की साझेदारी से ई–कॉमर्स निर्यात के संवर्द्धन के लिए क्षमता निर्माण और कौशल विकास के लिए उक्त एनबीएस घटक के तहत कार्रवाई की जा सकती है।

ख. ई–कामर्स निर्यात हब (ईसीईएच)

9.08 ई–कामर्स निर्यात हब का उद्देश्य

इसका उद्देश्य ई–कॉमर्स निर्यात हब (जिसे इसके पश्चात् ''ईसीईएच'' कहा जाएगा) के रुप में नामित क्षेत्र स्थापित करना है, जो सीमा पार वाणिज्य कार्यकलापों के लिए अनुकूल व्यवसाय अवसंरचना और सुविधाओं के लिए एक केन्द्र के रुप में कार्य करेगा।

9.09 ईसीईएच का सृजन

(i) ईसीईएच सामान्यतः निजी पहल के माध्यम से स्थापित किया जाएगा। इसे राज्य सरकारों/केन्द्र सरकारों की साझेदारी से सार्वजनिक निजी साझेदारी (पीपीपी) तरीके से भी स्थापित किया जा सकता है। प्रस्तावित ईसीईएच के अनुमोदन के लिए अधिसूचित समिति को अनुरोध प्रस्तुत किया जाएगा जिसका गठन डीजीएफटी करेगा।

(ii) अपेक्षित अवसंरचना के साथ मौजूदा सुविधा भी लागू हो सकती है जिसे ईसीईएच के रूप में नामित किया जाएगा।

9.10 ईसीईएच प्रचालनों का स्वरुप

(i) ईसीईएच इकाई ई–कॉमर्स निर्यातकों के लिए समूह (अग्लामरेशन) लाभों को हासिल करने के लिए कार्य करेगी। ईसीईएच भंडारण (कोल्ड स्टोरेज सुविधाओं सहित), पैकेजिंग, लेबलिंग, प्रमाणन और परीक्षण और निर्यात के प्रयोजन के अन्य सामान्य सुविधाओं की व्यवस्था कर सकता है।

(ii) ईसीईएच निकटतम लॉजिस्टिक हब (हबों) की सेवाओं से जुडने और उसका लाभ प्रदान करने के लिए विशिष्ट लॉजिस्टिक्स अवसंरचना भी प्रदान करेंगें।

(iii) स्कोमेट और प्रतिबंधित माल (विनियमों और शर्तों के उपयुक्त अनुपालन के अधीन) सहित सभी माल, और ऐसे माल को छोडकर, जो निषिद्ध या अन्यथा अननुमत हैं, का निपटान ईसीईएच में किया जा सकता है।

(iv) ईसीईएच में लाए गए पूंजीगत माल का उपयोग विद्यमान नियमों के अनुसार यथा लागू शुल्कों और करों के भुगतान पर ऊपर (i) में यथा उल्लिखित कार्याकलापों के लिए ही किया जाएगा।

9.11 ईसीईएच के तहत पात्रता

ईसीईएच इकाई को ई–कॉमर्स माल की ईमेजिंग, सूची बनाने, उत्पाद का वीडियो बनाने जैसी विपणन, क्षमता निर्माण और प्रौद्योगिकीय सेवाओं के लिए ई–कॉमर्स निर्यात संवर्द्धन परियोजनाओं के लिए एमएआई स्कीम के तहत वित्तीय सहायता प्रदान की जा सकती है।

ग. डाक रूट के माध्यम से ई–कामर्स का संवर्द्धन

9.12 डाक निर्यात केन्द्र

डाकघर निर्यात केन्द्रों को विदेशी डाकघरों (एफपीओ) के साथ हब और स्पोक मॉडल में कार्य करने के लिए देशभर में प्रचालित किया जाएगा ताकि सीमा पार ई–कामर्स की सुविधा प्रदान की जा सके और भीतरी प्रदेशों और भू आबद्ध क्षेत्रों में कारीगरों, बुनकरों, शिल्पियों, एमएसएमई को अंतर्राष्ट्रीय बाजारों तक पहुंचने में समर्थ बनाया जा सके।

अध्याय 10

स्कोमेटः विशेष रसायन, जीव, सामग्री, उपकरण और प्रौद्योगिकी

10.00 उद्देश्य

सॉफ्टवेयर और प्रौद्योगिकी सहित दोहरे उपयोग की वस्तुओं, युद्ध सामग्री और परमाणु संबंधित वस्तुओं जैसे स्कोमेट के निर्यात को नियंत्रित करने वाले सामान्य प्रावधानों पर इस अध्याय में चर्चा की गई है।

10.01 संक्षिप्त पृष्ठभूमि

भारत निरस्त्रीकरण और अप्रसार पर अंतर्राष्ट्रीय समझौता का एक हस्ताक्षरकर्ता है जैसे रासायनिक हथियार समझौता (सीडब्ल्यूसी) और जैविक और विषाक्त हथियार समझौता (बीडब्ल्यूसी)। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद संकल्प 1540 सभी देशों को नोन–स्टेट एक्टर्स (विशेष रूप से आतंकवादी उद्देश्यों के लिए) के लिए हथियारों और सामूहिक विनाश और उनके वितरण प्रणालियों तक पहुंच को प्रतिबंधित करने के लिए बाध्य करता है और सामूहिक विनाश के हथियारों उनकी डिलीवरी प्रणाली और संबंधित सामग्री उपकरण और प्रौद्योगिकी पर उपाय और नियंत्रण विहित करता है। भारत प्रमुख बहुपक्षीय निर्यात नियंत्रण व्यवस्थाओं अर्थात् मिसाइल प्रौद्योगिकी नियंत्रण व्यवस्था (एमटीसीआर), वासेनार समझौता (डब्ल्यूए) और ऑस्ट्रेलिया समूह (एजी) का भी सदस्य है और अपने दिशानिर्देशों और नियंत्रण सूचियों को परमाणु आपूर्ति समूह (एनएसजी) के साथ साझा करता है। इन अंतर्राष्ट्रीय समझौता और दायित्वों के साथ–साथ बहुपक्षीय निर्यात नियंत्रण व्यवस्थाओं के दिशानिर्देशों और नियंत्रण सूचियों के अनुरूप भारत ने दोहरे उपयोग की वस्तुओं, सॉफ्टवेयर और प्रौद्योगिकी सहित परमाणु संबंधित वस्तुओं के निर्यात को विनियमित किया है।

निर्दिष्ट वस्तुओं, सेवाओं और प्रौद्योगिकी के निर्यात पर नियंत्रण के संबंध में सामूहिक विनाश के हथियार और उनकी वितरण प्रणाली (गैरकानूनी गतिविधियों का निषेध) अधिनियम, 2005 (2005 का 21) निर्दिष्ट वस्तुओं, प्रौद्योगिकी या सेवाओं में निर्यात, स्थानान्तरण, पुनः स्थानान्तरण, पारगमन में लाए गए ट्रांस–शिपमेंट और दलाली पर लागू होगा। इन प्रावधानों को 2010 में यथा संशोधित विदेश व्यापार (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1992 के अध्याय IV क में शामिल किया गया है।

10.02 स्कोमेट सूची

सॉफ्टवेयर और प्रौद्योगिकियों सहित दोहरे उपयोग की मदों के निर्यात जिनमें नागरिक उपयोग/औद्योगिक अनुप्रयोगों के साथ–साथ सामूहिक विनाश के हथियारों दोनों की क्षमता है को विनियमित किया जाता है। यह या तो निषिद्ध है या इसे किसी प्राधिकार पत्र के तहत अनुमति दी जाती है जब तक कि विशेष रूप से छूट न दी गई हो।

स्कोमेट विशेष रसायन, जीव, सामग्री उपकरण और प्रौद्योगिकी का संक्षिप्त नाम है। तदनुसार, स्कोमेट सूची हमारी राष्ट्रीय निर्यात नियंत्रण सूची है जिसमें सॉफ्टवेयर और प्रौद्योगिकी सहित हथियारों और परमाणु संबंधित दोहरे उपयोग की वस्तुएं हैं और सभी बहुपक्षीय निर्यात नियंत्रण व्यवस्थाओं और समझौतों की नियंत्रण सूचियों के अनुरूप है। निर्यात और आयात मदों के आईटीसी (एचएस) वर्गीकरण की अनुसूची 2 के परिशिष्ट 3 के तहत स्कोमेट सूची को अधिसूचित किया गया है जो डीजीएफटी की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

10.03 स्कोमेट श्रेणियों का वर्गीकरण और लाइसेंसिंग क्षेत्राधिकार

स्कोमेट सूची को श्रेणी 0 से श्रेणी 8 तक की 09 श्रेणियों में विभाजित किया गया है। हालांकि, श्रेणी 7 वर्तमान में 'आरक्षित' है और इसमें मदें नहीं रखी गयी हैं। स्कोमेट सूची के तहत विभिन्न श्रेणियों का व्यापक वर्गीकरण और उनके क्षेत्राधिकार प्राप्त लाइसेंसिंग प्राधिकारियों को निम्नानुसार सारणीबद्ध किया गया हैः

तालिकाः स्कोमेट श्रेणियां और लाइसेंसिंग श्रेत्राधिकार

स्कोमेट श्रेणी	स्कोमेट मदें	लाइसेंसिंग प्राधिकारी क्षेत्राधिकार	टिप्पणी
0	परमाणु सामग्री, परमाणु संबंधित अन्य सामग्री, उपकरण और प्रौद्योगिकी	परमाणु उर्जा विभाग (डीएई)	स्कोमेट सूची के सीआईएन की टिप्पणी 2 में उल्लिखित मदों सहित
1	विषाक्त रासायनिक एजेंट और अन्य रसायन	विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी)	
2	सूक्ष्म जीव, विषैले तत्व	डीजीएफटी	

3	सामग्री, सामग्री प्रसंस्करण उपकरण और संबंधित प्रौद्योगिकियां	डीजीएफटी	
4	परमाणु संबंधी अन्य उपकरण और प्रौद्योगिकी, श्रेणी '0' के तहत नियंत्रित नहीं है	डीजीएफटी	
5	एयरोस्पेस सिस्टम, उपकरण, उत्पादन और परीक्षण उपकरण और संबंधित प्रौद्योगिकी और विशेष रूप से डिजाइन सहित उसके घटक और सहायक उपकरण	डीजीएफटी	
6	युद्ध सामग्री सूची	रक्षा उत्पादन विभाग (डीडीपी)/रक्षा मंत्रालय	सीआईएन और उप–श्रेणी 6क 007, 6क 008 के नोट 2 और 3 के अंतर्गत आने वालों को छोडकर
7	**'आरक्षित'**	डीजीएफटी	
8	विशेष सामग्री और संबंधित उपकरण, सामग्री प्रसंस्करण, इलेक्ट्रॉनिक्स, कंप्यूटर, दूरसंचार, सूचना सुरक्षा, सेंसर और लेजर, नेविगेशन और वैमानिकी, मरीन, एयरोस्पेस और प्रपल्शन	डीजीएफटी	

सीआईएनः स्कोमेट सूची की पण्य पहचान टिप्पणी

टिप्पणीः जैसा कि विनिर्दिष्ट किया जा सकता है उपर्युक्त विनिर्दिष्ट श्रेणियों/उप–श्रेणियों और अन्य उप–श्रेणी के लिए डीजीएफटी लाइसेंसिंग प्राधिकारी होगा।

10.04 स्कोमेट मदों का निर्यात

श्रेणियों 1 से 5 और 8 के संबंध में स्कोमेट मदों के लिए निर्यात प्राधिकार पत्र प्रदान करने की प्रक्रिया, प्रक्रिया पुस्तक (एचबीपी) के अध्याय 10 में दी गई है। स्कोमेट की पण्य पहचान टिप्पणी (सीआईएन) की श्रेणी 0 और टिप्पणी 2 के तहत स्कोमेट मदों के निर्यात को परमाणु उर्जा अधिनियम 1962 और परमाणु उर्जा (खानों, खनिजों और निर्धारित पदार्थों की हैंडलिंग) नियम 1984 के तहत जारी परमाणु अंतरण (निर्यात) और निर्धारित पदार्थों, निर्धारित उपकरण और प्रौद्योगिकी की अनुसूची की अधिसूचना के दिशानिर्देशों के अनुसार, परमाणु उर्जा विभाग (डीएई) द्वारा जारी एक प्राधिकार पत्र के तहत अनुमति दी जाएगी। श्रेणी 6 (युद्ध सामग्री सूची) के तहत स्कोमेट वस्तुओं के निर्यात को (सीआईएन के नोट 2 और 3 के तहत कवर की गई और श्रेणी 6क 007, 6क 008 के तहत मदों को छोडकर) मदों का अंतिम उपयोग चाहे सैन्य हो या नागरिक डीडीपी द्वारा समय–समय पर जारी मौजूदा दिशानिर्देशों मानक प्रचालन प्रक्रिया (एसओपी) के अंतर्गत रक्षा उत्पादन विभाग (डीडीपी)/रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए जाने वाले प्राधिकार पत्र के तहत अनुमति दी जाएगी।

10.05 दोहरे उपयोग के लिए गैर–स्कोमेट मदों पर अतिरिक्त नियंत्रण (कैच–ऑल कंट्रोल)

जो मदें स्कोमेट सूची में नहीं है ऐसे मदों के निर्यात को भी व्यापक विनाश के हथियार और उनकी वितरण प्रणाली (गैरकानूनी गतिविधियों पर रोक) अधिनियम, 2005 के प्रावधानों के तहत विनियमित किया जा सकता है। यदि निर्यातक को डीजीएफटी द्वारा लिखित रूप में अधिसूचित किया गया है या वह जानता है या विश्वास करने का कोई कारण है कि स्कोमेट सूची में शामिल नहीं की गई वस्तु में व्यापाक विनाश के हथियारों (डब्ल्यूएमडी) या उनकी मिसाइल प्रणाली में उपयोग या उपयोग का संभावित जोखिम है या इसका सैन्य अंतिम उपयोग (आतंकवादियों और नॉन–स्टेट एक्टर सहित), ऐसी वस्तु के निर्यात को अस्वीकृत किया जा सकता है या अनुमति दी जा सकती है जो कि प्रक्रिया पुस्तक के पैरा 10.05 और 10.06 में स्कोमेट मदों के लिए प्रदान की गई प्रकिया के अनुसार लाइसेंस देने के अधीन है।

10.06 डीटीए से एसईजेड/ईओयू तक और देश के बाहर स्कोमेट मदों की आपूर्ति

डीटीए से एसईजेड/ईओयू तक स्कोमेट मदों की आपूर्ति हेतु निर्यात प्राधिकार पत्र की आवश्यकता नहीं है। तथापि, डीटीए से एसईजेड/ईओयू तक स्कोमेट मदों की सभी आपूर्ति प्रभावी होने के एक सप्ताह के भीतर निर्धारित प्रपत्र में आपूर्तिकर्ता द्वारा संबंधित एसईजेड/ईओयू के विकास आयुक्त को सूचित की जाएगी। तथापि, यदि स्कोमेट मदों को एसईजेड/ईओयू से देश के बाहर अर्थात दूसरे देश में (एसईजेड नियमावली, 2006 के नियम 26 को संदर्भित किया जा सकता है) भौतिक रूप से निर्यात किया जाना है तो निर्यात प्राधिकार पत्र की आवश्यकता है।

10.07 आयातित स्कोमेट मदों का निर्यात

स्कोमेट सूची के तहत शामिल आयातित वस्तुओं को यहां तक कि सीमा शुल्क अनुबद्ध माल गोदाम से भी जब तक कि उन्हें विशेष रूप से छूट नहीं दी जाती निर्यात प्राधिकार पत्र के बिना निर्यात हेतु अनुमति नहीं है।

10.08 स्कोमेट मदों के लिए विभिन्न प्रकार के निर्यात प्राधिकार पत्र

(i) अंतिम वास्तविक प्रयोक्ता को प्रत्यक्ष निर्यातः विधिवत सत्यापन प्रक्रिया के बाद विदेश स्थित अंतिम वास्तविक प्रयोक्ता को निर्यात,

(ii) समान स्कोमेट मदों के रिपीट आर्डर के लिए निर्यातः समान तकनीकी विनिर्देशनों की वस्तुओं का रिपीट निर्यात, जिन्हें पहले विधिवत सत्यापन प्रक्रिया के बाद उन्ही देशों/इकाईयों को निर्यात किए जाने की अनुमति दी गई है,

(iii) स्टॉक और बिक्री के उद्देश्य के लिए निर्यातः शुरू में विदेश स्थित स्टॉकिस्ट को और बाद में स्टॉकिस्ट से उसी देश या अनुमोदित देशों में अंतिम वास्तविक प्रयोक्ता तक वस्तुओं का निर्यात,

(iv) स्टॉक और बिक्री के अंतर्गत स्कोमेट के तहत कलपुर्जे का निर्यातः स्टॉक और बिक्री के तहत प्रमुख मद/उपस्कर के साथ कलपुर्जे का निर्यात,

(v) दोषपूर्ण स्कोमेट मदों के प्रतिस्थापन/मरम्मत के बाद निर्यातः दोषपूर्ण पाये जाने पर आयातित मदों की मरम्मत/प्रतिस्थापन हेतु निर्यात प्राधिकार पत्र और मरम्मत हेतु आयातित स्वदेशी/तीसरे पक्ष की मदों की मरम्मत के बाद निर्यात प्राधिकार पत्र,

(vi) स्कोमेट मदों का अस्थायी निर्यातः भारत में प्रदर्शन/डिस्प्ले/प्रदर्शनी/ निविदाओं/आरएफपी/आरएफक्यू/एनआईटी के लिए निर्यात प्राधिकार पत्र अथवा भारत में प्रदर्शन/डिस्प्ले/प्रदर्शनी/निविदाओं/आरएफपी/आरएफक्यू/एनआईटी के बाद विदेश वापसी के लिए निर्यात प्राधिकार पत्र,

(vii) समान विदेशी इकाई को या इसके ओईएम को आयातित मदों का निर्यातः प्रौद्योगिकी के पुराने होने, आगमन पर निष्क्रिय, आदेश के रद्द होने, कैलीब्रेशन, परीक्षण आदि पर इसके विदेशी आपूर्तिकर्ता या इसके ओईएम को आयातित मदों का निर्यात।

(viii) सॉफ्टवेयर/प्रौद्योगिकी सहित स्कोमेट मदों के अंतरा–कंपनी अंतरण (जीएआईसीटी) के लिए वैश्विक प्राधिकार पत्र : स्कोमेट श्रेणी 8 (परिशिष्ट 10ड में सूचीबद्ध वस्तुओं को छोडकर) के तहत सॉफ्टवेयर और प्रौद्योगिकी सहित स्कोमेट वस्तुओं के निर्यात और/या पुनः निर्यात के लिए केवल एक बार प्राधिकार पत्र की आवश्यकता होगी, जहां निर्यात भारतीय मूल कंपनी (आवेदक निर्यातक) से उसकी विदेशी सहायक कंपनी को या विदेशी कंपनी (आवेदक निर्यात क) की भारतीय सहायक कंपनी से उनकी विदेशी मूल कंपनी/विदेशी मूल कंपनी की अन्य सहायक कंपनी को अंतः–कंपनी हस्तांतरण है तथा, कुछ सेवाओं को करने के लिए भारतीय मूल कंपनी/विदेशी कपंनी की भारतीय सहायक कंपनी और भारतीय कंपनी की विदेशी सहायक कपंनी/भारतीय सहायक कंपनी की विदेशी मूल कंपनी के बची एक मास्टर सेवा समझौता/अनुबंध पर आधारित है लेकिन यह डिजाइन, एन्क्रिप्शन, अनुसंधान विकास, डिलीवरी, वैधीकरण, अंशांकन, जांच, संबंधित सेवाएं, आदि तक सीमित नहीं है, विनिर्दिष्ट देशों में प्राधिकार पत्र के तहत किए गए सभी निर्यात के लिए 3 साल की एक बार वैधता से लेकर निर्यात के बाद रिपोर्टिंग।

(ix) सॉफ्टवेयर और प्रौद्योगिकी को छोडकर रसायन और संबंधित उपस्करों (जीएईसी) के निर्यात के लिए सामान्य अधिकार पत्रः 1सी, 1डी, 3डी001 और 3डी004 उप श्रेणियों में सूचीबद्ध रसायन (सॉफ्टवेयर और प्रौद्योगिकी को छोडकर) का निर्यात आस्ट्रेलिया समूह (एजी) देशों की और 1ई उपश्रेणी में सूचीबद्ध मदों का निर्यात रासायनिक हथियार समझौता (सीडब्ल्यूसी) के राज्य पक्षकारों को 5 वर्ष की एक कालिक वैधता के साथ डीजीएफटी द्वारा जारी रासायनिक और संबंधित उपकरणों के निर्यात के लिए एककालिक सामान्य प्राधिकार पत्र के आधार पर अनुमत है बशर्ते कि प्राधिकार पत्र के तहत किए गए सभी निर्यात की निर्यात के पश्चात रिपोर्टिंग की जाए।

(x) भारत में मरम्मत के पश्चात निर्यात हेतु सामान्य प्राधिकार–पत्र (जीएईआर): भारत में मरम्मत के बाद निर्यात हेतु एककालिक सामान्य प्राधिकार–पत्र (जीएईआर) के आधार पर भारत में मरम्मत के पश्चात विदेशों में एक ही इकाई को आयातित स्कोमेट मदों के निर्यात की अनुमति डीजीएफटी द्वारा जारी त्रैमासिक आधार पर पोस्ट रिपोर्टिंग और प्रक्रिया पुस्तक के पैरा 10.12 (घ) में यथा निर्दिष्ट शर्तों के अधीन दी जाएगी।

10.09 स्कोमेट प्राधिकार पत्र को जारी करना, संशोधन करना और पुनर्वैधीकरण

स्कोमेट मदों हेतु निर्यात प्राधिकार पत्र डीजीएफटी (मुख्यालय) द्वारा केंद्रीय रूप से जारी किया जाएगा। इस तरह के प्राधिकार पत्र पर पुनर्वैधीकरण आदि सहित संशोधन भी केवल डीजीएफटी (मुख्यालय) द्वारा किया जाएगा। पुनर्वैधीकरण की प्रक्रिया, प्रक्रिया पुस्तक के पैरा 10.20 में विहित है।

10.10 स्कोमेट और निर्यात नियंत्रण रूपरेखा पर आउटरीच कार्यक्रम

प्रशासनिक मंत्रालयों/विभागों और व्यापार संघों के सहयोग से डीजीएफटी, विशेष रूप से स्कोमेट मदों में, व्यापार से जुडे निर्यातकों/आयातकों के बीच प्रभावी जागरूकता के लिए नियमित रूप से उद्योग आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन करेगा।

एमएसएमई और स्टार्टअप्स पर ध्यान देने के साथ सेक्टर विशिष्ट/क्षेत्र विशिष्ट आउटरीच कार्यक्रमों को आयोजित करने के लिए संस्थागत तंत्र को अपनाया जाएगा।

10.11 दोहरे उपयोग की वस्तुओं के निर्यात का स्वैच्छिक स्व प्रकटीकरण

डीजीएफटी स्वीकार करता है कि ऐसे अवसर हो सकते हैं जहां उत्तदायी निर्यातक कभी–कभी एफटीडीआर अधिनियम, डब्ल्यूएमडी अधिनियम, सीमा शुल्क अधिनियम या डीजीएफटी द्वारा जारी निर्यात नियंत्रण पर किसी भी विनियमन, आदेश, लाइसेंस या अन्य प्राधिकार पत्र के निर्यात नियंत्रण प्रावधानों का पालन नहीं करते हैं। डीजीएफटी निर्यात नियंत्रण प्रावधानों के अनुपालन में विफल रहने संबंधी स्वैच्छिक स्व–प्रकटीकरण को प्रोत्साहित करता है, और स्वैच्छिक स्व–प्रकटीकरण के मामलों को छोडकर स्कोमेट नीति के उल्लंघन हेतु एफटीडीआर अधिनियम के तहत कठोर कार्रवाई करते समय अनुपालन न किए जाने की किन्ही घटनाओं से बचने के लिए निर्यातकों में जागरुकता पैदा करने का समर्थन करता है।

अध्याय – 11
परिभाषाएं

विदेश व्यापार नीति के उद्देश्य के लिए, जब तक कि प्रसंग में अन्यथा अपेक्षित न हो, निम्नलिखित शब्दों और अभिव्यक्तियों के निम्नलिखित अर्थ होंगे:–

11.01 "उपांग" या "संलग्नी" का अर्थ है एक भाग, उपसंयोजक अथवा संयोजक जो उपस्कर के मूल कार्यो को परिवर्तित किए बिना उपस्कर के एक अंश की कार्यक्षमता या कारगरता में सहयोग देता है।

11.02 "अधिनियम" का अर्थ है समय.समय पर यथासंशोधित विदेश व्यापार (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1992, (1992 की संख्या 22) (एफ टी (डी एण्ड आर) एक्ट)।

11.03 "वास्तविक प्रयोक्ता" का अर्थ है उस व्यक्ति (स्वाभाविक या वैध) से है जो अपने परिसर में आयातित माल के उपयोग के लिए प्राधिकृत है जिसका कोई स्थायी डाक पता हो।

(क) "वास्तविक प्रयोक्ता (औद्योगिक)" का अर्थ उस व्यक्ति (स्वाभाविक या वैध) से है जो आयातित माल का प्रयोग अपनी स्वयं की औद्योगिक इकाई में अथवा एक जॉबिंग इकाई सहित दूसरी इकाई में अपने स्वयं के प्रयोग के लिए करता है जिसका स्थायी डाक पता हो।

(ख) "वास्तविक प्रयोक्ता (गैर–औद्योगिक)" का अर्थ उस व्यक्ति (स्वाभाविक या वैध) से है जो अपने स्वयं के इस्तेमाल के लिए आयातित सामग्री इस्तेमाल करता हो–

(i) कोई भी वाणिज्य प्रतिष्ठान जो कोई व्यवसाय, व्यापार या पेशा कर रहा हो, जिसका स्थायी डाक पता हो, या

(ii) कोई भी प्रयोगशाला, वैज्ञानिक या अनुसंधान और विकास (आर एण्ड डी) संस्थान, विश्वविद्यालय या अन्य शैक्षिक संस्थान या अस्पताल, जिसका स्थायी डाक पता हो, या

(iii) अन्य सेवा उद्योग जिसका स्थायी डाक पता हो।

11.04 "ए ई जैड" अर्थ है परिशिष्टों और आयात–निर्यात प्रपत्र के परिशिष्ट 2फ में विदेश व्यापार महानिदेशालय द्वारा अधिसूचित कृषि निर्यात क्षेत्र।

11.05 "अपील" वह आवेदन है जो कि अधिनियम की धारा 15 के अंतर्गत जमा किया जाता है और जिसमें वे आवेदन शामिल हैं जोकि विदेश व्यापार महानिदेशालय के अधिकारियों द्वारा सरकार के हित में नामित न्यायिक/अपीलीय प्राधिकरणों द्वारा दिए गए निर्णय के विरूद्ध जमा किए जाते हैं।

11.06 "आवेदक" का अर्थ है वह व्यक्ति जिसकी तरफ से आवेदन किया जाए और जहां संदर्भ में आवश्यक हो, इसमें आवेदन पर हस्ताक्षर करने वाला व्यक्ति भी शामिल है।

11.07 "प्राधिकार–पत्र" का अर्थ है विदेश व्यापार नीति के प्रावधानों के अनुसार आयात अथवा निर्यात की अनुमति जैसा कि अधिनियम की धारा 2(छ) में बताया गया है।

11.08 "पूंजीगत माल" का अर्थ है माल के, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष उत्पादन के लिए या सेवा अर्पित करने के लिए अपेक्षित संयत्र, मशीनरी, उपस्कर या उपसाधित्र जिनमें प्रतिस्थापन, आधनिकीकरण, प्रौद्योगिकी के उन्नयन या विस्तार के लिए अपेक्षित सामग्री भा शामिल है। इसमें पैकेजिंग मशीनरी और उपकरण, प्रशीतन उपकरण, उर्जा सृजित करने वाले सेट, मशीन टूल्स, परिक्षण, अनुसंधान और विकास, गुणवत्ता और प्रदूषण नियंत्रण के लिए उपस्कर एवं उपकरण शामिल है।

पूंजीगत माल के निर्माण, खनन, कृषि, जलचर पालन, पशु पालन पुष्प कृषि, बागवानी, मत्स्य पालन, मुर्गी पालन और रेशम–उत्पादन एवं अंगूरोत्पादन के साथ–साथ सेवा विभाग में भी उपयोग में लाया जा सकता है।

11.09 "सक्षम प्राधिकारी" का अर्थ है वह प्राधिकारी जो अधिनियम अथवा उसके तहत बने नियमों एवं आदेशों अथवा इस विदेश व्यापार नीति के तहत किसी शक्ति का प्रयोग करने, कर्तव्य अथवा कार्य को पूरा करने के लिए सक्षम हो।

11.10 "संघटक" का अर्थ है उप संयोजन या संयोजन का वह तत्व जिससे एक विनिर्मित उत्पाद तैयार किया जाता है या जिसमें वह विघटित हो जाए। संघटक में दूसरे संघटक के उपषंगी या उपकरण भी शामिल है।

11.11 "उपभोज्य" का अर्थ कोई मद जो विनिर्माण प्रक्रिया में शामिल हो या जिसकी आवश्यकता हो परन्तु जो तैयार उत्पाद का भाग न हो। विनिर्माण प्रक्रिया के दौरान जिन मदों का अधिक मात्रा में या पूर्णतया उपभोग कर लिया जाता है, उन्हें उपभोज्य मदें माना जाएगा।

11.12 "उपभोक्ता माल" का अर्थ खपत के उस माल से है जो किसी अन्य संसाधन के बिना मनुष्य की आवश्यकताओं को सीधे ही पूरा कर सकता है और इसमें उपभोक्ता के लिए उपभोज्य माल और उसके अनुषंगी भी शामिल होंगे।

11.13 "प्रतिसंतुलन व्यापार" (काउंटर ट्रेड) का अर्थ उस व्यवस्था से है जिसके अंतर्गत भारत से/को किया जाने वाला आयात/निर्यात व्यापार समझौता या अन्यथा के तहत आयात/निर्यात करने वाले देश से सीधे अथवा तीसरे देश के जरिये संतुलित होता हो।

"प्रतिसंतुलन व्यापार" (काउंटर ट्रेड) के अन्तर्गत निर्यात/आयात की अनुमति एस्को एकाउंट, वापस खरीदने की व्यवस्था, वस्तुत विनिमय व्यापार या किसी ऐसी ही अन्य व्यवस्था के अन्तर्गत दी जा सकती है। निर्यात और आयात का संतुलन पूर्णतया या आंशिक तौर पर नकद, माल और/या सेवाओं के रूप में हो सकता है।

11.14 "विकासकर्ता" का अर्थ है एक व्यक्ति या व्यक्तियों का निकाय, कम्पनी, फर्म और ऐसा ही अन्य निजी या सरकारी उपक्रम, जो केन्द्रीय सरकार द्वारा यथा अनूमोदित विशेष आर्थिक क्षेत्रों में अन्य सुविधाओं को और बुनियादी सुविधाओं के एक भाग या सम्पूर्ण सुविधाओं का विकास, निर्माण करता है, डिजाइन तैयार करता है, स्थापना, संवर्धन करता है, वित्तीय सहायता, प्रचालन, रख–रखाव या प्रबंध करता है, इसमें सह–विकासकर्ता भी शामिल है।

11.15 "विकास आयुक्त" का अर्थ है विशेष आर्थिक क्षेत्र का विकास आयुक्त।

11.16 "घरेलू प्रशुल्क क्षेत्र" (डीटीए) का अर्थ है भारत के भीतर का क्षेत्र जो कि विशेष आर्थिक क्षेत्रों और ईओयू/ईएचटीपी/एसटीपी से बाहर है।

11.17 "ई–कामर्स" का अर्थ है इंटरनेट के द्वारा एक ई–कॉमर्स प्लैटफॉर्म पर वस्तुओं को खरीदना और बेचना, जिसके लिए भुगतान अंतर्राष्ट्रीय क्रेडिट अथवा डेबिट कार्ड के द्वारा अथवा अन्य प्राधिकृत और समय–समय पर भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा यथा–विनिर्दिष्ट इलैक्ट्रानिक भुगतान चैनल के माध्यम से किया जाएगा।

11.18 "ई.ओ.यू" का अर्थ है निर्यातोन्मुखी एकक जिसके लिए विकास आयुक्त द्वारा अनुमति–पत्र जारी किया गया हो।

11.19 "उत्पाद शुल्क देय माल" का अर्थ है–कोई माल जिसका भारत में उत्पादन या विनिमार्ण किया गया हो और वह केन्द्रीय उत्पाद शुल्क तथा नमक अधिनियम, 1944 (1944 का 1) के अधीन हो।

11.20 समय–समय पर यथासंशोधित विदेश व्यापार (विकास एवं विनियम) अधिनियम, 1992 में यथा–परिभाषित 'निर्यात'।

11.21 ''निर्यातक'' का अर्थ उस व्यक्ति से है जो निर्यात करता है या निर्यात करने का इरादा रखता है और जिसके पास एक आईईसी नम्बर हो, जब तक की उसे विशेष रूप से छूट न दी गई हो।

11.22 "निर्यात दायित्व का" अर्थ हैः– प्राधिकार पत्र अथवा अनुज्ञा में शामिल निर्यात उत्पाद अथवा उत्पाद का क्षेत्रीय या सक्षम प्राधिकारी द्वारा यथा निर्धारित मात्रा अथवा मूल्य अथवा दोनों में निर्यात करने का दायित्व।

11.23 मदों के लिए आयात/निर्यात के संदर्भ में आने वाले 'मुक्त' से तात्पर्य है माल जिसे देश में आयात किए जाने अथवा देश से निर्यात किये जाने के लिए किसी प्राधिकार–पत्र/लाइसेंस अथवा अनुमति की आवश्यकता नहीं है।

11.24 'एफटीपी' से अभिप्राय है विदेश व्यापार नीति, 2023 जो कि अधिनियम की धारा–5 के तहत निर्यात और आयात नीति को विनिर्दिष्ट करती है।

11.25 समय–समय पर यथासंशोधित विदेश व्यापार (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1992 में यथा–परिभाषित 'आयात'

11.26 "आयातक" का अर्थ यह व्यक्ति है जो आयात करता है, या आयात करना चाहता है और जो आयातक–निर्यातक कोर्ड नम्बर धारक हो, जब तक अन्यथा विशेष रूप से छूट न दी गई हो।

11.27 "आईटीसी (एचएस)" का अर्थ निर्यात और आयात मदों में 8 अंकों के आईटीसी (एचएस) वर्गीकरण से है।

11.28 "जाबिंग" का अर्थ है–जाब वक्रर को आपूर्तित कच्चे माल या अर्ध–परिष्कृत माल का प्रसंस्करण या उसमें परिवर्तन करना ताकि प्रक्रिया का कोई हिस्सा या संपूर्ण प्रक्रिया पूरी हो सके जिसके परिणामस्वरूप वस्तु का विनिर्माण या परिष्करण हो या कोई भी कार्रवाई जो उपरोक्त प्रक्रिया के लिए जरूरी हो।

11.29 "लाइसेंसिग वर्ष" का अर्थ उस वर्ष से है जो वर्ष के 1 अप्रैल से आरम्भ होकर आगामी वर्ष के 31 मार्च को समाप्त हो।

11.30 "प्रबंधित होटल" से अभिप्राय तीन स्टार या ऊपर के होटल/होटल श्रृंखला द्वारा होटल चलाना/होटल श्रृंखला तथा होटल प्रबंधन चलाने के मध्यम कम से कम तीन वर्ष के दौरान एक प्रबंधन चलाने के करार के अधीन प्रबंधन से है। प्रबंधन करार में प्रबंधित होटल चलाने के प्रबंधन/कार्यकलापों के क्षेत्र को आवश्यक रूप से शामिल किया जायेगा।

11.31 "विनिर्माण" का अर्थ है विशेष नाम, गुण या उपयोग वाला नया उत्पाद जो हाथ अथवा मशीन से बनाया गया, उत्पन्न किया गया, गढा गया, संयोजित किया गया, संसाधित किया गया अथवा तैयार किया गया हो और उसमें ऐसे संसाधन शामिल हैं, जैसे रेफ्रिजरेशन, पुनः पैकिंग, पॉलिशिंग, लेबलिंग, री–कन्डीशनिंग, मरम्मत, री–मेकिंग, री–फर्बिशिंग, टेस्टिंग, कैलिब्रेशन री–इन्जीनिरिंग।

विदेश व्यापार नीति के उद्देश्य के लिए विनिर्माण में कृषि, जलचर पालन, पशु पालन, पुष्पोत्पाद, बागवानी, मत्स्य पालन, मुर्गी पालन,, रेशम–उत्पादन, अंगूरोत्पादन एवं खनन भी शामिल है।

11.32 "विनिर्माता निर्यातक" का अर्थ उस व्यक्ति से है जो अपने द्वारा निर्मित माल का निर्यात करता है अथवा ऐसे माल का निर्यात करना चाहता है।

11.33 "व्यापारी निर्यातक" का अर्थ उस व्यक्ति से है जो व्यापार के कार्य और निर्यात के कार्य में संलग्न हो अथवा माल निर्यात करना चाहता हो।

11.34 "एन सी" का अर्थ उन मामलों में जहां पर सिओन मौजूद नहीं है और विदेश व्यापार महानिदेशालय में अधिसूचित किए जाने के लिए सिओन की सिफारिश करते हैं, तदर्थ विनिष्टि–उत्पादन मानदंड के अनुमोदन के लिए विदेश व्यापार महानिदेशालय में मानदण्ड समिति से है।

11.35 "अधिसूचना" का अर्थ अधिसूचना से है जो सरकारी राजपत्र में प्रकाशित है।

11.36 "आदेश" का अर्थ है अधिनियम के तहत केन्द्रीय सरकार द्वारा बनाया गया आदेश।

11.37 "पुर्जे" का अर्थ है उपसंयोजन या संयोजन का एक तत्व जो सामान्यतया स्वयं उपयोगी न हो और जो रख–रखाव के उद्देश्य के लिए आगे से असंयोजन के योग्य न हो। पुर्जो एक संघटक, स्पेयर अथवा उपसाधन हो सकता है।

11.38 "व्यक्ति" का अर्थ है कोई व्यक्ति, फर्म, सोसायटी, कम्पनी, निगम अथवा विदेश व्यापार महानिदेशालय के अधिकारियों सहित अन्य कोई वैध व्यक्ति।

11.39 "नीति" का अर्थ है समय–समय पर यथासंशोधित भाग ख (2022–2027) विदेश व्यापार नीति।

11.40 "निर्धारित" का अर्थ है इस अधिनियम, अथवा विदेश व्यापार नीति अथवा इसके अन्तर्गत बनाये गए नियम अथवा आदेश के तहत निर्धारित से है।

11.41 "निषिद्ध" आईटीसी (एचएस) में अथवा अन्यत्र आने वाली किसी मद की आयात/निर्यात नीति को दर्शाता है, जिसका आयात/निर्यात अनुमत नहीं है।

11.42 "सार्वजनिक सूचना" का अर्थ विदेश व्यापार नीति के पैरा 1.03 और 2.04 के प्रावधानों के अधीन प्रकाशित सूचना से है।

11.43 "परियोजना निर्यात" का संदर्भ अस्थगित भुगतान शर्तों पर इंजीनियरिंग वस्तुओं का निर्यात और विदेशों में सामूहिक रूप से टर्नकी परियोजनाओं और सिविल निर्माण अनुबंधों के निष्पादन से है।

परियोजना के निर्यात में शामिल होगा

(i) सिविल निर्माण अनुबंध,

(ii) आस्थगित भुगतान शर्तों पर पूंजीगत वस्तुओं की आपूर्ति सहित टर्नकी अभियांत्रिकी अनुबंध

(iii) प्रक्रिया और अभियांत्रिकी परामर्श सेवाएंः और

(iv) परियोजना निर्माण मदें (इस्पात और सीमेंट को छोडकर)

11.44 "कोटा" से तात्पर्य है एक विशिष्ट प्रकार के माल की मात्रा जिसे अतिरिक्त शुल्क लगाए बगैर अथवा प्रतिबंधों के बगैर आयात करने के लिए अनुमत किया गया हो

11.45 "कच्चा माल" का अर्थ हैः मूल सामग्री जिसकी माल के विनिर्माण में आवश्यकता होती है। ये सामग्री कच्ची/प्राकृतिक/अपरिष्कृत/अविनिर्मित अथवा विनिर्मित अवस्था मं हा सकती है।

11.46 "क्षेत्रीय प्राधिकारी" का अर्थ है अधिनियम/आदेश के तहत एक प्राधिकार पत्र प्रदान करने वाला सक्षम प्राधिकारी

11.47 "पंजीकरण सह सदस्यता प्रमाण पत्र" (आर.सी.एम.सी) का तात्पर्य विदेश व्यापार नीति या प्रक्रिया पुस्तक में यथा निर्धारित किसी निर्यात संवर्धन परिषद/पण्य बोर्ड/विकास प्राधिकरण या किसी अन्य सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रदान किए गए पंजीकरण सह–सदस्यता प्रमाण–पत्र से है।

11.48 "प्रतिबंधित" एक मद के आयात अथवा निर्यात नीति को दर्शाने वाला एक शब्द है जिसे केवल विदेश व्यापार महानिदेशालय के कार्यालयों से एक प्राधिकार–पत्र प्राप्त करने के बाद देश में आयात अथवा देश से बाहर निर्यात किया जा सकता है।

11.49 "नियमों" का अर्थ है एफटी (डीएण्डआर) अधिनियम की धारा 19 के तहत केन्द्र सरकार द्वारा बनाए गए नियम।

11.50 "स्कोमेट" विशेष रयायनों, आर्गेनिज्म, पदार्थों, उपस्करों और प्रौद्योगिकियों (स्कोमेट) के दोहरे प्रयोग की मदों के लिए नामकरण है। भारत की विदेश व्यापार नीति के तहत दोहरे प्रयोग की मदों और प्रौद्योगिकियों का आयात विनियमित है। यह प्राधिकार–पत्र के तहत या तो प्रतिबंधित है या अनुमत है।

11.51 "सेवाओं" में, सेवाओं के व्यापार पर सामान्य करार (गैट्स) के अन्तर्गत आने वाली सभी व्यापारिक सेवाएं और मुक्त विदेशी मुद्रा अर्जित करना शामिल है।

11.52 "सेवा प्रदाता" का अर्थ है वह व्यक्ति जोः–

(i) भारत से किसी और देश के लिए "सेवा" प्रदान करता है, (विधि 1–सीमा पार व्यापार)

(ii) भारत में किसी और देश के उपभोक्ता को भारत से प्रदान की गई "सेवा" की आपूर्ति करता है, (विधि 2–विदेश में खपत)

(iii) भारत से किसी अन्य देश में वाणिज्यिक उपस्थिति के माध्यम से सेवा की आपूर्ति करता है। (विधि 3–वाणिज्यिक उपस्थिति)

(iv) भारत से वास्तविक व्यक्तियों की उपस्थिति के माध्यम से किसी अन्य देश में "सेवा" की आपूर्ति (विधि 4–वास्तविक व्यक्तियों की उपस्थिति)

11.53 "शिप" का अर्थ समुद्र से किए जाने वाले व्यापार या समुद्र तट पर किए जाने वाले व्यापार के लिए प्रयुक्त सभी प्रकार के पोतों से है, इसमें पुराने पोत भी शामिल है।

11.54 "सिओन" का अर्थ विदेश व्यापार महानिदेशालय द्वारा अधिसूचित, मानक निविष्टि उत्पादन मानदंड से है।

11.55 "स्पेयर्स" का तात्पर्य प्रतिस्थापन के लिए किसी पुर्जे या उप–असेम्बल या असेम्बल के अर्थात किसी समान या एक ही तरह के भाग या उप–असेम्बल या असेम्बली के स्थान पर रखे जाने वाले किसी भाग से है। स्पेयर्स में संघटक या सहायक उपकरण शामिल हैं।

11.56 "विनिर्दिष्ट" का तात्पर्य अधिसूचना/सार्वजनिक सूचना के माध्यम से इस नीति के प्रावधानों द्वारा या के तहत विनिर्दिष्ट से है।

11.57 "स्तर धारक" का अर्थ है एक निर्यातक को विदेश व्यापार नीति के पैरा 1.25 यथानुसार एक क्षेत्रीय प्राधिकारी द्वारा निर्यात निष्पादन हेतु मान्यता दी गई है।

11.58 "भंडार" से अभिप्राय जलयान या वायुयान के प्रयोग के लिए वस्तुंए और उनके ईंधन, स्पेयर्स और उपस्करों का अन्य सामान है, चाहे वह तुरन्त फिट होने वाला हो या न हो।

11.59 (क) "सहायक विनिर्माता" वह व्यक्ति है जो एक विशिष्ट प्राधिकार–पत्र के तहत व्यापारी निर्यातक या विनिर्माता निर्यातक के लिए माल/उत्पाद या माल/उत्पाद के किसी हिस्से/उपघंगी/पुर्जों का विनिर्माण करता है।

(ख) ईपीसीजी स्कीम के लिए "सहायक विनिर्माता" ऐसा व्यक्ति है जिसके प्रांगण/फैक्टरी में ईपीसीजी प्राधिकार–पत्र के तहत पूंजीगत माल आयात/प्राप्त किया जाता है।

11.60 विदेश व्यापार नीति के प्रयोजनार्थ राज्य व्यापार उद्यम (एसटीई), वे इकाईयां है जिन्हें विदेश व्यापार नीति के पैरा 2. 20 (क) के अनुसार निर्यात और/अथवा आयात के विशिष्ट अधिकार/विशेष अधिकार प्रदान किए गए हो।

11.61 "तीसरी पार्टी द्वारा निर्यात" का आशय है निर्यातक या विनिर्माता द्वारा दूसरे निर्यातक (निर्यातकों) की ओर से किया गया निर्यात। ऐसे मामलों में निर्यात दस्तावेजों जैसे शिपिंग बिल आदि में विनिर्माता निर्यातक/विनिर्माता और तीसरी पार्टी निर्यातक दोनों के नामों का उल्लेख करना होगा। बैंक वसूली प्रमाण पत्र, स्व–घोषणा प्रपत्र, निर्यात आदेश और बीजक, तीसरी पार्टी निर्यातक के नाम से होना चाहिए।

11.62 "सौदा मूल्य" की परिभाषा राजस्व विभाग की सीमाशुल्क मूल्यांकन नियमावली में यथा परिभाषित की गई है।

11.63 "वन्य प्राणी" का अर्थ है कोई वन्य प्राणी जो वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की धारा–2(36) में यथा परिभाषित है।

शब्दावली (संक्षिप्त अक्षर)

संक्षिप्त अक्षर	पूर्णाक्षर
एए	अग्रिम प्राधिकार पत्र
एएएनएफ	परिशिष्ट और आयात निर्यात प्रपत्र
एसीयू	एशियाई निकासी संघ
एईजैड	कृषि निर्यात क्षेत्र
एएनएफ	आयात निर्यात प्रपत्र
एआरई–1	निर्यात (हवाई/समुद्री/डाक/स्थल द्वारा) के लिए उत्पाद शुल्क लगाये जाने योग्य वस्तुओं को हटाए जाने के लिए आवेदन–पत्र
एआई–3	फैक्टरी से अथवा एक गोदाम से अन्य गोदाम में से उत्पाद शुल्क लगाए जाने योग्य वस्तुओं का हटाए जाने के लिए आवदेन–पत्र
एसीपी	मान्यता प्राप्त ग्राहक कार्यक्रम
एईओ	प्राधिकृत इकॉनामिक ऑपरेटर
एईएस	अनुमोदित निर्यातक स्कीम
एपीडा	कृषि और संशधित खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण
एआरओ	अग्रिम निकासी आदेश
आसियान	दक्षिण–पूर्व एशियाई राष्ट्रों का संगठन
एएसआईडीई	निर्यात के मूलभूत विकास हेतु राज्यों को सहायता
एयू	वास्तविक प्रयोक्ता
बीसीडी	मूल सीमाशुल्क
बीजी	बैंक गारंटी
बीआईएफआर	औद्योगिक और वित्तीय पुनर्निर्माण बोर्ड
बीओए	अनुमोदन बोर्ड
बीओटी	व्यापार बोर्ड
बीआरसी	बैंक वसूली प्रमाण–पत्र
बीटीपी	जैव प्रौद्योगिकी पाक्र
बीआईएस	भारतीय मानक ब्यूरो
सीबीईसी	केन्द्रीय उत्पाद शुल्क और सीमाशुल्क बोर्ड
सीसीपी	सीमा शुल्क निकासी परमिट
सीईए	केन्द्रीय उत्पाद शुल्क प्राधिकरण
सीईसी	चार्टर्ड इंजीनियर प्रमाण पत्र
सीईडी	केन्द्रीय उत्पाद शुल्क
सेनवैट	केन्द्रीय मूल्यवर्धक कर
सीईटीएफ	सामान्य बहिस्त्राव उपचार सुविधा
सीएफसी	सामान्य सुविधा केन्द्र
सीजी	पूंजीगत माल

सीआईएफ	लागत, बीमा और भाडा
सीआईएन	कम्पनी पहचान संख्या
सीआईएस	स्वतंत्र राष्ट्रों का राष्ट्रमंडल
सीकेडी	सम्पूर्णता खराब हुए
सीओडी	सुपुर्दगी पर भुगतान
सीओओ	उद्गम प्रमाण पत्र
सीक्यूसीटीडी	गुणवत्ता की शिकायतों और व्यापार विवादों पर समिति
सीआरईएस	मसालों के निर्यातक के रूप में पंजीकरण का प्रमाणपत्र
सीएसटी	केन्द्रीय बिक्री कर
सीआरईएस	मसालों के निर्यातक के रूप में पंजीकरण का प्रमाणपत्र
सीईपीए	व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते
सीबाईसी	केन्द्रीय उत्पाद शुल्क और सीमाशुल्क बोर्ड
सीएसपी	सामान्य सेवा प्रदाता
सीईसीए	व्यापक आर्थिक सहयोग समझौता
सीवीडी	प्रतिकारी शुल्क
डीए	स्वीकृति पर दस्तावेज
डीबीके	शुल्क वापसी
डीसी	विकास आयुक्त
डीडीए	डायमंड डॉलर खाता
डीईए	आर्थिक मामलों में विभाग
डीईएल	अस्वीकृत इकाई सूची
डीईएस	शुल्क में छूट स्कीम
डीएफआईए	शुल्क मुक्त आयात प्राधिकार पत्र
डीजीसीआईएण्डएस	महानिदेशक, वाणिज्य आसूचना एवं सांख्यिकी
डीआईएन	निदेशक पहचान संख्या
डीपीआईएन	निर्दिष्ट साझेदार पहचान संख्या
डीजीएफटी	विदेश व्यापार महानिदेशालय
डीओबीटी	जैव प्रौद्योगिकी विभाग
डीओसी	वाणिज्य विभाग
डीईआईटी वाय	इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग
डीओआर	राजस्व विभाग
डीओटी	दूरसंचार विभाग
डीआरएस	शुल्क में छूट स्कीम
डीटीए	घरेलू प्रशुल्क क्षेत्र
ईबीआरसी	इलेक्ट्रॉनिक बैंक वसूली प्रमाणपत्र
ईआईईसी	इलेक्ट्रानिक आयातक–निर्यातक कोड
ईसीए	प्रवर्तन–सह–अधिनिर्णय
ईडीआई	इलेक्ट्रानिक–सह–अधिनिर्णयन
ईसीजीसी	निर्यात क्रेडिट गारंटी निगम
ईईएफसी	विनिमय अर्जक विदेशी मुद्रा
ईएफसी	एक्जिम सुविधा समिति
ईएफटी	इलेक्ट्रॉनिक निधि अंतरण
ईजीएम	निर्यात संबंधी सामान्य घोषणा पत्र
ईएचटीपी	इलेक्ट्रॉनिक हार्डवेयर प्रौद्योगिकी पाक्र
ईओईसी	निर्यात निरीक्षण परिषद
ईओ	निर्यात दायित्व
ईओडीसी	निर्यात दायित्व निर्वहन प्रमाणपत्र
ईओपी	निर्यात दायित्व अवधि
ईओयू	निर्यातोन्मुख इकाई
ईपीसी	निर्यात संवर्धन परिषद
ईपीसीजी	निर्यात संवर्धन पूंजीगत माल
ईपीओ	इंजीनियरी प्रक्रिया आऊटसोर्सिंग
एक्जिम	निर्यात आयात
एफडीआई	प्रत्यक्ष विदेशी निवेश

एफई	विदेशी मुद्रा
एफईएमए	विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम
एफआईईओ	भारतीय निर्यात संगठन परिसंघ
एफआईआरसी	फोरेन एक्सचेंज इन्वर्ड रेमिटेन्स सर्टिफिकेट
एफओबी	फ्री ऑन बोर्ड
एफओआर	सडक और रेल पर माल ढुलाई
एफटी (डी एंड आर) एक्त	विदेश व्यापार (विकास एवं विनियम) अधिनियम, 1992 (1992 का 22)
एफटीडीओ	विदेश व्यापार विकास अधिकारी
एफटीपी	विदेश व्यापार नीति
एफटी (आर) नियमावली	विदेश व्यापार (विनियमन) नियम
एफटीडब्ल्यूजैड	मुक्त व्यापार और भंडारण क्षेत्र
एफटीए	मुक्त व्यापार समझौते
जीएंडजेईपीस	रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद
जीओआई	भारत सरकार
जीएटीएस	सेवाओं में व्यापार पर सामान्य समझौता
जीआर	प्राप्ति की गारंटी
एचएसीसीपी	खतरा, विश्लेषण और महत्वपूर्ण नियंत्रण प्रक्रिया
एचबीपी	प्रक्रिया पुस्तक
एचएचईसी	हस्तशिल्प और हथकरघा निर्यात निगम
आईसीबी	अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी बोली
आईसीडी	अंतर्देशीय कंटेनर डिपो
आईसीएम	भारतीय वाणिज्य मिशन
आईईसी	आयातक निर्यातक कोड
आईएसओ	अंतर्राष्ट्रीय मानक संगठन
आईएईए	अंतर्राष्ट्रीय परमाणु उर्जा एजेंसी
आईएनएफसीआईआरसी	अंतर्राष्ट्रीय परमाणु उर्जा एजेंसी की जानकारी परिपत्र
आईईएम	औद्योगिक उद्यमी ज्ञापन
आईएमएससी	अंतर मंत्रालयी स्थायी समिति
आईएल	औद्योगिक लाइसेंसिग
आईएसओ	अंतर्राष्ट्रीय मानक संगठन
आईसीटी (एचएस)	निर्यात और आयात मदों के लिए भारतीय व्यापार वर्गीकरण (सुमेलित प्रणाली)
केवीआईसी	खादी और ग्रामोद्योग आयोग
एलसी	साख पत्र
एलसीएस	भूमि सीमा शुल्क स्टेशन
एलएलपीआईएन	सीमित देयता साझेदारी संख्या
एलपीजी	तरलीकृत पेट्रोलियम गैस
एलओसी	लाइन ऑफ क्रेडिट
एलओआई	आशय पत्र
एलओपी	परमिट पत्र
एलयूटी	विधिक वचनबद्धता
एमएआई	बाजार अभिगम पहल
एमडीए	बाजार विकास सहायता
एमईए	विदेश मंत्रालय
एमईआईएस	भारतीय स्कीम से व्यापारिक वस्तुओं के निर्यात
एमआरए	परस्पर मान्यता समझौते
एमओडी	रक्षा मंत्रालय
एमओएफ	वित्त मंत्रालय
एमएसएमई	सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय
एमएसएमईडी	सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के विकास
एमएसटीसी	धातु स्क्रैप व्यापार निगम
एनबीएफसी	गैर बैंकिग वित्तीय कम्पनी
एनसी	मानदण्ड समिति
एनएफई	निवल विदेशी मुद्रा
एनआई	गैर उल्लंघनकारी

एनसीबी	राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धात्मक बोली
एनओसी	अनापत्ति प्रमाण–पत्र
पीडीएस	सार्वजनिक वितरण प्रणाली
पीईसी	भारतीय परियोजना एवं उपस्कर निगम लिमिटेड
पीआईसी	नीतिगत व्याख्या समिति
पीआरसी	नीतिगत छूट समिति
पीएएन	स्थायी खाता संख्या
पीएच	व्यक्तिगत सुनवाई
पीटीए	तरजीही व्यापार समझौता
पीएसयू	सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम
आरएंडडी	अनुसंधान एवं विकास
आरए	क्षेत्रीय प्राधिकारी
आरबीआई	भारतीय रिजर्व बैंक
आरसीएमसी	पंजीकरण सह सदस्यता प्रमाण पत्र
आरईपी	प्रतिपूर्ति
आरपीए	रुपये अदायगी क्षेत्र
एस/बी	पोत लदान बिल
एसएडी	विशेष अतिरिक्त शुल्क
स्कोमेट	विशेष रसायन आर्गेनिज्म, मैटीरियल्स, उपस्कर एवं प्रौद्योगिकी
एसईआईसीएमएम	सॉफ्टवेयर इंजीनियर इंस्टीट्यूटस कैपेबिलिटी मैच्योरिटी मॉडल
एसईजैड	विशेष आर्थिक क्षेत्र
एसईआईएस	भारत से सेवा निर्यात स्कीम
एसआईए	औद्योगिक सहायता सचिवालय
एसआईआईसी	राज्य औद्योगिक अवसंरचना
एसआईओएन	मानक निविष्टि उत्पादन मानदंड
एसकेडी	अर्द्ध खराब
एसएलईपीसी	राज्य स्तरीय निर्यात संवर्धन समिति
एसटीसी	राज्य ट्रेडिंग निगम
एसटीसीएल	मसाला ट्रेडिंग निगम लिमिटेड
एसटीई	राज्य व्यापार उद्यम
एसटीएच	स्टार ट्रेडिंग हाउस
एसटीपीआई	सॉफ्टवेयर टेक्नोलोजी पाक्र ऑफ इंडिया
एसटीआर	राज्य व्यापार प्रणाली
एसयूवी	स्पोटर्स यूटीलिटी व्हीकलस
टीईडी	अंतिम उत्पाद शुल्क
टीईई	निर्यात उत्कृष्टता के शहर
टीएच	ट्रेडिंग हाउस
टीपीओ	व्यापार संवर्धन संगठन
टीआरए	टेलीग्राफिक रिलीज एडवाइस
टीआक्यू	प्रशुल्क दर कोटा
टीयूएफएस	प्रौद्योगिकी उन्नयन फंड स्कीम
यूएसी	यूनिट अनुमोदन समिति
यूएन	संयुक्त राष्ट्र
वीए	मूल्यवर्धन
डब्ल्यूसीओ	विश्व सीमाशुल्क संगठन
डब्ल्यूएचओजीएमपी	विश्व स्वास्थ्य संगठन माल विनिर्माता व्यवहार

MINISTRY OF COMMERCE AND INDUSTRY

(Department of Commerce)

(DIRECTORATE GENERAL OF FOREIGN TRADE)

NOTIFICATION

New Delhi, the 31st March, 2023

No. 1/2023

S.O. 1565(E).—In exercise of powers conferred by Section 5 of the Foreign Trade (Development & Regulation) Act, 1992 (No.22 of 1992), as amended from time to time, the Central Government hereby notifies the Foreign Trade Policy, 2023. This Foreign Trade Policy shall come into force with effect from 1st April, 2023.

Effect of this Notification: Foreign Trade Policy, 2023, is hereby notified.

[F. No. 01/75/171/00016/AM-23/FTP Cell]

SANTOSH KUMAR SARANGI, Director General of Foreign Trade

Ex-officio Addl. Secy.

CHAPTER-1

Legal Framework and Trade Facilitation

A. LEGAL FRAMEWORK

1.00 Legal Basis of Foreign Trade Policy

The Foreign Trade Policy (FTP) 2023 is notified by Central Government, in exercise of powers conferred under Section 5 of the Foreign Trade (Development & Regulation) Act, 1992 (No. 22 of 1992) [FT (D&R) Act], as amended.

1.01 Duration of FTP

The Foreign Trade Policy (FTP) 2023 incorporating provisions relating to export and import of goods and services, shall come into force with effect from 1st April, 2023 and shall continue to be in operation unless otherwise specified or amended. All exports and imports made up to 31.03.2023 shall, accordingly, be governed by the relevant FTP, unless otherwise specified.

1.02 Amendment to FTP

Central Government, in exercise of powers conferred by Section 3 and Section 5 of FT (D&R) Act, 1992, as amended from time to time, reserves the right to make any amendment to the FTP, by means of notification, in public interest.

1.03 Hand Book of Procedures (HBP) and Appendices & Aayat Niryat Forms (ANF)

Director General of Foreign Trade (DGFT) may, by means of a Public Notice, notify Hand Book of Procedures, including Appendices and Aayat Niryat Forms or amendment thereto, if any, laying down the procedure to be followed by an exporter or importer or by any Licensing/Regional Authority or by any other authority for purposes of implementing provisions of FT (D&R) Act, the Rules and the Orders made there under and provisions of FTP.

1.04 Specific provision to prevail over the general

Where a specific provision is spelt out in the FTP/Hand Book of Procedures (HBP), the same shall prevail over the general provision.

1.05 Transitional Arrangements

(a) Any License/ Authorisation/ Certificate/ Scrip/ instrument bestowing financial or fiscal benefit issued before commencement of FTP 2023 shall continue to be valid for the purpose and duration for which it was issued, unless otherwise stipulated.

(b) Item wise Import/Export Policy is delineated in the ITC (HS) Schedule I and Schedule II respectively. The importability/ exportability of a particular item is governed by the policy as on the date of import/ export. The date of import/ export is defined in para 2.17 of HBP 2023. Bill of Lading and Shipping Bill are the key documents for deciding the date of import and export respectively. In case of change of policy from `free` to `restricted/prohibited/state trading` or `otherwise regulated`, the import/export already made before the date of such regulation/restriction will not be affected. However, the import through High Sea sales will not be covered under this facility. Further, the import/export on or after the date of such regulation/restriction will be allowed for importer/ exporter who has a commitment through Irrevocable Commercial Letter of Credit (ICLC) before the

date of imposition of such restriction/ regulation and shall be limited to the balance quantity, value and period available in the ICLC. For operational listing of such ICLC, the applicant shall have to register the ICLC with jurisdictional RA against computerized receipt within 15 days of imposition of any such restriction/ regulation. Whenever, Government brings out a policy change of a particular item, the change will be applicable prospectively (from the date of Notification) unless otherwise provided for.

B. TRADE FACILITATION AND EASE OF DOING BUSINESS

1.06 National Committee on Trade Facilitation (NCTF)

India has ratified the World Trade Organization's Trade Facilitation Agreement (TFA) in April 2016. To facilitate coordination and implementation of the TFA provisions, an inter-ministerial body i.e. National Committee on Trade Facilitation (NCTF) has been constituted.

TFA emanates from the following four pillars:

i. Transparency: focus on improved access to accurate and complete information.

ii. Technology: development and use of digital and detection technologies to ease out trade bottlenecks and improve efficiency.

iii. Simplification of Procedures and Risk based Assessments: simplified, uniform and harmonised procedures with increased adoption of a risk based management approach.

iv. Infrastructure Augmentation: enhancement of infrastructure, particularly the road and rail infrastructure leading to ports and the infrastructure within ports, airports, ICDs, Land Customs Stations is a major enabler for growth in trade that cuts across all stakeholders.

National Trade Facilitation Action Plan aims to achieve: -

- Improvement in Ease of Doing Business through reduction in transaction cost and time
- Reduction in cargo release time
- A paperless regulatory environment
- A transparent and predictable legal regime
- Improved investment climate through better infrastructure

1.07 DGFT as a facilitator of exports/ imports

DGFT has a commitment to function as a facilitator of exports and imports. Focus is on good governance, which depends on efficient, transparent and accountable delivery systems. In order to facilitate international trade, DGFT consults various Export Promotion Councils as well as Trade and Industry bodies from time to time.

1.08 Free passage of Export Consignment

Consignments of items meant for exports shall not be withheld/ delayed for any reason by any agency of Central/ State Government. In case of any doubt, authorities concerned may ask for an undertaking from exporter and release such consignment.

1.09 No seizure of export related Stock

No seizure shall be made by any agency so as to disrupt manufacturing activity and delivery schedule of exports. In exceptional cases, concerned agency may seize the stock on the basis of prima facie evidence of serious irregularity. However, such seizure should be lifted within 7 days unless the irregularities are substantiated.

1.10 Export of perishable agricultural Products

To reduce transaction and handling costs, a single window system to facilitate export of perishable agricultural produce is being facilitated through Agricultural and Processed Food Products Export Development Authority (APEDA). The detailed procedure is at Appendix 1C.

1.11 Niryat Bandhu - Hand Holding Scheme for new export/ import entrepreneurs

DGFT is implementing the Niryat Bandhu Scheme for mentoring new and potential exporter on the intricacies of foreign trade through counseling, training and outreach programmes including the 'Districts as Export Hubs' initiative with 'industry partners', 'knowledge partners' and other stakeholders to create vibrant District-Product-Market relevant knowledge ecosystem.

